रांची, गुरुवार । 19 मार्च 2026 । वर्ष-27, अंक-46, पृष्ठ-12 । चैत्र कृष्ण पक्ष 30/शुक्ल पक्ष 01, संवत 2083 । रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155 । www.rastriyanaveenmail.com ₹2.00



ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं

## चैत्र नवरात्र
### प्रथम शैलपुत्री



**शैलपुत्री :** या देवी सर्वभूतेषु मां शैलपुत्री रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नमः॥

नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरुप मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। मां शैलपुत्री पर्वतराज हिमालय की पुत्री हैं। इनका वाहन वृषभ है। मां शैलपुत्री के दाएं हाथ में त्रिशूल और बाएं में कमल है। इनकी पूजा से जीवन में स्थिरता और सौभाग्य आता है।

**ध्यान मंत्र**

वंदे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम्। वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्॥

**अर्थ**

मैं मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए मां शैलपुत्री का ध्यान करता/करती हूं, जिनके मस्तक पर अर्धचंद्र सुशोभित है, जो वृषभ पर विराजमान हैं और त्रिशूल धारण करती हैं।

### विधानसभा में सीएम ने भविष्य की योजनाओं की दी जानकारी, कहा
# वित्तीय प्रबंधन के मामले में राज्य अब देश में तीसरे स्थान पर पहुंचा

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का 17वें दिन बुधवार को समापन हो गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन को लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच बताते हुए राज्य की प्रगति, योजनाओं और भविष्य की दिशा पर विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले छह वर्षों में राज्य का बजट 86 हजार करोड़ रुपए से बढ़कर 1 लाख 58 हजार 560 करोड़ रुपए हो गया है, जो करीब 85 प्रतिशत की वृद्धि है। उन्होंने बताया कि वित्तीय प्रबंधन के मामले में झारखंड अब देश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा के तहत सर्वजन पेंशन योजना का दायरा बढ़ाकर 36 लाख से अधिक लोगों तक पहुंचाया गया है। मंईयां सम्मान योजना से 50 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ मिल रहा है। महिलाओं और बच्चियों के लिए इस वर्ष 34 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड देश का एकमात्र राज्य है, जिसने सामाजिक सुरक्षा पेंशन को व्यापक रूप से लागू किया है। वर्ष 2019 में जहां भारत सरकार की सहायता से लगभग 11-12 लाख लोगों को पेंशन मिल रही थी, वहीं आज राज्य में सर्वजन पेंशन योजना से जुड़कर 36 लाख से अधिक लोग लाभ ले रहे हैं। हमने एकल महिलाओं और परित्यक्ता महिलाओं की पीड़ा को समझते हुए उन्हें भी इस दायरे में शामिल किया। यह केवल योजना नहीं, बल्कि संवेदनशील शासन का उदाहरण है।

हेमंत सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 14,065 करोड़ का प्रावधान महिलाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी झारखंड ने एक मिसाल कायम किया है।

शेष पेज 11 पर





**बोले सीएम**

- महिला और वंचित युवाओं के लिए सरकार शुरू करेगी मंईयां बलवान और उद्यमी योजना
- सामाजिक सुरक्षा के तहत सर्वजन पेंशन योजना का दायरा 36 लाख से अधिक लोगों तक पहुंचा

### सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के खुलेंगे 100 नए स्कूल

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस शुरू किए जा चुके हैं और 100 नए स्कूल खोले जाएंगे। चतरा में डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की स्थापना होगी। इसके अलावा, नए डिग्री कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की योजना है। विदेश में पढ़ाई के लिए छात्रों को स्कॉलरशिप भी दी जाएगी।

### झारखंड में 'वीबी-जी राम-जी' नहीं, 'मनरेगा' ही रहेगा नाम



- विधानसभा में मनरेगा को यथावत रखने का संकल्प पारित, 150 दिन रोजगार की मांग

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को 'मनरेगा' को उसके पुराने नाम से ही जारी रखने का संकल्प पारित किया गया। यह संकल्प राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सदन में पेश किया। संकल्प में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित 'वीबी-जी राम-जी' अधिनियम की जगह मनरेगा को ही जारी रखने की बात कही गई।

शेष पेज 11 पर

## राज्य में 80 प्रतिशत धान की खरीद पूरी हो चुकी है : मंत्री

- विधानसभा में उठा धान खरीद, पीडीएस और मुआवजा भुगतान का मुद्दा

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को सदन में धान खरीद, पीडीएस व्यवस्था और मुआवजा भुगतान जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। विभिन्न विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं उठाईं, जिस पर संबंधित मंत्रियों ने सरकार का पक्ष रखते हुए जवाब दिया। गढ़वा जिले में धान खरीद को लेकर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि अब तक 50 प्रतिशत भी खरीद पूरी नहीं हो पाई है और किसानों से धान खरीद के दौरान बायोमेट्रिक सत्यापन भी नहीं किया जा रहा है। इस पर जवाब देते हुए मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने दावा किया कि गढ़वा में लक्ष्य से अधिक धान की खरीद हो चुकी है। उन्होंने बताया कि दो लाख क्विंटल के लक्ष्य के मुकाबले 2.5 लाख क्विंटल धान की खरीद की गई है और किसानों को शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। मंत्री इरफान अंसारी ने यह भी जानकारी दी कि पूरे राज्य में 60 लाख क्विंटल के लक्ष्य के मुकाबले

शेष पेज 11 पर

## आउटसोर्सिंग कर्मियों के लिए बनाई गई है स्पष्ट नियमावली

- विधानसभा में उठा राशन डीलरों के कमीशन और आउटसोर्सिंग घोटाले का मुद्दा

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के 17वें दिन बुधवार को सदन में राशन डीलरों के कमीशन और आउटसोर्सिंग नियुक्तियों में अनियमितताओं का मुद्दा जोर-शोर से उठा। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। बरकट्ठा के विधायक अमित कुमार यादव ने परिवहन/वितरण प्रणाली (ट्रांसपोर्टेशन/डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम) के तहत मिलने वाले कमीशन को बढ़ाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में डीलरों को मिलने वाला कमीशन पर्याप्त नहीं है, जिससे उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस पर जवाब देते हुए राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बताया कि सरकार की ओर से डीलरों को प्रति यूनिट लगभग डेढ़ रुपए का कमीशन दिया जा रहा है। उन्होंने इस मुद्दे को तोड़-मरोड़ कर पेश करने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार डीलरों के हितों को लेकर गंभीर है और व्यवस्था को बेहतर

शेष पेज 11 पर

## सीएम ने विस अध्यक्ष को भेंट की 'झारखंड राइजिंग' पुस्तक



- संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को भी भेंट की गई यह किताब

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो से उनके कार्यालय कक्ष में सत्र के भोजनावकाश के दौरान शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष को राज्य सरकार की ओर से प्रकाशित 'झारखंड राइजिंग : ए ग्लोबल स्टोरी' पुस्तक और एक कॉफी टेबल बुक भेंट की। इस पुस्तक में जनवरी माह में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के दावोस और लंदन (इंग्लैंड) दौरे का विस्तृत विवरण शामिल है। वहीं, कॉफी टेबल बुक में राज्य सरकार के विकासात्मक कार्यों की समग्र जानकारी प्रस्तुत की गई है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को भी 'झारखंड राइजिंग : ए ग्लोबल स्टोरी' पुस्तक और कॉफी टेबल बुक भेंट की।

## रोशनी खलखो आज लेंगी रांची महापौर पद की शपथ
### बुंडू नपं के अध्यक्ष पद पर जितेंद्र उरांव लेंगे शपथ

**नवीन मेल संवाददाता**



- नगर निगम के वार्ड पार्षद व बुंडू नगर पंचायत के वार्ड सदस्य भी लेंगे शपथ
- शपथ ग्रहण कार्यक्रम को लेकर समाहरणालय भवन परिसर में रहेगा निषेधाज्ञा

**रांची।** रांची नगर निगम के महापौर एवं वार्ड पार्षद तथा बुंडू नगर पंचायत के अध्यक्ष व वार्ड सदस्य का शपथ ग्रहण गुरुवार (19 मार्च) को समाहरणालय भवन, ब्लॉक-ए, कमरा संख्या-207 एवं 608 में दिन में 10:30 बजे से होगा। रांची नगर निगम के महापौर पद पर रोशनी खलखो शपथ लेंगी। बुंडू नगर पंचायत के अध्यक्ष पद पर जितेंद्र उरांव शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण पूर्ण होने के बाद रांची नगर निगम के उपमहापौर एवं बुंडू नगर पंचायत के उपाध्यक्ष का चुनाव होगा।

इस अवसर पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची ने बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रांची सदर अनुमंडल अंतर्गत रांची समाहरणालय भवन परिसर में निषेधाज्ञा जारी की है। यह निषेधाज्ञा दिनांक गुरुवार को प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक प्रभावी रहेगा।जारी निषेधाज्ञा के अनुसार, इस क्षेत्र में सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों तथा सरकारी कार्यक्रम एवं शवयात्रा को छोड़कर पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना या चलना निषेध है।

शेष पेज 11 पर



**रमजान मुबारक**

| इफ्तार | सेहरी |
| --- | --- |
| 6 : 00 | 4 : 28 |
| 19 मार्च | 20 मार्च |

**रांची का तापमान**

| | कांके | रांची |
| --- | --- | --- |
| अधिक. | 34.0° | 34.2° |
| न्यून. | 19.0° | 18.5° |

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## खूंटी में इनामी पीएलएफआई एरिया कमांडर हाबिल ने किया आत्मसमर्पण

**नवीन मेल संवाददाता**

### विभिन्न थानों में प्रफुल्ल पर 22 मामले दर्ज हैं




**खूंटी।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के एरिया कमांडर एक लाख के इनामी हाबिल मुंडू उर्फ प्रफुल्ल मुंडा (30 वर्ष) ने बुधवार को खूंटी एसपी कार्यालय में जिले की उपायुक्त आर रॉनिटा और पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। मौके पर उपायुक्त ने गुलदस्ता देकर उसका स्वागत किया। इस दौरान उपायुक्त ने उसे एक लाख रुपए के चेक का प्रतीकात्मक स्वरूप भेंट किया। प्रफुल्ल मुंडा के खिलाफ विभिन्न थानों में 22 मामले दर्ज हैं। सरकार की ओर से प्रफुल्ल के खिलाफ एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। मौके पर उसकी पत्नी रंदाय कंडीर अपने पांच माह के पुत्र निलेश मुंडू के साथ मौजूद थी। मौके पर उपायुक्त आर रॉनिटा ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों के पुनर्वास की जिम्मेदारी जिला प्रशासन उठाएगा। उन्होंने शेष उग्रवादियों से भी अपील की कि वे सरकार की 'नई दिशा' नीति से जुड़कर आत्मसमर्पण करें

शेष पेज 11 पर

## हाईकोर्ट ने पर्यटन सचिव और रामगढ़ डीसी को किया तलब

- मां छिन्नमस्तिका मंदिर के सौंदर्यीकरण मामले में दायर अवमानना याचिका पर अगली सुनवाई 25 मार्च को

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में रामगढ़ के प्रसिद्ध मां छिन्नमस्तिके मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण से जुड़े मामले में दायर अवमानना याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। अदालत ने आदेश के अनुपालन को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों से जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष रामगढ़ के उपायुक्त (डीसी) पेश हुए।

शेष पेज 11 पर

## सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव लारिजानी की मौत की पुष्टि

- आईआरजीसी ने कहा, 'बसीज' के प्रमुख घोलमरेजा सोलेमानी की भी हुई है मृत्यु

**तेहरान (आईएएनएस)**

ईरान की 'सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल' ने पुष्टि की है कि उसके सचिव अली लारीजानी एक हमले में मारे गए हैं। ईरान की 'तस्नीम' न्यूज एजेंसी ने बुधवार सुबह इस रिपोर्ट की जानकारी दी। 'तस्नीम' की रिपोर्ट के अनुसार, एक बयान में काउंसिल ने कहा कि लारीजानी की मौत मंगलवार सुबह हुई। उनके साथ उनके बेटे मोतेर्जा लारीजानी, काउंसिल के सचिवालय में सुरक्षा मामलों के उप-प्रमुख अलीरेजा बायात और कई अन्य लोग भी मारे गए। 'सिन्हुआ' न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, काउंसिल ने ईरान के विकास में लारीजानी की लंबी सेवा की सराहना की और बाहरी खतरों का सामना करने के लिए राष्ट्रीय एकता की अपील की। मंगलवार को, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि इजरायल ने ईरान पर चल रहे हमलों में लारीजानी को मार गिराया है।

शेष पेज 11 पर

### ईरान के खुफिया मंत्री खतिब की भी मौत

**तेल अवीव।** इजरायल के रक्षा मंत्री काट्ज ने दावा किया है कि ईरान के एक और शीर्ष नेता की एयर स्ट्राइक में मौत हो गई है। उनके अनुसार, मंगलवार रात हुए हमले में खुफिया मंत्री इस्माइल खतिब मारे गए। इजरायली रक्षा मंत्रालय के कार्यालय ने काट्ज का बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। हालांकि, ईरान ने अब तक इसकी पुष्टि नहीं की है। काट्ज ने यह भी कहा है कि बुधवार को 'बड़े सरप्राइज' मिलने की उम्मीद है।

**भावुक क्षण**

### पीएम ने राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे 59 सदस्यों को किया संबोधित, कहा
# लोकतंत्र में सेकेंड ओपिनियन की भूमिका अहम

**बोले पीएम**

- विविधता हमारी बड़ी ताकत, सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में सेवानिवृत्त हो रहे सांसदों के विदाई सत्र को संबोधित करते हुए बुधवार को कहा कि राजनीति में कोई पूर्ण विराम नहीं होता है। पीएम मोदी ने निवर्तमान सांसदों के योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा अवसर है, जो हर दो वर्ष में इस सदन को भावुक क्षणों से भर देता है। ज्ञात हो कि इस वर्ष अप्रैल से जुलाई के बीच राज्यसभा के 59 सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इनमें 20 राज्यों के अलग-अलग दलों के सांसद शामिल हैं। इनमें 9 महिला सदस्य भी शामिल हैं। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा, नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, उपसभापति हरिवंश भी सेवानिवृत्त हो रहे सांसदों में शामिल हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने सभापति सीपी राधाकृष्णन से कहा, इस विशेष अवसर पर आपने मुझे अपनी भावनाएं व्यक्त करने का जो अवसर दिया है, उसके लिए मैं आपका हृदय से आभारी हूं। प्रधानमंत्री ने सदन में कहा, इस सदन में अनेक विषयों पर चर्चाएं होती हैं। हर सदस्य का योगदान महत्वपूर्ण होता है। खट्टे-मीठे अनुभव भी होते हैं, लेकिन जब विदाई का क्षण आता है, तो स्वाभाविक रूप से हम सब दलगत भावनाओं से ऊपर उठ जाते हैं और एक साझा भावना उभरती है कि हमारे साथी अब नई जिम्मेदारियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं। यहां से जो साथी विदा ले रहे हैं, उनमें कुछ पुन लौटने की संभावना के साथ जा रहे हैं, तो कुछ अपने अनुभवों को समाज जीवन में नए रूप में योगदान देने के लिए आगे बढ़ेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि जो सदस्य इस बार नहीं जा रहे हैं, वे नए आने वाले सदस्यों को अपने अनुभवों से समृद्ध करेंगे, और नए सदस्य भी अपनी ऊर्जा

शेष पेज 11 पर

### उपसभापति हरिवंश ने कहा, इस भूमिका ने सिखाया संयम व धैर्य



राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने सेवानिवृत्त हो रहे सांसदों को भावुक विदाई दी। उन्होंने सदन में मल्लिकार्जुन खरगे के संबोधन के बाद अपनी बात रखते हुए 59 रिटायर हो रहे सांसदों को शुभकामनाएं दीं। खास बात यह रही कि हरिवंश नारायण सिंह खुद भी इन 59 सांसदों में शामिल हैं और अब सदन में वापस नहीं लौटेंगे। अपने संबोधन में उन्होंने संसदीय अनुभवों को साझा करते हुए कई नेताओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से उन्होंने शालीनता के साथ अपनी बात रखना सीखा और सदन के नियमों का पालन करना हमेशा याद रहेगा।मल्लिकार्जुन खरगे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सदन में उनके साथ बैठने का सौभाग्य मिला। उनके व्यापक अनुभव से बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला और

शेष पेज 11 पर

## ड्यूटी के दौरान जवान ने खुद को मारी गोली

**चतरा/सिमरिया।** जिले में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के एक जवान द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। बताया जाता है कि मंगलवार रात करीब 10 बजे सिमरिया थाना क्षेत्र स्थित शिला पिकेट में तैनात जवान प्रहलाद सिंह ने अपनी ही सर्विस रायफल से खुद को गोली मार ली, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक जवान देवघर जिले का निवासी बताया जा रहा है तथा वह एसएसबी की 35वीं बटालियन में कार्यरत था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना के समय वह ड्यूटी पर तैनात था। इसी दौरान उसने अचानक आत्मघाती कदम उठा लिया। हालांकि आत्महत्या के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो सका है।

शेष पेज 11 पर



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड विधानसभा में संत मरियम स्कूल मेदनीनगर के विद्यार्थियों ने मुलाकात की।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दिल्ली में आला नेताओं से की मुलाकात





**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने बुधवार को नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने राज्य के समसामयिक विषयों पर चर्चा की, मार्गदर्शन प्राप्त किया। वहीं, राष्ट्रीय अध्यक्ष को राज्यसभा चुनाव में जीत दर्ज करने की बधाई दी।

## साध्वी निरंजना ज्योति को झारखंड भाजपा ने दी बधाई



**रांची।** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजना ज्योति को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर झारखंड भाजपा ने खुशी जताई है। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आयोग अब पिछड़े और वंचित समाज की आकांक्षाओं को बेहतर ढंग से पूरा करेगा। साध्वी निरंजना के नेतृत्व में इस वर्ग को और भी सशक्त संवैधानिक संरक्षण प्राप्त होगा। बधाई देने वालों में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, महामंत्री सह सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह व अन्य शामिल हैं।

## कोडरमा में सरकारी जमीन के अतिक्रमण पर हाईकोर्ट ने ब्योरा मांगा

**रांची।** कोडरमा में लगभग 87 एकड़ सरकारी जमीन पर कथित अवैध कब्जे को लेकर दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस एमएस सोनक और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने राज्य सरकार के जवाब पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विस्तृत और स्पष्ट जानकारी के साथ नया शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी। अदालत ने सरकार से पूछा है कि कुल कितनी जमीन खाली कराई जा चुकी है, कितनी जमीन विवादित है और कितनी जमीन अब भी खाली करानी बाकी है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि नए शपथ पत्र के साथ संबंधित जमीन का नक्शा, विवादित स्थल की तस्वीरें तथा खाली कराई गई जमीन की तस्वीरें भी संलग्न की जाएं।

### झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में विस अध्यक्ष ने कहा

# सदन चलाने में लोकतंत्र का उत्कृष्ट उदाहरण रहा पक्ष-विपक्ष का सहयोग

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र 2026 के दौरान बुधवार को सदन की कार्यवाही की दूसरी पाली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जवाब के साथ ही स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। इस अवसर पर सदन में स्पीकर ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का तृतीय अनुपूरक बजट और वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट, जिसकी कुल राशि एक लाख 58 हजार 560 करोड़ रुपए है। यह बजट राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्पीकर ने अपने समापन संबोधन में कहा कि 18 फरवरी 2026 से लेकर 18 मार्च 2026 तक संचालित इस बजट सत्र में 17 कार्य दिवस रहा और यह सत्र 19 मार्च तक प्रस्तावित था। लेकिन 14 मार्च को अवकाश के दिन सदन का कार्य किया गया, इसलिए एक दिन पूर्व आज ही सत्र समाप्त हो गया। इस दौरान स्पीकर ने कहा कि इस बजट सत्र में कुल 242 अल्पसूचित प्रश्न स्वीकृत किए गए, जिनमें से 62 प्रश्नों के उत्तर सदन में दिए गए। इसी प्रकार कुल 758 तारांकित प्रश्न पूछे गए, जिनमें से 57 प्रश्नों का उत्तर सदन में दिया गया। ध्यानाकर्षण सूचनाओं की बात करें तो कुल 72 ध्यानाकर्षण सूचनाएं ली गई, जिनमें से 55 का उत्तर सदन में दिया गया। इस सत्र के दौरान कुल 96 निवेदन प्राप्त हुए। शून्यकाल की सूचनाएं कुल 400 स्वीकृत हुई।



### जगराहा डैम पर सरकार लाएगी नई योजना, बिजली विभाग में जल्द होगी भर्ती



**रांची।** रांची में चल रहे झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 17वें दिन बुधवार को चंदवा स्थित जगराहा डैम का मुद्दा सदन में प्रमुखता से उठा। इस दौरान जल संसाधन विभाग की नई योजना की महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई। जमशेदपुर पूर्व से विधायक सरयू राय ने डैम की वर्तमान स्थिति को लेकर सरकार से कई सवाल पूछे। उन्होंने बताया कि टोरी रेलवे स्टेशन (चंदवा) के पास एक प्राकृतिक भूगर्भ जल स्रोत है, जहां से निरंतर स्वच्छ पानी निकलता है और करीब तीन किलोमीटर दूर स्थित जगराहा डैम में जाकर जमा होता है। उन्होंने कहा कि यह डैम चंदवा क्षेत्र में जलापूर्ति और मत्स्य पालन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में डैम में प्लास्टिक, गाद, जलकुंभी और कचरे का जमाव बढ़ गया है, जिससे इसकी गहराई घट रही है और जलमार्ग संकरा होता जा रहा है। सरयू राय ने यह भी बताया कि डैम की सिंचाई क्षमता लगभग दो हेक्टेयर है और यह आसपास के क्षेत्र के भूजल स्तर को संतुलित रखने में भी मदद करता है। उन्होंने डैम में पानी लाने वाले नाले की सफाई और मरम्मत कराने की मांग की। इस पर जवाब देते हुए जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने कहा कि यह डैम निजी जमीन (राजा की संपत्ति) में आता है, इसलिए विभाग सीधे हस्तक्षेप नहीं कर सकता। उन्होंने बताया कि वर्तमान नीति के तहत पांच एकड़ से बड़े तालाबों का ही जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण किया जाता है। हालांकि, मंत्री ने एक अहम घोषणा करते हुए कहा कि सरकार जल्द नई योजना लाने जा रही है, जिसके तहत अब 2.5 एकड़ तक के छोटे तालाबों का भी जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इससे छोटे जलस्रोतों के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। सदन में बिजली विभाग में रिक्त पदों को लेकर भी चर्चा हुई। डुमरी से विधायक जयराम महतो ने कहा कि पर्याप्त कर्मचारियों की कमी के कारण बिजली व्यवस्था प्रभावित हो रही है और लंबे समय से पद खाली पड़े हैं। इस पर ऊर्जा मंत्री योगेंद्र महतो ने जानकारी दी कि नियुक्ति के लिए नियमावली तैयार कर ली गई है और जल्द ही रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इससे विभाग की कार्यक्षमता बढ़ेगी और बिजली आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी।

### निर्धारित समय से लगभग 112 प्रतिशत तक चला सदन

स्पीकर ने कहा कि इस सत्र में दो महत्वपूर्ण वित्तीय विधेयक पारित किए गए। सत्र के दौरान सदन की कार्यक्षमता भी उल्लेखनीय रही। जहां इस सत्र के लिए कुल 66 घंटे का समय निर्धारित किया गया था, वहीं सदन ने कुल पौने 74 घंटे काम किया, जो निर्धारित कार्य का लगभग 112 प्रतिशत है। सदन में सभी सदस्य सत्तापक्ष हों या विपक्ष, सदन की कार्यवाही को गरिमा, संयम और सहयोग की भावना से संचालित करने में योगदान दिया, वह लोकतांत्रिक परम्पराओं का उत्कृष्ट उदाहरण है।

स्पीकर ने कहा कि झारखंड राज्य एक युवा और अपार संभावनाओं से भरा राज्य है। इस सत्र के दौरान जो चर्चाएं, निर्णय और विधेयक पारित हुए हैं, वे निश्चित रूप से राज्य के विकास को नई दिशा देंगे। हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम इस सदन की गरिमा को बनाए रखते हुए जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दें। लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाएं। सत्र के सफल संचालन में उन्होंने मुख्यमंत्री, हेमंत सोरेन, मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य, नेता प्रतिपक्ष, विभिन्न दलों के नेता और अन्य सदस्यों, विधानसभा सचिवालय के सभी पदाधिकारी-कर्मियों, राज्य सरकार के अधिकारियों, सुरक्षा बल और मीडिया के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह सदन केवल भवन नहीं, एक संकल्प है, झारखंड के उज्ज्वल भविष्य का विकल्प है। उन्होंने राज्यवासियों को ईद-उल-फितर, सरहुल, रामनवमी, महावीर जयंती, गुड फ्राईडे की बधाई दी।

### बिहार विधान परिषद की समिति ने सीएम से की शिष्टाचार मुलाकात

# महिला व बाल संरक्षण पर विचार-विमर्श

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** हेमंत सोरेन से बुधवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में बिहार विधान परिषद की बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण समिति के सदस्यों ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान समिति के प्रतिनिधियों ने अपने कार्यों और पहलों की विस्तृत जानकारी मुख्यमंत्री को दी।

समिति के सदस्यों ने बताया कि झारखंड विधानसभा के परिभ्रमण के दौरान उन्होंने यहाँ की महिला एवं बाल विकास समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया और आपसी अनुभव भी साझा किए।

इस अवसर पर झारखंड विधानसभा की महिला बाल विकास समिति की सभापति विधायक कल्पना सोरेन भी उपस्थित रहीं। मुलाकात के दौरान बिहार विधान परिषद की बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण समिति की अध्यक्ष डॉ कुमुद वर्मा सहित सदस्य रीना यादव, मुन्नी देवी और निवेदिता सिंह मौजूद रहीं।

## मनरेगा को 150 दिन करने के संकल्प का कांग्रेस ने किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने विधानसभा द्वारा केंद्र सरकार के नए अधिनियम वीबी-जी राम-जी के स्थान पर मनरेगा को ही जारी रखने और कार्य दिवसों को 100 से बढ़ाकर 150 करने के संकल्प का पुरजोर स्वागत किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि विधानसभा द्वारा पारित यह संकल्प राज्य के गरीबों, आदिवासियों और पिछड़ों के हक में लिया गया एक क्रांतिकारी निर्णय है। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जिसे तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने ग्रामीणों को काम के अधिकार की कानूनी गारंटी देने के लिए लागू किया था।

लाल किशोर नाथ शाहदेव ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार द्वारा लाया गया नया कानून वीबी जी राम जी योजना मनरेगा के मूल ढांचे को नष्ट करने का प्रयास है। समीक्षा में यह पाया गया है कि यह नया अधिनियम न केवल रोजगार की गारंटी को खत्म करेगा, बल्कि ग्राम सभाओं की शक्तियों को सीमित कर राज्य के वित्तीय हितों पर भी गहरी चोट करेगा।

उन्होंने ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के प्रस्ताव की सराहना करते हुए कहा कि झारखंड जैसे राज्य के लिए 100 दिन पर्याप्त नहीं हैं। 150 दिन के रोजगार की मांग यहां के पलायन को रोकने में मील का पत्थर साबित होगी।

प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लगातार ऐसी नीतियां थोप रही है जिससे राज्यों के अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने कहा कि 5 जनवरी 2026 को हुई स्टेकहोल्डर्स की बैठक में यह स्पष्ट हो गया था कि राज्य का हर वर्ग मनरेगा के पक्ष में है।

## एसीपी का लाभ नहीं दिया, तो हाजिर होंगे डीजीपी : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड पुलिस के एसीपी लाभ से जुड़े अवमानना मामले में झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने राज्य सरकार और पुलिस महानिदेशक को कड़ा निर्देश देते हुए चार सप्ताह के भीतर पूर्व आदेश का अनुपालन करने को कहा। कोर्ट ने स्पष्ट हिदायत दी कि यदि निर्धारित अवधि में आदेश का पालन नहीं किया जाता है, तो डीजीपी को स्वयं अदालत में उपस्थित होकर यह बताना होगा कि आदेश का अनुपालन क्यों नहीं किया गया। झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन की ओर से एसीपी लाभ दिए जाने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इस पर पूर्व में एकल पीठ ने राज्य सरकार को पुलिसकर्मियों को एसीपी का लाभ देने का निर्देश दिया था। आदेश के बावजूद इसका अनुपालन नहीं किए जाने पर एसोसिएशन की ओर से अवमानना याचिका दायर की गई है।

### कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान तेज

# चाईबासा में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 22 मार्च से

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के "संगठन सृजन" अभियान के तहत देशभर में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों के चयन के बाद अब संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में झारखंड और ओडिशा के जिला अध्यक्षों के लिए 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर 22 से 31 मार्च तक पश्चिम सिंहभूम जिले के चाईबासा स्थित ट्राइबल रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर (TRTC) में आयोजित होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना और जिला स्तर पर नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जनसंपर्क, संगठन विस्तार, राजनीतिक रणनीति और जनहित के मुद्दों पर प्रभावी कार्यशैली जैसे विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया जाएगा, जिससे कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की खास बात यह होगी कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी एक दिन शिविर में शामिल होकर जिला अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी संबंधित जिला अध्यक्षों से निर्धारित समय पर प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की है। पार्टी के अनुसार, यह पहल संगठन को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## लोकायुक्त समेत अन्य पदों पर नियुक्ति नहीं होने पर हाईकोर्ट नाराज

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने लोकायुक्त समेत राज्य के अन्य रिक्त संवैधानिक पदों पर नियुक्ति नहीं किए जाने पर बुधवार को सरकार के खिलाफ कड़ी नाराजगी जतायी। चीफ जस्टिस एमएस सोनक और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने बुधवार को सुनवाई के दौरान कहा कि कोर्ट इस मामले में कड़ा आदेश पास करना नहीं चाहता, लेकिन सरकार लंबे समय से इस मामले को टाल रही है, जिससे अदालत को सख्त आदेश पास करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सरकार जल्द इन संवैधानिक संस्थाओं में सभी पदों की रिक्तियों को भरकर संस्थाओं को सक्रिय करे अन्यथा कोर्ट कड़े आदेश पारित करने के लिए स्वतंत्र होगा। पिछले चार साल से सरकार ने इन पदों को निष्क्रिय बनाकर रखा है और सरकार हर बार कोई परेशानी बता मामले को टाल रही है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 23 मार्च को निर्धारित की। वहीं, राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को जानकारी दी कि लोकायुक्त समेत अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द पूरी करने का प्रयास किया जा रहा है।

# फोरेंसिक उपकरण खरीद में हुई है भारी गड़बड़ी : आदित्य साहू

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने राज्य में फॉरेंसिक डिटेक्टिव उपकरण की उच्च दर में खरीद का आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य सरकार एक दो नहीं, बल्कि हजार हाथों से झारखंड को लूट और लुटवा रही है। उन्होंने कहा कि हर विभाग, पंचायत से लेकर सचिवालय, मंत्री से लेकर मंत्रालय तक चौतरफा लूट मची है। बिना पैसे के कोई काम नहीं हो रहे। उन्होंने कहा कि गरीब आदमी राज्य में पेंशन के लिए तरस रहा, विद्यार्थी किताब, ड्रेस, छात्रवृत्ति के लिए तरस रहे थें, मरीज दवाई के लिए तरस रहे और राज्य सरकार खजाना को लूटने में जुटी लगी है। साहू ने कहा कि फॉरेंसिक डिटेक्टिव उपकरण की खरीद 229% अधिक कीमत पर हुई है। ये भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में गरीबों को शुद्ध पीने का पानी नहीं मिल रहा हो, गरीबों को एंबुलेंस नहीं मिल रहा हो, वहां खजाने का बंदरबांट अक्षम्य अपराध है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस खरीद की उच्च स्तरीय जांच अविलंब होनी चाहिए।

### जेम पोर्टल से खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी : कांग्रेस प्रवक्ता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने उन्हें पूरी तरह तथ्यहीन बताया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में डेढ़ दशक से अधिक समय तक भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार रही, और उसी दौरान भ्रष्टाचार उनकी कार्य संस्कृति का हिस्सा बन गया था, जिस पर वर्तमान महागठबंधन सरकार लगातार अंकुश लगा रही है। सोनाल शांति ने कहा कि किसी भी विभाग में जेम पोर्टल के माध्यम से की जाने वाली खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होती है। इस पोर्टल के जरिए कई केंद्रीय संस्थाएं भी खरीदारी करती हैं और इसमें कंपनियों द्वारा अंकित मूल्य सार्वजनिक रूप से देखा जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि निविदा प्रक्रिया को समझे बिना भाजपा द्वारा अनर्गल आरोप लगाना उनकी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा बन गया है, जिससे वे जनता के बीच अपनी मौजूदगी बनाए रखना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार पर आरोप लगाने से पहले भाजपा नेताओं को केंद्र सरकार के अधीन झारखंड में संचालित संस्थानों में हो रहे भ्रष्टाचार पर भी बोलना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सीसीएल में अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के मामलों में कई अधिकारियों को सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किया गया है। वहीं, एनएच-75 निर्माण कार्य में गुणवत्ता रिपोर्ट के नाम पर एनएचएआई के अधिकारियों पर घूसखोरी के आरोप लगे, जिसमें एक दर्जन से अधिक अधिकारियों को आरोपी बनाया गया।

# गडकरी से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की मुलाकात

### झारखंड की सड़क परियोजनाओं पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**नई दिल्ली/रांची।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर संजय सेठ ने रांची सहित झारखंड राज्य में चल रही विभिन्न सड़क परियोजनाओं की गति और प्रगति के बारे में मंत्री को जानकारी दी। मुलाकात में सड़क अवसंरचना को और सुदृढ़ बनाने, बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने और परिवहन सुविधाओं को और सशक्त बनाने के विभिन्न पहलुओं पर सार्थक चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने राज्य में चल रही परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने और नई योजनाओं के माध्यम से सड़क परिवहन क्षेत्र में सुधार लाने पर विशेष जोर दिया।

# एफएआर बढ़ाने से नहीं घटेंगे प्रॉपर्टी के दाम : संतोष अग्रवाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** शहर में एफएआर (फ्लोर एरिया रेशियो) बढ़ाने और प्रमुख सड़कों के किनारे इमारतों की ऊंचाई बढ़ाने के प्रस्ताव पर रांची के वरिष्ठ नागरिक संतोष अग्रवाल ने सवाल उठाते हुए इसे अव्यावहारिक बताया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के फैसलों से न तो प्रॉपर्टी के दाम कम होंगे और न ही आम लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि इससे जनसंख्या घनत्व और यातायात का दबाव और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि एफएआर बढ़ने से एक ही जमीन पर अधिक निर्माण होगा, जिससे जमीन की कीमत और बढ़ेगी। ऐसे में मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग के लिए घर खरीदना और कठिन हो जाएगा। यदि सरकार वास्तव में रोजगार बढ़ाने और संपत्ति के दाम नियंत्रित करने की दिशा में गंभीर है, तो उसे व्यावहारिक और संतुलित नीतियां बनानी होंगी। संतोष अग्रवाल ने छोटानागपुर टेनेंसी (सीएनटी) एक्ट का जिक्र करते हुए कहा कि इसके कारण शहरी क्षेत्रों में आदिवासी अपनी जमीन का समुचित उपयोग नहीं कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि शहर में कई आदिवासी परिवारों के पास करोड़ों की जमीन है, लेकिन वे आर्थिक रूप से कमजोर हैं और मजदूरी करने को मजबूर हैं।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मजबूरी में कई आदिवासी अपनी जमीन बिचौलियों के हाथों औने-पौने दाम पर बेच देते हैं, जो बाद में उसे छोटे-छोटे प्लॉट में बांटकर ऊंचे दामों पर बेचते हैं। इस प्रक्रिया में हजारों एकड़ जमीन का स्वरूप बदल चुका है, लेकिन इस पर प्रशासनिक नियंत्रण नहीं दिखता। अग्रवाल ने कहा कि झारखंड में उद्योग-धंधों के विकास में भी भूमि संबंधी प्रतिबंध बड़ी बाधा हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि शहरी क्षेत्रों में गैर-कृषि योग्य आदिवासी भूमि की बिक्री या दीर्घकालीन लीज की अनुमति दी जानी चाहिए, ताकि आदिवासी समुदाय को उचित आर्थिक लाभ मिल सके। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि वह आदिवासी समाज के वास्तविक हितों को ध्यान में रखते हुए भूमि नीति में सुधार करे, जिससे वे अपनी जमीन का बेहतर उपयोग कर सकें, बच्चों को शिक्षा दे सकें और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

# मतदाता सत्यापन के लिए बीएलओ को मिला एसआईआर का प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**




- 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नए पात्र नागरिकों की पहचान कर उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फॉर्म फॉर्म-6 भरा जाएगा
- मृत व्यक्तियों और अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाएंगे

**रांची।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर रांची जिले में बूथ लेवल अफसर (बीएलओ) का प्रशिक्षण बुधवार से शुरू हो गया है। यह प्रशिक्षण ऑनलाइन माध्यम से दिया जा रहा है, जिसमें सभी मतदान केंद्रों के बीएलओ की भागीदारी अनिवार्य की गई है। निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को मतदाता सत्यापन की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों की जांच और डेटा अपडेट करने के तरीकों की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के बाद अब बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करेंगे।

इस प्रक्रिया में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि मतदाता सूची में केवल पात्र और वर्तमान निवासी ही शामिल हों। एसआईआर के दौरान बीएलओ की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। उन्हें अपने-अपने मतदान केंद्र क्षेत्र में मतदाता सूची को सही और अपडेट रखने के लिए कई कार्य करने होते हैं। घर-घर सत्यापनबीएलओ को अपने बूथ क्षेत्र के हर घर में जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करना होगा है। इसमें यह देखा जाता है कि सूची में दर्ज व्यक्ति वास्तव में वहां रहते हैं या नहीं। नए मतदाताओं का पंजीकरण 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नए पात्र नागरिकों की पहचान कर उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फॉर्म फॉर्म-6 भरा जाएगा। इनके नाम हटाए जाएंगे सत्यापन अभियान के दौरान मृत व्यक्तियों और अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाएंगे। साथ ही नए पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करने की प्रक्रिया भी तेज की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी बीएलओ को निर्देश दिया है कि वे इस कार्य को गंभीरता से लें और निर्धारित समय-सीमा के भीतर सत्यापन कार्य पूरा करें, ताकि आगामी चुनाव के लिए शुद्ध और सटीक मतदाता सूची तैयार की जा सके।ये काम करने होंगे- जो मतदाता अब जीवित नहीं हैं, उनके नाम सूची से हटाने के लिए प्रक्रिया पूरी करना- जो लोग किसी अन्य क्षेत्र में शिफ्ट हो गए हैं, उनके नाम भी संबंधित बूथ की सूची से हटाना- मतदाता के नाम, उम्र, पता या अन्य विवरण में त्रुटि होने पर उसे ठीक करवाना- एक ही व्यक्ति का नाम यदि दो जगह दर्ज है, तो उसे चिन्हित कर हटाने की प्रक्रिया करना- मतदाता द्वारा दिए गए आधार, आयु प्रमाण, निवास प्रमाण आदि दस्तावेजों का सत्यापन करना- लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, सुधार करने और मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करना।

# स्पीड पोस्ट से मादक पदार्थ मंगाने वाला युवक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वरीय पुलिस अधीक्षक को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पंडरा ओपी क्षेत्र के जतरा मैदान में पुलिस ने छापेमारी कर एक युवक को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से मादक पदार्थ की आपूर्ति की जा रही है।सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस अधीक्षक नगर के नियंत्रण में पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने जतरा मैदान के आसपास छिपकर निगरानी शुरू की। इसी दौरान रात करीब 8:25 बजे एक युवक वहां पहुंचा, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे घेरकर पकड़ लिया।पूछताछ में युवक ने अपना नाम लाल वेदान्त नाथ शाहदेव (25 वर्ष), निवासी इन्द्रपुरी रोड, सुखदेवनगर बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक लिफाफे में रखा 10.92 ग्राम चरस और "कैली हनी" नामक इनहेलर बरामद किया गया। मादक पदार्थ के संबंध में वैध कागजात मांगने पर वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

**चरस व मोबाइल बरामद**



पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह गलत नाम-पते से स्पीड पोस्ट के जरिए चरस मंगवाकर रांची के विभिन्न क्षेत्रों में ऊंचे दाम पर बेचता था। पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में सुखदेवनगर (पंडरा ओपी) थाना कांड संख्या 89/26 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी) एवं 22 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन (एंड्रॉइड ओपो और आईफोन 15 प्रो मैक्स) भी जब्त किए हैं। बरामद चरस की अनुमानित कीमत करीब 2 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपी का पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत आपराधिक इतिहास रहा है। छापेमारी दल में पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली सहित पंडरा ओपी और सुखदेवनगर थाना के कई अधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# 'जटिल प्रणालियों को समझना' पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पर्यावरणीय स्थिरता एवं उन्नत सामग्रियों के क्षेत्र में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "जटिल प्रणालियों को समझना" विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। यह कार्यशाला 18 से 19 मार्च तक आयोजित की जा रही है।

कार्यक्रम का समन्वयन भौतिकी विभाग की डॉ. निशी श्रीवास्तव द्वारा किया गया, जबकि सह-समन्वयक के रूप में फार्मास्यूटिकल एंड टेक्नोलॉजी विभाग की डॉ. नीलिमा शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यशाला के प्रथम दिवस का उद्घाटन संकाय मामलों के अधिष्ठाता डॉ. अशोक शेरोन ने किया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने जटिल प्रणालियों के अध्ययन को वर्तमान वैज्ञानिक चुनौतियों के समाधान के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन शोध और नवाचार को नई दिशा देते हैं। पहले दिन का मुख्य व्याख्यान वियना, ऑस्ट्रिया स्थित टीयू वियेन की प्रख्यात वैज्ञानिक प्रो.



इल्ले सी. गेबहेशूबर द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने "प्रकृति से सीखनाः जैव-आधारित और जैव-अपघटनीय पदार्थों में कार्यात्मक संरचनाएं" विषय पर विस्तार से चर्चा की। अपने व्याख्यान में उन्होंने प्रकृति से प्रेरित संरचनाओं के माध्यम से टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल सामग्रियों के विकास पर प्रकाश डाला, जिससे प्रतिभागियों को नई सोच और शोध के लिए प्रेरणा मिली। कार्यशाला में विशेषज्ञों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान उन्नत सामग्रियों और पर्यावरणीय स्थिरता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। आयोजकों के अनुसार, यह कार्यशाला वैज्ञानिक अनुसंधान को नई दिशा देने और वैश्विक स्तर पर सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

## श्रीराम कथा पर झूमे श्रद्धालु



**रांची।** पिस्कामोड़ स्थित हरे कृष्ण सत्संग ग्रुप में आयोजित पांच दिवसीय श्रीराम कथा का समापन बुधवार को हुआ। वृंदावन के 82 वर्षीय कथाकार संगीत माधव दास ने बालकाण्ड के प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए प्रभु श्रीराम के प्राकट्य की महिमा बताई। उन्होंने कहा कि भगवान का जन्म और कर्म साधारण मनुष्यों की तरह नहीं, बल्कि दिव्य और अलौकिक है, जिसे समझने मात्र से जीव जन्म-मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। कथाकार ने माता कौशल्या की स्तुति और भगवान के चतुर्भुज रूप से शिशु रूप धारण करने की लीला का सजीव वर्णन किया। भजनों की प्रस्तुति पर हजारों भक्त भक्ति में सराबोर होकर झूम उठे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामजतन शर्मा, पंकज लाल, ओम प्रकाश स्वर्णकार सहित आयोजन समिति का सहयोग रहा।

## सीसीएल के स्वास्थ्य शिविर में 146 लोगों की हुई जांच



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के जन आरोग्य केंद्र गांधीनगर द्वारा बुधवार को धावन नगर बस्ती में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा कुल 146 लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में विशेष रूप से हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन सहित विभिन्न रोगों की जांच की गई। साथ ही, सभी लाभार्थियों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इस स्वास्थ्य शिविर में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।शिविर के सफल आयोजन में डॉ. भरत सिंह (सीएमओ इंचार्ज, गांधीनगर), डॉ. प्रीति तिग्गा (सीएमओ, सीएसआर इंचार्ज), डॉ. अनिता होरो, डॉ. रजनी कुजूर, डॉ. सत्यप्रकाश रंजन, डॉ. शिल्पी झा, डॉ. मेघा, डॉ. साइम, मुन्ना कुमार सिंह एवं सभी पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## बीआईटी मेसरा में 'कोएलिसेंस' में तकनीकी प्रतिभा का प्रदर्शन



**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा में तकनीकी कार्यक्रम 'कोएलिसेंस-26' का आयोजन किया गया। संचालन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल इंजीनियर्स (आईआईसीएचई) की छात्र इकाई की ओर से किया गया। उद्देश्य केमिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं की तकनीकी समझ और व्यावहारिक कौशल को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों और उद्योगों से आए विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। पराग भार्गव (आईआईटी, बॉम्बे), जीतेंद्र (केमिकल लोटे) और रोशन कुमार (कोल इंडिया लिमिटेड), ने अपने व्याख्यानों के माध्यम से इंजीनियरिंग, शोध और उद्योग के बीच संबंधों पर बात की। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को करियर निर्माण, शोध के औद्योगिक उपयोग और प्रबंधन क्षेत्र में अवसरों की जानकारी दी। प्रतियोगिता खंड में केस-एक्स में प्रतिभागियों ने केमिकल इंजीनियरिंग से जुड़ी समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए। केम-चैरेड्स, एक टीम आधारित प्रतियोगिता रही, जिसमें वैज्ञानिक अवधारणाओं को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया। वहीं, केम-ई-ट्रेड, सिमुलेशन आधारित प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने आभासी संसाधनों का प्रबंधन करते हुए।

# निगम की भूमि को किया गया अतिक्रमण मुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम द्वारा अपने स्वामित्व वाली परिसंपत्तियों एवं भूमियों की सुरक्षा, उन्हें जनउपयोगी बनाने तथा अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रांची नगर निगम द्वारा किशोरी यादव चौक (गौशाला मार्ग) के निकट स्थित निगम की भूमि, एमएस प्लॉट संख्या 241, रकबा 14 डिसमिल, जिसपर वर्षों से कब्जा व अतिक्रमण था, उसे अतिक्रमण मुक्त किया गया।

बता दे कि पूर्व में निगम की टीम द्वारा अतिक्रमणकारियों को सात दिनों के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। निर्धारित अवधि पूर्ण होते ही निगम द्वारा नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस क्रम में जेसीबी के माध्यम से भूमि पर अवैध रूप से बनाए गए 05 अस्थाई संरचनाओं को हटाया गया एवं भूमि समतलीकरण का कार्य किया गया।

रांची नगर निगम द्वारा स्थानीय निवासियों के हित को ध्यान में रखते हुए उक्त भूमि पर विकासात्मक कार्य किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार होगा। रांची नगर निगम यह स्पष्ट करता है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गणगौर पर्व सौभाग्य और सांस्कृतिक परंपरा का अद्भुत संगमः संजय सर्राफ

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में पर्व-त्योहार केवल उत्सव नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता के प्रतीक होते हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख पर्व है गणगौर, जो विशेष रूप से राजस्थान और मारवाड़ी समाज में बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। गणगौर पर्व चैत्र शुक्ल तृतीया को मनाया जाता है। इस वर्ष गणगौर पर्व 21 मार्च दिन शनिवार को मनाया जाएगा। गणगौर पर्व भगवान शिव (गण) और माता पार्वती (गौर) को समर्पित है। यह पर्व मुख्य रूप से सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति के दीर्घायु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य के लिए तथा अविवाहित कन्याओं द्वारा योग्य वर की प्राप्ति के लिए मनाया जाता है। "गण" का अर्थ शिव और "गौर" का अर्थ पार्वती है, इसलिए यह पर्व शिव-पार्वती के अटूट दांपत्य प्रेम और समर्पण का प्रतीक माना जाता है।गणगौर उत्सव होली के दूसरे दिन से प्रारंभ होकर लगभग 16 दिनों तक चलता है।

**सरहुल रंग आर्ट कैंप में झलकी झारखंड की संस्कृति और परंपरा**

# युवा कलाकारों ने सरहुल पर्व को चित्रों में किया जीवंत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स, कलाकृति आर्ट फाउंडेशन एवं सोहराई आर्ट झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में "सरहुल रंग - प्रकृति और परंपरा" नामक दो दिवसीय चित्रकला शिविर सह कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कला शिविर में 12 से 25 वर्ष आयु युवा कलाकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक जीवनशैली तथा सरहुल पर्व के उल्लास को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कलाकारों ने प्रकृति, जनजातीय संस्कृति, सोहराय एवं सरहुल की पारंपरिक कला शैलियों को रंगों में उकेरते हुए पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ चित्रकार एवं कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स



के संस्थापक धनंजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा, "सरहुल केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी आस्था और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। ऐसे कला शिविर युवा कलाकारों को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। हमें अपनी पारंपरिक कलाओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाना होगा, ताकि हमारी सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित रह सके।"

उन्होंने आगे कहा कि युवा कलाकारों की सक्रिय भागीदारी और उनकी रचनात्मकता इस बात का प्रमाण है कि झारखंड की कला और संस्कृति का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है। इस आयोजन के माध्यम से प्रतिभागियों को न केवल चित्रकला का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त हुआ, बल्कि उन्हें झारखंड की लोक परंपराओं एवं त्योहारों के महत्व से भी अवगत कराया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह, सृजनशीलता और सांस्कृतिक गौरव का वातावरण बना रहा।

सरहुल के अवसर पर चयनित चित्रों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी तथा सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मनस्वी तिग्गा, जया कुमारी, पीहू पल्लवी, आकृति, अंजलि, तुषार, निरुपम, विवान, रिद्धि, शाश्वत, आर्यन सहित अन्य विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## सीयूजे में ड्रोन-एआई आधारित फिल्म निर्माण कार्यशाला संपन्न

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला "डिजिटल फिल्म निर्माणः ड्रोन एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता" का बुधवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक फिल्म निर्माण तकनीकों से जोड़ना तथा उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। कार्यशाला के दूसरे दिन संसाधन व्यक्तियों ने विद्यार्थियों को फिल्म निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया। इस दौरान स्टोरीबोर्ड तैयार करने, कैमरा एंगल, ड्रोन के उपयोग, शूटिंग तकनीक, एडिटिंग और पोस्ट-प्रोडक्शन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने न केवल इन तकनीकों को समझा, बल्कि उन्हें व्यावहारिक रूप से भी लागू किया। कार्यशाला की खास बात यह रही कि विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में "डस्टबिन" और "बटुआ" नामक दो लघु फिल्मों का निर्माण किया।

# रांची विवि में सरहुल मिलन समारोह प्रकृति संरक्षण और भाईचारे का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आज रांची विश्वविद्यालय के साइंस कैंपस में कर्मचारी कर्मवीर उरांव के नेतृत्व में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कर्मचारी यूनियन के महामंत्री Arjun Ram एवं अन्य सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर सरहुल महापर्व की शुभकामनाएं दी और कर्मवीर उरांव ने सभी को अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया।

महामंत्री अर्जुन राम ने कहा कि सरहुल सभी का पर्व है, जिसमें प्रकृति की उपासना की जाती है। उन्होंने बताया कि धरती पर जीवन यापन करने वाले सभी जीव-जंतु प्रकृति पर निर्भर हैं, इसलिए इस पर्व के माध्यम से हम प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करते हैं और सभी को इसमें भाग लेना चाहिए।



कर्मवीर उरांव ने उपस्थित लोगों से अपील की कि मिलजुल कर प्रेम और खुशी की भावना के साथ प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए तत्पर रहें। पूर्व सीनेट सदस्य डॉ अटल पांडेय ने कहा कि युवाओं को प्रकृति के संरक्षण के लिए लगातार प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने आदिवासी समुदाय का उदाहरण देते हुए बताया कि सरहुल पर्व प्रकृति को धन्यवाद देने के लिए मनाया जाता है और हमें हवा, पानी आदि प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

इस समारोह में मुख्य रूप से एन के कुजुर, मनोज महतो, हेमंत भगत, संदीप कुजुर, जे पी टाना भगत, राजु सिंह, शंकर गोद्दार, संजय मुण्डा, महेश और पप्पू बांडों सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह ने भाईचारे, सहयोग और प्रकृति संरक्षण का संदेश सभी को दिया।

**सीयूजे में 'जीएसटी 2.0' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से**

# विकसित भारत 2047 पर होगा मंथन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) 19 और 20 मार्च को "जीएसटी 2.0: सेक्टरल एनालिसिस, डिजिटल कंप्लायंस एंड कंजम्पशन शिफ्ट्स - इम्प्लीकेशन्स फॉर अ विकसित भारत" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है। यह आयोजन विश्वविद्यालय के चेरी-मनातू परिसर में हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) में होगा।

वर्ष 2009 में स्थापित और नैक से 'ए प्लस' ग्रेड प्राप्त इस संस्थान में आयोजित यह सम्मेलन वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग और व्यवसाय प्रशासन विभाग की संयुक्त पहल है। इसे भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद का सहयोग प्राप्त है। यह आयोजन कुलपति प्रो. सारंग मेधेकर के संरक्षण में किया जा रहा है।

सम्मेलन का मुख्य फोकस जीएसटी के विकसित होते स्वरूप और उसके विभिन्न क्षेत्रों पर प्रभाव का विश्लेषण करना है। इसमें विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र, एमएसएमई और तेजी से उभरती डिजिटल अर्थव्यवस्था पर जीएसटी के प्रभावों पर



चर्चा होगी। साथ ही 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने में कर नीति की भूमिका पर भी गहन मंथन किया जाएगा।

कार्यक्रम में देश के ख्यातिप्राप्त अर्थशास्त्री, कर विशेषज्ञ और उद्योग प्रतिनिधि अपने विचार साझा करेंगे। प्रमुख वक्ताओं में डॉ. मनोरंजन शर्मा, अर्चना चौधरी, राजिंदर अरोड़ा, राजीव गुप्ता, नितीश कालरा और संजय सिंह शामिल हैं।

सम्मेलन के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ब्लॉकचेन आधारित डिजिटल कंप्लायंस, वैश्विक कर प्रथाओं तथा बदलते उपभोग पैटर्न जैसे समकालीन विषयों पर विशेष सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

इस आयोजन का संचालन संयोजक डॉ. प्रणय पाराशर एवं सह संयोजक डॉ. नितेश भाटिया के नेतृत्व में किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, यह सम्मेलन जीएसटी 2.0 पर गंभीर विमर्श का मंच बनने के साथ ही भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और 2047 तक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा।



# मतदाता सूची में जुड़ेंगे घरों के काल्पनिक नंबर, दिया गया ऑनलाइन प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**लापुंग।** मतदाता सूची में मतदाताओं के घरों का पता के मानकीकरण को लेकर मतदाताओं के घरों का काल्पनिक घर नंबर देने के लिए मतदाता सूची में मकान नंबर देने के कार्य को पूर्ण करने के लिए लापुंग प्रखंड में सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को ऑनलाइन बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश निर्देश दिया गया। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने तथा काल्पनिक नंबर देने की प्रक्रिया को सरल एवं सुचारू रूप से क्रियान्वित करने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि गांव, टोला एवं मुहल्ला में घरों को काल्पनिक नंबर देने की प्रक्रिया उत्तर पश्चिम से शुरू कर दक्षिण पूर्व दिशा में खत्म करने का निर्देश दिया गया। इस संदर्भ में बताया गया है कि काल्पनिक नंबर देने की प्रक्रिया में पहले से ही तीन अलग-अलग प्रकार की स्थिति उत्पन्न हो सकती है जिनमें पहली स्थिति ऐसी होगी जिसमें घरों को पंचायत या नगरपालिका के द्वारा व्यवस्थित रूप से नंबर आंबटित किया गया होगा। दूसरी स्थिति ऐसी होगी जहां घरों को कोई नंबर आवंटित नहीं किया गया है। तीसरी स्थिति ऐसी होगी कि घरों को व्यवस्थित रूप से नंबर आवंटित किए गए हैं लेकिन इन क्षेत्रों में अनाधिकृत घर या झुग्गी-झोपड़ी बन गया है। नजरी नक्शा के अनुसार मतदाता सूची के प्रत्येक भाग में एक या एक से अधिक सेक्शन हो सकते हैं। इस सेक्शन में उतर पश्चिम दिशा से शुरू कर दक्षिण पूर्व दिशा में सीरियल नंबर में काल्पनिक नंबर देना है। लापुंग प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में प्रशिक्षण सह बैठक के दौरान अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस मौके पर कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार, बीएलओ सुपरवाइजर मंटु कुमार साहु, अजीत कुमार सिंह, रेशम शाहदेव, चितरंजन कुमार, बीएलओ सीमा देवी, रोज यमुना लकड़ा, लतिका देवी, अनिता शांडिल्य, चंद्रमणी बरला,एंजलिना लकड़ा, रेणु कुमारी डे, रूनी देवी, रीता कुमारी, कलिस्ता बरला, जुलियानी होरो, प्रमिला कुमारी, रेखा देवी, सपना आईंद, हेलेन लुगुन, विश्वासी बाडा, विनीता खाखा, मनीषा जयसवाल, संपति देवी, कृपा लिंडा, मैना कुमारी, सुशन मिंज, कांति तिर्की, अनिता रुंडा, सरिता देवी, एमी केरकेट्टा, तारावती देवी, अनिता खेश, मरसा खलखो, रंजीता कुमारी, फूलजेंसिया आईंद, ललिता कुमारी, सुशांति बरला, मैना कुमारी सहित दर्जनों बीएलओ ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# एनके एरिया में सदस्यता बढ़ाएगा अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ

**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की केंद्रीय समिति की बैठक एनके एरिया के वीआईपी गेस्ट हाउस में हुई। बैठक में सीसीएल के विभिन्न एरिया से आए यूनियन के पदाधिकारियों ने भाग लिए। अध्यक्षता नन्हू सिंह ने की। मुख्य अतिथि यूनियन के महासचिव सतीशकुमार सिन्हा थे। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, सदस्यता विस्तार तथा श्रम कानून से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। विभिन्न परियोजनाओं एवं विभागों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। मुख्यालय स्तर पर कोल कंपनियों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपने पर विचार हुआ। यूनियन के विस्तार के लिए सदस्यता अभियान को तेज करने पर विशेष जोर दिया गया। केंद्र सरकार द्वारा लागू चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा आगामी 20 एवं 21 मार्च को आयोजित एटक फेडरेशन सम्मेलन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सतीशकुमार सिन्हा ने कहा कि यूनियन प्रत्येक दो महीने में अलग-अलग क्षेत्रों का दौरा कर श्रमिकों की स्थानीय समस्याओं को सीधे सुनेगी और उनके समाधान के लिए ठोस रणनीति बनाएगी। बताया कि आगामी सप्ताह में एक विस्तृत मांग पत्र तैयार कर निदेशक (कार्मिक) को सौंपा जाएगा। कहा कि यूनियन प्रबंधन से जल्द बैठक आयोजित करने का आग्रह करेगी, ताकि श्रमिकों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। यदि समस्याओं का समय पर समाधान नहीं हुआ, तो यूनियन मुख्यालय स्तर पर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। संचालन संजय मिश्रा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय उपाध्यक्ष सह एनके एरिया सचिव हरेंद्र सिंह ने दिया। बैठक में संतोष सिन्हा, रविन्द्र वर्मा, रवि प्रधान, शहजाद अंसारी, जगदीश चौहान सहित कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# आशीर्वाद कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बुधवार को डोरंडा स्थित जैप-1 मेला मैदान में आयोजित झारखंड विधानसभा सदस्य नवीन जयसवाल की सुपुत्री के विवाहोपरांत 'आशीर्वाद कार्यक्रम' में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने नवदम्पति को आशीर्वाद दिया तथा उनके सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना की।

# हकीम अंसारी ने बांटा ईद किट, दिया शांति और भाईचारे का संदेश



**पिठोरिय।** बुधवार को अल-फ़लाह इंटरनेशनल स्कूल उरुगुट्टू के चेयरमेन सह पूर्व जिप सदस्य हकीम अंसारी ने विद्यालय के शिक्षक -शिक्षिका और कर्मियों के बिच ईद किट और ईदी दे कर ईद त्यौहार की बधाई दी, मौके पर हकीम अंसारी ने कहा कि, ईद त्यौहार अमन चेन, भाईचारा और खुशियों का त्यौहार है, इसलिए इस त्यौहार को हम सभी एक दूसरे का मुँह मीठा कर मनाते है, हकीम अंसारी ने लोगो से अपील करते हुवे कहा की इस बार सभी समुदाय का त्यौहार ईद, सरहुल, ईस्टर और रामनवमी एक साथ हमलोगो को मनाने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। हम सभी लोग सभी त्योहारों को आपसी प्रेम और भाईचारगी से मनाएँगे. किसी भी तरह के गलत अफवाहों से बचना है और त्यौहार को शांतिपूर्ण वातावरण मे मनाना है।

# थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर, 36 यूनिट ब्लड एकत्रित



**रांची।** थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया पीड़ित बच्चों की मदद के लिए पलरीवाल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने "लहू बोलेगा" रक्तदान संगठन के सहयोग से रक्तदान-महादान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में पालरीवाल इंडस्ट्रीज के मालिक, मैनेजर और कर्मचारी शामिल हुए और कुल 36 यूनिट रक्तदान किया गया। अतिरिक्त 7 लोग उच्च रक्तचाप, मौसमी दवा सेवन और अन्य कारणों से रक्तदान नहीं कर पाए। रक्तदान किए गए खून को सदर अस्पताल ब्लड बैंक को समर्पित किया गया। इस अवसर पर रक्तदाताओं में मालिक के पुत्र विशाल पालरीवाल, अधिकारी संजीत सहाय, नवीन सिंह, निशांत शर्मा, श्रीपाली पांडेय, अभिषेक सिंह, बसंत गुप्ता सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे। सभी रक्तदाताओं को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। "लहू बोलेगा" संगठन के संस्थापक नदीम खान ने पालरीवाल इंडस्ट्रीज के मालिक बी.के. अग्रवाल, उनके पुत्र विशाल पालरीवाल और मैनेजर अमरेन्द्र कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविरों से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की जान बचाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। कार्यक्रम में टाटीसिलवे थाना के छोटा बाबू बलभद्र कुमार और थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के परिजन संजय महतो, निशांत शर्मा, संजय टोप्पो, सुरंजन बाडा, समीर सिंह मुंडा, जगरनाथ महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

### मुरी ओपी थाना परिसर में पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

# पर्व में सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : सीओ

- **जुलूस में डीजे बजाने और विवादास्पद गाने बजाने पर है सख्त मनाही : एसआई**

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिल्ली।** सिल्ली थाना एवं मुरी ओपी परिसर में बुधवार को ईद-उल-फितर,सरहुल और रामनवमी पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। सिल्ली थाना में बैठक की अध्यक्षता रामदेव यादव एवं मुरी ओपी थाना में अध्यक्षता थाना प्रभारी राहुल कुमार मेहता ने किया। मुरी ओपी थाना में सिल्ली अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का ने सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश के बारे में विस्तार पूर्वक बताया एवं लोगों से पालन करने का अपील की। उन्होंने कहा कि अगर पर्व में कोई उपद्रवी कुछ करेगा तो उसपर कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक का संचालन मोहम्मद फारूख ने किया। बैठक में जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी कुमारी, एसआई उदय कुमार, युधिष्ठिर महतो,अरुण यादव, मणि भूषण पासवान, रघुनंदन मंडल एवं रामनवमी के विभिन्न अखाड़ा, सरहुल पुजा समिति एवं मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में शांतिपूर्ण व भाईचारे के साथ ईद, सरहुल व रामनवमी मनाने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि संभावित 20 एवं 21 मार्च को सिल्ली के विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज अदा की जाएगी। 21 मार्च को सरहुल, 27 मार्च को पारंपरिक मार्ग पर सरकारी गाइड लाइन के तहत रामनवमी का जुलूस निकाला जाएगा। बैठक में पूर्व प्रमुख कमलनाथ मांझी, राजेश साहु,भागवत सोनार,बबलु साव, कार्तिक चंद्र महतो, कमल किशोर कुशवाहा, राधिका महतो आदि ने विचार व्यक्त किए।

एसआई रामदेव यादव ने आगामी त्योहारों को लेकर सरकार की गाइड लाइन की जानकारी देते हुए कहा कि जुलूस में डीजे बजाने और विवादास्पद गाने बजाने पर सख्त मनाही है। रामनवमी जुलूस के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चौक-चौराहों के साथ-साथ जगह-जगह पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। पुलिस की नजर असामाजिक तत्वों के साथ साथ त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया व अफवाह फैलाने वालों पर विशेष रहेगी। थाना प्रभारी ने कहा कि सौहार्दपूण वातावरण में त्योहार मनाने के लिए सिल्ली का अच्छा इतिहास रहा है।इस वातावरण को बनाए रखें।अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।वहीं उन्होंने लोगों से त्योहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील करते हुए कहा कि किसी प्रकार की कोई बात होगी,तो अविलंब पुलिस को सूचना दें।इस मौके पर पूर्व जिप सदस्य सुशील महतो,कमलनाथ मांझी,अखिल महतो,समीर ठाकुर, डबलु महली, नगेन्द्र नाथ गोस्वामी, जसरूद्दीन अंसारी, नकुल महतो, अमित कुमार, शहाबुद्दीन अंसारी, मोहर्रम मोमिन, संजीव कुमार महतो, भवानी देवी, गोंदुरा उरांव, हरे कृष्ण महतो, अजित महतो, संजय भगत, भादुड़ी गोरांई, चंद्र मोहन महतो समेत पुलिस के जवान एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# कांके में नवपदस्थापित थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ने दिया योगदान



**पिठोरिया।** राजधानी रांची के कांके थाना में नवपदस्थापित किए गए थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर कुणाल कुमार ने बुधवार को अपना योगदान दे दिया। इसके पूर्व वे सीआईडी में पदस्थापित थे। बताते चलें मंगलवार को कांके के थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर प्रकाश कुमार रजक को हटाते हुए लाइन हाजिर कर दिया गया था। नौ मार्च से कांके थाना में प्रोबेशनर आईपीएस साक्षी जमुआर थाना प्रभारी के रूप में कार्य कर रही हैं। उन्होंने इंस्पेक्टर कुणाल कुमार का थाना में पदस्थापित सभी सब इंस्पेक्टर, एसआई आदि पदाधिकारियों से परिचय कराया। इंस्पेक्टर कुणाल कुमार ने पहले दिन ही सुकुरहुटू सहित विभिन्न गांवों का भ्रमण भी किया। इंस्पेक्टर कुणाल कुमार ने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने हमारी पहली प्राथमिकता होगी और जनता बेहतर व्यवहार रहेगा।

# करकट्टा में वासंतिक नवरात्र महोत्सव सह शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**



**खलारी।** खलारी के करकट्टा स्थित प्रसिद्ध देवी मंडप प्रांगण में वासंतिक नवरात्र महोत्सव सह शतचंडी महायज्ञ के आयोजन को लेकर बुधवार को भव्य शोभा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनके एरिया के महाप्रबंधक दिनेश गुप्ता ने श्रद्धालुओं के बीच कलश वितरण कर अनुष्ठान का शुभारंभ किया। इससे पूर्व वृंदावन धाम से आए आचार्य सीताराम शरण के निर्देशन में अयोध्या से आए यज्ञाचार्य ओमप्रकाश द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत कलश पूजन कराया। लगभग 500 श्रद्धालुओं के बीच कलश का वितरण किया गया। देवी मंडप प्रांगण से गाजे-बाजे और जयकारों के साथ श्रद्धालु कतारबद्ध होकर दामोदर नदी तट पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार व वरुण देव का आह्वान कर कलशों में पवित्र जल भरा गया। इसके बाद श्रद्धालु पुनः यज्ञ मंडप लौटे। कलश यात्रा में यजमान प्रमोद सिंह, गणेश पाहन, राकेश सिंह, रविंद्र पासवान, अनिल पासवान, सरस्वती देवी, चितरंजन सिंह पप्पू, दिनेश पांडेय, अवध गुप्ता, हरि प्रसाद गुप्ता, विकेश सिंह, विनोद गुप्ता, दिलीप पासवान, नागदेव सिंह, संजय प्रसाद, अनिल गंझू, रामसूरत यादव, शंभुनाथ गंझू, सिवानी देवी, चंदा देवी, मीतू देवी, अनिता देवी, आरती देवी, विमल वर्मा, अजित, अभिषेक सिंह, राहुल सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### 20 से 27 तक होगी पार्थिव शिवलिंगों की पूजा

आचार्य सीताराम शरण ने बताया कि 19 से 27 मार्च तक चलने वाले नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का भव्य समापन 28 मार्च को पूर्णाहुति के साथ किया जाएगा। गुरुवार सुबह 7 बजे से मंडप प्रवेश, पंचांग पूजन, कलश स्थापना, अरणी मंथन एवं अग्नि स्थापना के साथ प्रधान देवी पूजन होगा, जिसके बाद ब्राह्मणों द्वारा शतचंडी पाठ प्रारंभ किया जाएगा।

**बैठक** | लापुंग थाना परिसर में ईद व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

# भड़काऊ नारे लगाने पर होगी कार्रवाई : डीएसपी

- **गलत मैसेज सोशल मीडिया में न फैलाएं**
- **रामनवमी में शराब पर प्रतिबंध लगाने की मांग**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लापुंग।** लापुंग थाना परिसर में रामनवमी व ईद पर्व को लेकर शान्ति समिति कई बैठक पुलिस उपाधिक्षक बेड़ो अशोक कुमार राम व प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुआ। इस बैठक में बीडीओ उषा मिंज ने कहा कि रामनवमी का त्योहार शांति पूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में रामनवमी त्योहार मनाए जाने की जरूरत है। वहीं डीएसपी बेड़ो अशोक कुमार राम ने कहा कि गलत मेसेज सोशल मिडिया में न फैलाए अगर यह प्रमाणित होगा तो पुष्टि होने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि अश्लील व भड़काऊ नारे व गाने न बजाए ताकि किसी समुदाय विशेष को ठेस न पहुँचे। वहीं अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि पर्व को पर्व कि तरह मनाए किसी के द्वारा पोस्ट मेसेज को बिना जांचे फॉरवर्ड न करें। थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने लापुंग में अपने अपने अखड़ा के 15 -20 बोलेंटियर का नाम व मोबाईल नम्बर की सूची उपलब्ध कराने की बात कही। रामनवमी त्योहार में शराब पर प्रतिबंध की बात उठी जिससे असमाजिक तत्व को बढ़ावा कम होगा। इस मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर उत्तम कुमार उपाध्याय, थाना प्रभारी गोबिंद कुमार, एस आई सचिन लकड़ा, प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, उपप्रमुख बिश्वनाथ मुंडा, मुखिया सबिता उरांव, मालती रानी करकेट्टा, नसीम आलम, मंगल साहू, नंदलाल साहू,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जयंत बरला, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, देवेंद्र वर्मा,सत्यनारायन पाठक, मंगल साहू, कंचन कुमार साहू, इमरान खान, मो जमील, नीलकमल साहू,लापुंग में लायसेंस धारी भी मौजूद थे।

# शांति समिति की बैठक में त्योहारों को सौहार्दपूर्ण मनाने का संकल्प

**चान्हो।** आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व को लेकर मंगलवार को चान्हो थाना परिसर में थाना प्रभारी टिंकू रजाक के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी उपस्थित रहे। डीएसपी रामनारायण चौधरी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी से शांति बनाए रखने में सहयोग की अपील की। वहीं अंचल अधिकारी संजीव कुमार ने सभी समुदायों से आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाने का आग्रह किया और कहा कि सौहाद्र बनाएं रखें।

# न्यूज बॉक्स

### भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल ट्रेन एक्सप्रेस ट्रेन के रूप में नियमित चलेगी

**रांची।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय ने भुवनेश्वर-धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल ट्रेन को भुवनेश्वर-धनबाद-भुवनेश्वर एक्सप्रेस के रूप में नियमित कर दिया है। भुवनेश्वर-धनबाद एक्सप्रेस एक अप्रैल से प्रतिदिन चलेगी। यह ट्रेन रात 8.25 बजे रवाना होगी और कटक, अंगुल, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा और राउरकेला होते हुए सुबह 6.10 बजे हटिया, रांची सुबह 6.30 बजे पहुंचेगी। इसके बाद मुरी-बोकारो स्टील सिटी होते हुए सुबह 11 बजे धनबाद पहुंचेगी। धनबाद से यह ट्रेन नियमित रूप से दो अप्रैल से चलेगी और शाम चार बजे रवाना होगी और रांची रात 7.35 बजे पहुंचेगी। इसके बाद हटिया होते हुए दूसरे दिन सुबह 8.15 बजे भुवनेश्वर पहुंचेगी। इस ट्रेन में एसएलआरडी के दो कोच, सामान्य श्रेणी के चार, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के आठ, एसी थ्री टियर के तीन व एसी टू टियर एक कोच को मिलाकर 18 कोच होंगे।

### सरहुल पर्व की तैयारी को लेकर हुई विशेष बैठक, महिलाओं को किया गया सम्मानित



**रांची।** झारखंड का प्रमुख आदिवासी प्रकृति पर्व सरहुल इस शनिवार पूरे उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाएगा। इसी क्रम में आज कांके रोड स्थित पूर्व महापौर अशोक कुमार सिंह के आवास पर वार्ड संख्या-2 के मिश्रगोंडा क्षेत्र की महिलाओं के लिए विशेष बैठक एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरहुल पर्व से पहले सामुदायिक और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना था। इस अवसर पर सभी उपस्थित महिलाओं को पारंपरिक लाल पाड़ साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया और पारंपरिक खस्सी-चावल का सामूहिक भोज कराया गया। उपस्थित महिलाओं ने सामूहिक संकल्प लिया कि इस वर्ष सरहुल पर्व को और अधिक हर्षोल्लास, पारंपरिक गरिमा और स्वच्छ वातावरण के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व महापौर अशोक कुमार सिंह, महावीर लकड़ा, मनोज राव, सुरेश टोप्पो, अनिल लकड़ा और लगभग 300 महिलाएं शामिल रहीं। वक्ताओं ने कहा कि सरहुल केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति, संस्कृति और सामुदायिक एकता का प्रतीक है, जिसे मिलकर संरक्षित एवं समृद्ध करना चाहिए।

### वर्ष प्रतिपदा पर खलारी में आरएसएस का पथ संचलन आज

**खलारी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खलारी खंड द्वारा वर्ष प्रतिपदा उत्सव के अवसर पर गुरुवार, 19 मार्च को खलारी मंडल में पथ संचलन कार्यक्रम किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए खलारी खंड कार्यवाह ने बताया कि अपराह्न 3.30 बजे एसीसी मैदान में स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण होगा। जिसके बाद 4.00 बजे से पथ संचलन एसीसी मैदान से शुरू होकर एसीसी कालोनी, गुलजारबाग, डीएसपी कार्यालय, बैंक चौक, स्टेशन रोड होते हुए केडी बाजार मार्ग से पुनः एसीसी मैदान पहुंचकर समाप्त होगा। सभी स्वयंसेवकों से पूर्ण गणवेश एवं दंड के साथ शामिल होने का आग्रह किया गया है। जिन स्वयंसेवकों के पास गणवेश उपलब्ध नहीं है, उनसे शुभ्र वेश (सफेद परिधान) में कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### नगर निगम के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन स्थलों का एनआईएएमटी छात्रों ने किया भ्रमण



**रांची।** रांची नगर निगम के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण राष्ट्रीय उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएएमटी), हटिया, रांची के पर्यावरण अभियंत्रण विभाग के छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों द्वारा किया गया। इस भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने नगर निगम के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तंत्र को नजदीक से समझा। विद्यार्थियों को मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी एवं हरमू मिनी ट्रांसफर स्टेशन का भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें कचरा संग्रहण, स्रोत पर पृथक्करण, प्रसंस्करण एवं वैज्ञानिक निपटान की प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। स्थल पर उपस्थित अधिकारियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों, संचालन प्रणाली एवं पर्यावरणीय प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे तथा व्यावहारिक पहलुओं को समझने में रुचि दिखाई। विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने स्वच्छता शपथ भी ग्रहण की तथा स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। रांची नगर निगम स्वच्छ एवं सतत शहर के निर्माण हेतु जनभागीदारी, जागरूकता एवं ज्ञान-विनिमय को निरंतर प्रोत्साहित करता है।

### जामा मस्जिद खलारी के दावत-ए-इफ्तार में अमन-शांति और भाईचारे की मांगी गई दुआ



**खलारी।** जामा मस्जिद कमेटी, खलारी के तत्वावधान में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में रोजेदार, स्थानीय लोग तथा समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में रोजेदारों ने क्षेत्र में अमन-शांति, आपसी भाईचारे, खुशहाली तथा देश-दुनिया की तरक्की के लिए अल्लाह से दुआ मांगी। इफ्तार से पूर्व सभी रोजेदार एक साथ बैठकर इबादत किए। निर्धारित अजान के उपरांत रोजेदारों ने खजूर, फल और अन्य पारंपरिक व्यंजनों के साथ रोजा खोला। इसके बाद सभी ने मिलकर इफ्तार किया। जामा मस्जिद कमेटी के सदस्यों ने कहा कि रमजान का पाक महीना इबादत, संयम, त्याग और मानवता का संदेश देने वाला होता है। यह महीना लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने तथा समाज में प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। इस दौरान समाज में एकता, भाईचारे और सद्भाव बनाए रखने की अपील की गई। इफ्तार में जामा मस्जिद के सेक्रेटरी फैय्याजुद्दीन सिद्दीकी, मुन्ना अंसारी, नवाजुद्दीन अंसारी, इकबाल अंसारी, मोहम्मद चांद, अरमान खान, कुर्बान खान, इरफान अंसारी, जावेद अंसारी, फरहान अंसारी, जावेद खान, अरशद अंसारी, परवेज अंसारी, अशरफ खान, अनवर अंसारी सहित बड़ी संख्या में रोजेदार व स्थानीय लोग शामिल हुए।

### संचालित योजनाओं की उप विकास आयुक्त ने की समीक्षा

# सभी कार्यकारी एजेंसियों को डीसी विपत्र जल्द से जल्द समर्पित करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** सांसद मद, विधायक मद एवं सीएसआर मद से संचालित योजनाओं के तहत बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ब्लॉक बी के सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने अलग-अलग वित्तीय वर्ष में सांसद, विधायक एवं सीएसआर मद के तहत ली गई योजना एवं उनके वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने सभी अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने एवं किसी भी परिस्थिति में योजनाओं का दोहरीकरण नहीं होने देने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने रामगढ़ जिला अंतर्गत सीएसआर एजेंसियों द्वारा चल रही परियोजनाओं के तहत किए गए कार्यों की जानकारी ली। कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक मद अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त में सभी कार्यकारी एजेंसियों को डीसी विपत्र जल्द से जल्द समर्पित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सांसद एवं विधायक मद से संचालित योजनाओं की प्रखंडवार प्रखंड विकास पदाधिकारियों से जानकारी ली। मौके पर उन्होंने ने योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओ, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# पीवीयूएनएल ने स्वास्थ्य विभाग को दी एंबुलेंस, आपातकालीन सेवाओं को मिलेगी मजबूती

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से, पीवीयूएनएल ने अपने सामुदायिक विकास (सीडी) पहल के अंतर्गत रामगढ़ स्वास्थ्य विभाग को एक अत्याधुनिक एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस ) एम्बुलेंस प्रदान की।

यह एम्बुलेंस सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित है, जो गंभीर परिस्थितियों में मरीजों को त्वरित एवं प्रभावी उपचार उपलब्ध कराने में सहायक होगी। इस एएलएस एम्बुलेंस का औपचारिक हस्तांतरण पीवीयूएनएल के जियाउर रहमान होहर द्वारा किया गया। इस अवसर पर पीवीयूएनएल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) तनमोय मिश्रा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन रामगढ़ ने कहा कि यह एएलएस एम्बुलेंस स्वास्थ्य विभाग की आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाएगी और गंभीर रोगियों को समय पर जीवनरक्षक चिकित्सा सुविधा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे लोगों को काफी सुविधाएं मिलेंगी और लोगों की परेशानी दूर होगी।

उन्होंने इस महत्वपूर्ण सहयोग के लिए पीवीयूएनएल के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। पीवीयूएनएल द्वारा किया गया यह प्रयास क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है और स्थानीय समुदाय के कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पिकअप वैन में लदे डीजे सिस्टम समेत दो जनरेटर की चोरी




**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बंडासिंगा मोड़ से डीजे लदे पिकअप वैन के चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में बेलकप्पी निवासी जितेंद्र पासवान, पिता स्व. नंद किशोर पासवान ने गोरहर थाना में आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में बताया है कि बीती रात उन्होंने अपनी पिकअप वैन को अनिल पांडेय के मकान के बाहर खड़ा किया था। आस पास सीसीटीवी फुटेज में देखा कि बुधवार देर रात करीब 12:53 बजे के बाद किसी अज्ञात चोर ने वाहन को चोरी कर लिया। सुबह होने पर आसपास के लोगों से जानकारी मिली कि गाड़ी गायब है।पीड़ित ने बताया कि पिकअप वैन संख्या जेएच 02 क्यु 8266 में डीजे सिस्टम के साथ दो जेनरेटर भी लदे हुए थे। काफी खोजबीन के बावजूद वाहन का कोई सुराग नहीं मिल सका।मिले आवेदन के आधार पर गोरहर पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है।

### कृषि से संबंधित विभागों के कार्यालय स्थापित करने की मांग तेज

# कृषि अधिकारियों की नियुक्ति पर मुखर हुईं विधायक ममता

**नवीन मेल संवाददाता**

- कृषि से जुड़ी योजनाओं और सुविधाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है



**रामगढ़।** रामगढ़ विधायक ममता देवी ने विधानसभा में जनहित से जुड़े एक महत्वपूर्ण मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि हजारीबाग जिले से अलग होकर रामगढ़ जिला बने लगभग दो दशक बीत चुके हैं, लेकिन आज भी कई महत्वपूर्ण विभागों की मूलभूत व्यवस्था यहां उपलब्ध नहीं है। विधायक ममता देवी जी ने सदन को अवगत कराया कि रामगढ़ जिले में अब तक जिला कृषि पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी तथा सहकारिता पदाधिकारी जैसे अहम पदों के लिए ना तो स्थायी कार्यालय स्थापित किए गए हैं और ना ही पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की समुचित नियुक्ति की गई है। इसका सीधा असर जिले के किसानों पर पड़ रहा है, जिन्हें कृषि से जुड़ी योजनाओं और सुविधाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि इन विभागों की स्थापना एवं सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जाता है, तो इससे किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, योजनाओं का लाभ और खेती के लिए आवश्यक संसाधन समय पर उपलब्ध हो सकेंगे, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। विधायक ने सरकार से मांग की कि रामगढ़ जिले में शीघ्र सभी संबंधित विभागों के कार्यालयों का निर्माण कराया जाए तथा आवश्यक पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि जिले के किसानों को बेहतर सुविधा और सहयोग मिल सके। राज्य सरकार इस गंभीर विषय पर त्वरित कार्रवाई करेगी और रामगढ़ के समग्र विकास की दिशा में ठोस कदम उठाएगी। इसकी जानकारी दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला कांग्रेस प्रवक्ता व मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश ने दिया।

# सौंदा बस्ती में बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने को लेकर बैठक




**भुरकुंडा।** सौंदा बस्ती में बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने के उद्देश्य से महिलाओं और किशोरियों के बीच एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बाल विवाह के दुष्प्रभावों, कानूनी प्रावधानों और समाज पर पड़ने वाले इसके नकारात्मक असर पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि बाल विवाह न सिर्फ लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा को प्रभावित करता है। बल्कि उनके भविष्य को भी सीमित कर देता है। कार्यक्रम में जिला समन्वयक बिलाल अंसारी, नवल किशोर, इसरत जहां सहित अन्य वक्ताओं ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बाल विवाह को जड़ से समाप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर सामूहिक प्रयास से ही इस कुप्रथा को खत्म किया जा सकता है। बैठक के बाद जागरूकता रथ निकाला गया। जिसमें महिलाओं, किशोरियों और सेविका सहायिकाओं ने पूरे बस्ती में घूमकर लोगों को बाल विवाह के खिलाफ संदेश दिया। रथ के माध्यम से लोगों को यह बताया गया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और इसके खिलाफ सभी को मिलकर आवाज उठानी चाहिए।

# पत्रकारों का विधानसभा के समक्ष धरना, 31 मार्च तक सरकार को अल्टीमेटम

**बरही।** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले राज्यभर के सैकड़ों पत्रकारों ने झारखंड विधानसभा के समक्ष धरना मैदान में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम संगठन के संस्थापक शाहनवाज हसन की अगुवाई में आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न जिलों से आए पत्रकारों ने अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाया। धरना के दौरान पत्रकारों ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, पूर्व में लागू पत्रकार पेंशन योजना का अविलंब भुगतान, बंगाल सरकार की तर्ज पर पत्रकारों के लिए बीमा सुविधा, भूमिहीन पत्रकारों को आवास उपलब्ध कराने तथा उत्तर प्रदेश की तर्ज पर पत्रकार मान्यता समिति के गठन और विज्ञापन नीति निर्धारण की मांग की। प्रदर्शन में शामिल पत्रकारों ने स्पष्ट कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होते हैं, जो निष्पक्ष रूप से समाज और सरकार के बीच सेतु का कार्य करते हैं।

### राधा गोविन्द विवि में मना अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस

# गणित तार्किक सोच व जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन सिखाता है : प्रियंका

**नवीन मेल संवाददाता**




**रामगढ़।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के गणित विभाग में अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर दिनांक 17 मार्च 2026 को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने कहा ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई दीं। और उन्होंने कहा कि गणित के बिना मानव जीवन की कल्पना असंभव है। सचिव प्रियंका कुमारी ने अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ दी। और उन्होंने कहा कि गणित न केवल संख्याओं का विज्ञान है, बल्कि यह तर्क, सोच और जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन सिखाता है।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने कहा कि भारतीय गणितज्ञों आर्यभट्ट, भाषकाराचार्य, शकुंतला देवी इत्यादि अनुसंधान के बिना विज्ञान के क्षेत्र मे विकास असंभव था। कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल ने भारतीय गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन जैसे शख्सियत की प्रशंसा करते हुए कहा की गणित के क्षेत्र में इनका योगदान सराहनीय है। परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ)अशोक कुमार ने पूर्ववर्ती छात्रों की प्रशंसा की तथा उनके द्वारा व्यक्त किए गए विचारों की सराहना की। इस अवसर पर गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विजय कुमार पांडेय ने अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन क्यों किया जाता है, इस पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन ने पाई का वैल्यू 3.14 बताया था, इसके कारण अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस मार्च, वर्ष का तीसरा महीना तथा 14 तारीख को मनाया जाता है।

# रामपुर बुचई में रामनवमी पूजा को लेकर बैठक, कमेटी का किया गया गठन

- रामनवमी पूजा धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रामपुर बुचई में रामनवमी पूजा के आयोजन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता द्वारिकानाथ पासवान ने की, जबकि संचालन सुरेंद्र पासवान ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रामनवमी पूजा धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी।

आयोजन को सफल बनाने के लिए एक समिति का गठन किया गया। इसमें अनिल पासवान को अध्यक्ष, वीरेंद्र पासवान को उपाध्यक्ष, सुधीर पासवान को सचिव, इंद्रदेव पासवान को सह सचिव तथा बहादुर पासवान और चंदन पासवान को कोषाध्यक्ष बनाया गया।इसके अलावा महावीर झंडा समिति का भी गठन किया गया जिसमें प्रयाग पासवान को अध्यक्ष, मिश्रा लाल पासवान को उपाध्यक्ष, छोटेलाल पासवान को सचिव तथा लखन पासवान को सह सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सकलदेव पासवान, विकास पासवान, दिनेश पासवान, महेश पासवान, महावीर पासवान, मुकेश पासवान, त्रिभुवन पासवान, शिव शंकर पासवान, लक्ष्मी शंकर पासवान, अर्जुन पासवान, मनोज पासवान, संजय पासवान समेत अन्य लोगों को विभिन्न जिम्मेदारियां दी गई।

# डाक विभाग ने जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

**रामगढ़।** हजारीबाग डाक अधीक्षक निरंजन कुमार, सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान और डाक निरीक्षक आशीष कुमार पांडे के दिशा निर्देश पर जिला भर में डाक कर्मचारियों द्वारा डाक विभाग के जन कल्याणकारी योजनाओं को घर घर पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। बुधवार को रामगढ़ सब डिवीजन के मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय ने अपने सहकर्मी शुभम सौरव के साथ रामगढ़ थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पांडे जी से शिष्टाचार मुलाकात कर डाक विभाग का गंगाजलऔर डाक विभाग का वार्षिक कैलेंडर दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि आज जीवन में सभी को जीवन के प्रति सजग रहने के साथ सुरक्षित जीवन के लिए बीमा आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे पुरानी बीमा योजना में डाक विभाग की बीमा सबसे अच्छी है।उन्होंने कहा डाक विभाग के लोग अब हमलोगों के पास आकर अपनी सभी योजनाओं को बता रहे हैं जबकि पहले हमे डाकघर में जाकर जानकारी प्राप्त करना पड़ता था।डाक विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यो की उन्होंने सराहना की। मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय ने कहा कि आज कई लोगों का डाक जीवन बीमा ग्रामीण डाक जीवन बीमा,बचत खाता,सुकन्या समृद्धि खाता,भविष्य निधि खाता,आवर्ती खाता सहित अन्य कई प्रकार के खाता खोला गया।रामगढ़ प्रधान डाकघर में बच्चों का आधार कार्ड बनाया जा रहा है,आधार अपडेट किया जा रहा है।

### अतिक्रमण पर प्रशासन का सख्त प्रहार, नोटिस की अवहेलना पड़ी भारी

# धनबाद रोड, गया रोड और बरही चौक सहित प्रमुख स्थानों पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**नवीन मरेल संवाददाता**



**बरही।** निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को बरही में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। बीडीओ जयपाल महतो एवं सीओ चंद्रशेखर कुणाल के नेतृत्व में सड़क किनारे किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान प्रशासन का रुख काफी कड़ा नजर आया, जिससे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया और लोग आनन-फानन में अपने ठेले व दुकानें समेटने लगे। धनबाद रोड, गया रोड और बरही चौक सहित प्रमुख स्थानों पर दो जेसीबी, ट्रैक्टर एवं भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान चलाकर कई अवैध संरचनाओं को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने किसी की अपील नहीं सुनी और कई सामान भी जब्त किए गए।

सीओ कुणाल ने स्पष्ट कहा कि दोबारा अतिक्रमण करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सब्जी बाजार को एनएचएआई के पास तथा मछली बाजार को अग्रवाल गली में स्थानांतरित किया जाएगा। एनएचएआई के समीप स्थित दुकानदारों के अनुरोध पर उन्हें 31 मार्च तक का समय दिया गया है। प्रशासन ने साफ किया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# बरही में निकला दूसरा मंगला जुलूस, प्रशासन रही मुस्तैद

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** रामनवमी के अवसर पर दूसरा मंगला जुलूस बरही सहित आसपास के विभिन्न पंचायतों में पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ निकाला गया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ों ने पारंपरिक शैली में जुलूस निकालकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भगवा ध्वज, नगाड़ों की गूंज और "जय श्रीराम" के नारों से पूरा बरही गुंजायमान हो उठा। पूरे शहर में मंगला जुलूस की धूम देखी गई।जुलूस में शामिल भगवती मंदिर, महावीर मंडल, अंजनी अखाड़ा, बजरंग अखाड़ा, हनुमान सेना एवं राम अखाड़ा के रामभक्तों ने पारंपरिक हथियारों के साथ आकर्षक करतब का प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। जगह-जगह लोगों ने जुलूस का स्वागत भी किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, बीडीओ जयपाल महतो तथा पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी दल-बल के साथ पूरे जुलूस पर नजर बनाए रहे। वहीं, महानवमी समिति के संरक्षक रमेश ठाकुर, अध्यक्ष भगवान केसरी, मेवालाल केसरी, सुनील साव सहित अन्य पदाधिकारी भी सक्रिय रूप से व्यवस्था संभालते दिखे। जुलूस शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## न्यूज बॉक्स

### उपायुक्त ने नवनिर्वाचित नगर परिषद अध्यक्ष और वार्ड पार्षदों को दिलाई शपथ



**रामगढ़।** नगर परिषद रामगढ़ के नवनिर्वाचित नगर परिषद अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित नगर परिषद अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों ने विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा एवं निष्ठा रखते हुए तथा भारत की सार्वभौमिकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए अपने कर्तव्यों का श्रद्धापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली।

### बेहतर सिंचाई व्यवस्था से किसानों को खेती में सहूलियत मिलेगी : सुधीर मंगलेश



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड अंतर्गत सिकनी पंचायत के जाराटांड में कृषि सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर स्थल का निरीक्षण किया गया। स्थानीय विधायक ममता देवी के निर्देश पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस प्रवक्ता एवं मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश ने क्षेत्र का दौरा कर सिंचाई की संभावनाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जाराटांड क्षेत्र में कृषि सिंचाई की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए उपलब्ध जल स्रोतों, नाला एवं खेतों तक पानी पहुंचाने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सुधीर मंगलेश ने कहा कि स्थानीय विधायक ममता देवी क्षेत्र के किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत हैं और उनके निर्देश पर ही इस क्षेत्र का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि यहां समुचित सिंचाई व्यवस्था विकसित की जाती है तो आसपास के किसानों को खेती के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। इससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। सुधीर मंगलेश ने बताया कि निरीक्षण से संबंधित प्रतिवेदन विधायक ममता देवी को सौंपा जाएगा, ताकि शीघ्र ही इस दिशा में आवश्यक पहल करते हुए किसानों के हित में कार्य शुरू कराया जा सके। मौके पर शिवचरण महतो, मोजाहिद अंसारी आदि उपस्थित थे।

### माता वैष्णो देवी मंदिर में बसंती नवरात्रा आज से, 27 मार्च को लगेगा भंडारा



**रामगढ़।** पंजाबी हिन्दू बिरादरी के तत्वावधान में शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर में बासंती नवरात्रा के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को कलश स्थापना के बाद नवरात्र पूजन से होगा। माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्र पूजन 19 मार्च से प्रतिदिन प्रातः नौ बजे से प्रारंभ होगा। पूजन में मुख्य यजमान नितिन कपूर एवं उनकी पत्नी मनीषा कपूर होंगे। श्री वासुदेव ने बताया कि आगामी 25 मार्च को मंदिर परिसर में श्री श्याम मंडल रामगढ़ द्वारा माता की चौकी, 26 मार्च को हवन-कंजक पूजन एवं 27 मार्च को सुबह 8 बजे से भंडारा का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### चैती नवरात्र आज से शुरू, सर्वार्थ सिद्धि योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है



**रामगढ़।** चैत्र नवरात्रि 2026 की शुरुआत 19 मार्च से हो रही है, जो बेहद विशेष मानी जा रही है क्योंकि इस बार शुक्ल योग, ब्रह्म योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इन शुभ योगों में कलश स्थापना, देवी पूजन और खरीदारी करना अत्यधिक फलदायी और सुख-समृद्धि देने वाला माना जाता है। यह बातें जाने माने ज्योतिषी मिथलेश तिवारी ने 18 मार्च को कही। उन्होंने बताया कि चैत्र नवरात्रि के प्रमुख शुभ योगः शुक्ल योगः 19 मार्च को सुबह से लेकर मध्यरात्रि बाद 01:17 बजे तक रहेगा, जो शांति और सफलता के लिए उत्तम है। ब्रह्म योगः 19 मार्च की रात 01:17 बजे से 20 मार्च की रात तक रहेगा, जो मनोकामना पूर्ण करने वाला माना जाता है। सर्वार्थ सिद्धि योगः 20 मार्च को सुबह 04:05 बजे से 06:25 बजे तक रहेगा, जो कार्यों में सफलता और समृद्धि के लिए श्रेष्ठ है। मां दुर्गा का आगमनः तिवारी ने बताया कि इस वर्ष मां दुर्गा पालकी पर सवार होकर आ रही हैं, और माता का गमन गए यानी हाथी पर होगा जो ज्योतिष के अनुसार शुभ संकेत है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चार विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मासीपीढ़ी से हिमांशु कुमार दास, पिता पितांबर दास तथा अर्पण कुमार दास ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में क्रमशः 95% और 88% मार्क्स लाकर बरकट्ठा क्षेत्र का मान बढ़ाया है।वहीं कलहाबाद स्थित ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन के दो विद्यार्थियों ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल किया है।जिसमें प्लस टू उच्च विद्यालय कलहाबाद के विद्यार्थी आर्यन कुमार पिता दयानंद प्रसाद तथा ग्राम गंगपाचो निवासी आशीष कुमार पिता अशोक कुमार मंडल शामिल हैं। दोनों विद्यार्थियों को कक्षा छह नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में क्रमशः 18वां और 28वां रैंक प्राप्त हुआ है। ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन के संस्थापक बीएल प्रसाद, प्रबंधन टीम प्रमुख संजय प्रसाद, शिक्षक सुरेश प्रसाद समेत अन्य लोगों ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

# पुलिस को मिले 15 नए वाहन, गश्ती व्यवस्था होगी मजबूत



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** राज्य सरकार द्वारा आम नागरिकों को बेहतर एवं सुदृढ़ पुलिस सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस विभाग को नए वाहनों की सौगात दी गई है। इसी क्रम में सिमडेगा जिले को 15 चारपहिया वाहन आवंटित किए गए हैं, जिन्हें पुलिस केंद्र सिमडेगा से विभिन्न थाना एवं ओपी को औपचारिक रूप से सुपुर्द किया गया।

वाहन वितरण कार्यक्रम में उपायुक्त कंचन सिंह, पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस खोटरे, उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी तथा डीएसपी रणवीर सिंह उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी थाना प्रभारियों को एक-एक वाहन की चाबी सौंपते हुए इसे विधिवत रूप से थानों को समर्पित किया।अधिकारियों ने कहा कि इन नए वाहनों के शामिल होने से पुलिस की गश्ती व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी। इससे अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था बनाए रखने और आम लोगों को त्वरित सहायता पहुंचाने में मदद मिलेगी।कार्यक्रम के दौरान एक विशेष दृश्य तब देखने को मिला जब पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस खोटरे ने स्वयं वाहन चलाकर उसकी कार्यक्षमता का निरीक्षण किया। उन्होंने सिमडेगा शहर के मुख्य मार्ग, भट्टीटोली और बीच मोहल्ला होते हुए समाहरणालय तक वाहन चलाया। इस दौरान उपायुक्त कंचन सिंह एवं उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी भी वाहन में सवार रहे।उपायुक्त कंचन सिंह ने कहा कि नए वाहनों से जिले में महिला हिंसा सहित अन्य अपराधों की रोकथाम में सहायता मिलेगी। वहीं पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस खोटरे ने बताया कि जिले के कई थानों के पुराने वाहन कंडम हो चुके थे, जिससे कार्य में बाधा आ रही थी। नए वाहनों के मिलने से अब पुलिस को क्षेत्र में प्रभावी ढंग से गश्त करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में काफी सुविधा होगी।अधिकारियों ने विश्वास जताया कि इस पहल से जिले में पुलिस व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा जनता को त्वरित, सुलभ और बेहतर पुलिस सेवा मिल सकेगी।

## जल अर्पण दिवस पर जल संरक्षण का संदेश, गोबरधसा में कार्यक्रम

**सिमडेगा।** जल महोत्सव पखवाड़ा के तहत 'जल अर्पण दिवस' का आयोजन जल जीवन मिशन के अंतर्गत कोलेबिरा प्रखंड के गोबरधसा गांव, पंचायत नवाटोली में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त कंचन सिंह, जिला परिषद सदस्य रोस प्रतिमा सोरेंग, कार्यपालक अभियंता मुकेश कुमार, अंचलाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी अनुप कच्छप तथा स्कूली छात्रों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम में अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। जल सहिया एवं ग्रामीणों ने स्वागत गीत और पुष्पगुच्छ भेंट कर आगंतुकों का अभिनंदन किया। अपने संबोधन में उपायुक्त कंचन सिंह ने कहा कि गांव के लोगों ने सामूहिक प्रयास से जल प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने नल-जल योजना और जल टंकी के बेहतर रख-रखाव की सराहना करते हुए इसे अन्य गांवों के लिए प्रेरणादायक बताया।उपायुक्त ने जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पानी की कमी का सबसे अधिक असर महिलाओं पर पड़ता है, इसलिए उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने ग्रामीणों से जल की बर्बादी रोकने और दूसरों को जागरूक करने की अपील की, साथ ही अत्यधिक भू-जल दोहन से बचने की सलाह दी।




कार्यक्रम के दौरान जल एवं वन संरक्षण पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके बाद उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा जल मीनार के समीप प्रतीकात्मक रूप से जल अर्पित कर जागरूकता का संदेश दिया गया।इस अवसर पर जल संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जल सहिया और कर्मियों को सम्मानित किया गया। प्रवीण बारला को बेहतर प्लंबर कार्य तथा एमलेन सुरीन को जलकर वसूली एवं पेयजल योजना के रख-रखाव में योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, पंचायत सदस्य, जल सहिया एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नगर परिषद ने नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** नगर परिषद चुनाव में जीत के बाद पहली बार नगर परिषद कार्यालय पहुंचे नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का शुक्रवार को भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान नगर परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी वार्ड पार्षदों का कर्मियों ने पारंपरिक तरीके से अभिनंदन किया।नगर परिषद कार्यालय परिसर में कर्मचारियों ने दरवाजे पर खड़े होकर पुष्पगुच्छ और स्वागत के साथ सभी जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन किया। इस दौरान उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। नगर उपाध्यक्ष ने कार्यालय में प्रवेश करने से पहले माथा टेककर आशीर्वाद लिया, वहीं नगर अध्यक्ष ने सभी कर्मियों से हाथ मिलाकर अंदर प्रवेश किया।इसके बाद आयोजित संक्षिप्त बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों ने नगर के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने शहर की साफ-सफाई, पेयजल, सड़क, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता देने की बात कही।जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें चुना है, उस पर खरा उतरना उनकी जिम्मेदारी है। नगर परिषद प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के आपसी समन्वय से शहर के विकास कार्यों को गति दी जाएगी, ताकि आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# सिमडेगा कांग्रेस से निष्कासित नेताओं का विरोध, फैसले पर उठाए सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कांग्रेस पार्टी से निलंबित किए गए आकाश सिंह,नमिता बा,पतरस एक्का और शिशिर मिंज ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पार्टी नेतृत्व के फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई। नेताओं ने निष्कासन की प्रक्रिया को गलत बताते हुए इसे एकतरफा कार्रवाई करार दिया। आकाश सिंह ने कहा कि उन्होंने वर्षों तक पार्टी को मजबूत करने के लिए मेहनत की है और पार्टी उनके लिए मां के समान रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निकाय चुनाव में हुई हार का ठीकरा कुछ चुनिंदा लोगों पर मढ़ दिया गया,जबकि असली कारणों की अनदेखी की गई। आकाश सिंह ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा खुद जिलाध्यक्ष भी हैं और उनकी पत्नी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष है,ऐसे में नैतिकता के आधार पर इसकी जिम्मेवारी दोनों को लेते हुए जिलाध्यक्ष पद से इस्तीफा



दे देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी अब कुछ लोगों के परिवार तक सीमित होकर रह गई है। आकाश सिंह ने यह भी बताया कि उन्होंने ओलिवर लकड़ा के समर्थन में नामांकन फार्म भरा था,लेकिन सेराफिनुस कुल्लू पार्टी का सदस्य नहीं था,ऐसे में उसका समर्थन करना संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि उनकी विचारधारा आज भी कांग्रेसी है। वहीं नमिता बा ने कहा कि उन्होंने चुनाव के दौरान कोई भी पार्टी विरोधी गतिविधि नहीं की। वे केवल वार्ड तक सीमित रहीं और पार्टी समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में काम किया। उन्होंने कहा कि वे हमेशा पार्टी के लिए सक्रिय रही हैं और हर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। नमिता बा ने मांग की कि प्रदेश कांग्रेस समिति इस पूरे मामले की आंतरिक जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई करे। चारों नेताओं ने एक स्वर में कहा कि सिर्फ एक व्यक्ति के कारण इस तरह का फैसला लेना उचित नहीं है और इससे पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटेगा। उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताया।

# बच्चों और शिक्षकों को दी पोक्सो अधिनियम से संबंधित जानकारी

- **450 से अधिक शिक्षक-विद्यार्थी हुए कार्यशाला में शामिल**

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सिमडेगा द्वारा नगर भवन के सभागार में बाल अधिकार, बाल संरक्षण एवं पोक्सो अधिनियम पर जिला स्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश केरकेट्टा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमुनी कुमारी, जिला नियोजन पदाधिकारी आशा लकड़ा, सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान तथा डायट प्राचार्य दीपक राम द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।प्राचार्य दीपक राम ने स्वागत भाषण में कहा कि लैंगिक अपराध आज गंभीर समस्या है और बच्चों की सुरक्षा



समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पोक्सो अधिनियम के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक स्मिथ कुमार सोनी ने कहा कि मानव तस्करी और लैंगिक अपराध आपस में जुड़े हैं तथा अशिक्षा इसके प्रमुख कारणों में शामिल है।जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बाल विवाह और लैंगिक अपराध को सामाजिक समस्या बताते हुए जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता जताई तथा हेल्पलाइन 1098 और 181 की जानकारी दी। सिविल सर्जन ने नशापान को कई अपराधों की जड़ बताते हुए इसके नियंत्रण पर बल दिया।अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र ने कहा कि बाल अपराध केवल परिवार नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# ऑर्गेनिक खेती से सालाना 5 लाख कमाकर बने किसानों के प्रेरणास्रोत

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड के टीनगिना पंचायत अंतर्गत टीनगिना गांव के प्रगतिशील किसान राजेंद्र काशी के खेत पहुंचकर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) जलडेगा डॉ प्रवीण कुमार ने उन्हें प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर प्रखंड का नाम रोशन करने के लिए सम्मानित किया। इस दौरान बीडीओ ने उनके खेतों का निरीक्षण भी किया और उनकी खेती की पद्धति की सराहना की। राजेंद्र काशी क्षेत्र के एक प्रगतिशील किसान हैं, जिन्होंने प्राकृतिक (ऑर्गेनिक) खेती को अपनाकर अपनी आय तीन से चार गुना तक बढ़ा ली है। वे बिना रासायनिक खाद के खेती कर



रहे हैं, जो क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक और अनुकरणीय बन चुका है।बताया गया कि लगभग 6-7 वर्ष पूर्व उन्हें मनरेगा योजना के तहत सिंचाई कूप मिला था तथा तीन वर्ष पहले मिश्रित आम बागवानी योजना का लाभ भी मिला। इसी सिंचाई सुविधा का उपयोग करते हुए उन्होंने लगभग डेढ़ एकड़ जमीन में मल्टी क्रॉपिंग शुरू की। इस जमीन से वे सालाना लगभग 5 लाख रुपये तक की आय प्राप्त कर रहे हैं। राजेंद्र काशी अपने आम के बागान के बीच में फूलों की खेती के साथ-साथ आलू, मूली, सरसों, अदरक और हल्दी की भी खेती कर रहे हैं। उनकी खेती की खास बात यह है कि उनके खेत में उगी एक हल्दी की गांठ का वजन लगभग 18 किलो तक पहुंचा था, जिसके लिए उन्हें सिमडेगा में पुरस्कार भी दिया गया था।

## नव संवत्सर 2083 के स्वागत में आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सलडेगा के तत्वावधान में विक्रम संवत 2083 के स्वागत को लेकर भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, परंपरा और नवचेतना का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है।प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि शोभायात्रा विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर प्रिंस चौक होते हुए नीचे बाजार तक जाएगी। इसमें विद्यालय के छात्र-छात्राएं, आचार्यगण एवं दीदी भाग लेंगे और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सुसज्जित कलश यात्रा होगी, जिसमें छात्राएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगी। पूरे मार्ग में नव वर्ष के स्वागत में जयघोष, देशभक्ति एवं सांस्कृतिक नारों से वातावरण उत्साहपूर्ण रहेगा।

## ठेठईटांगर में आंधी-तूफान से भारी नुकसान, जनजीवन प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के कोरोमिंया पंचायत में आए तेज आंधी-तूफान ने व्यापक तबाही मचाई है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। अचानक आए इस प्राकृतिक आपदा के कारण कई घरों को नुकसान पहुंचा है और आम लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।भुटकुदर गांव निवासी ललित सोरेंग का कच्चा मकान तेज हवा की चपेट में आ गया। तूफान के दौरान उनके घर की छत पूरी तरह उड़ गई, जिससे घर के अंदर रखा सामान भी भीगकर खराब हो गया। आर्थिक रूप से कमजोर ललित सोरेंग ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं



रंगाडीपा गांव में एक विशाल इमली का पेड़ मुख्य सड़क पर गिर जाने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। सड़क जाम होने के कारण लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है और यातायात ठप हो गया है।घटना की सूचना प्रखंड प्रमुख विपीन पंकज मिंज और कोलेबिरा विधायक नमन विकसल कोनगाड़ी को दी गई है। प्रखंड प्रमुख ने प्रशासन को तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता दी जाएगी।

**मुद्दे पर चर्चा** सदन में विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने उठाया बिजली व्यवस्था का मुद्दा

# बिजली समस्याओं पर विधायक ने सरकार को घेरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने झारखंड विधानसभा में तारांकित प्रश्न के माध्यम से क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था से जुड़े कई अहम मुद्दों को उठाया। उन्होंने खासकर सिमडेगा जिले के गांवों में नए विद्युतीकरण, पुराने जर्जर तारों को बदलने और पोल लगाने की योजना पर सरकार से जवाब मांगा। विधायक ने पूछा कि क्या कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में नए विद्युत कनेक्शन के साथ-साथ पुराने जर्जर पोल और तारों को बदलने का कार्य किया जा रहा है। इस पर विभागीय मंत्री ने जवाब देते हुए बताया कि यह बात स्वीकार्य है और योजनाओं के तहत कार्य जारी है।आगे विधायक ने जिले के कई गांवों में अब भी अधूरे विद्युतीकरण का मुद्दा उठाया, जिस पर सरकार ने आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए बताया कि शेष कार्यों को पूरा करने की प्रक्रिया चल रही है।सरकार की ओर से जानकारी दी गई कि जिले के सभी राजस्व गांवों का विद्युतीकरण किया जा चुका है, जबकि MUJY योजना के तहत छूटे हुए 678 टोला में बिजली पहुंचाने का काम चल रहा है। इनमें से करीब 200 टोला में कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष में तेजी से काम जारी है।इसके अलावा RDSS योजना के अंतर्गत पुराने एवं जर्जर नंगे तारों को LT AB केबल से बदलने का प्रावधान है। सरकार ने स्पष्ट किया कि जहां पुराने पोल सही स्थिति में हैं, उनका उपयोग किया जा रहा है, जबकि जरूरत पड़ने पर नए पोल भी लगाए जा रहे हैं।विधायक कोंगाड़ी ने कार्यों में अनियमितता और डीपीआर के अनुरूप काम नहीं होने की शिकायतों पर भी सवाल उठाया। इस पर सरकार ने कहा कि योजनाओं के तहत कार्य नियमानुसार किए जा रहे हैं। और शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों द्वारा जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाती है।



## विधानसभा में कोलेबिरा विधायक ने उठाया सिंचाई सुविधा का मुद्दा

**सिमडेगा।** कोलेबिरा के विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने विधानसभा सत्र के दौरान क्षेत्र में सिंचाई सुविधा की कमी से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा जंगल एवं पहाड़ी है, जहां सिंचित भूमि बहुत कम है और किसान पूरी तरह वर्षा पर निर्भर हैं।विधायक द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या-34 के जवाब में जल संसाधन विभाग ने बताया कि क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। विभाग के अनुसार, विगत वर्षों में 37 चेकडैम/श्रृंखलाबद्ध चेकडैम एवं 1 वृहद योजना का निर्माण किया गया है। साथ ही 18 तालाब, आहर एवं मध्यम सिंचाई योजनाओं का पुनर्स्थापन किया गया, जिससे लगभग 6294 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई गई है।सरकार ने यह भी जानकारी दी कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 3 नए चेकडैम निर्माणाधीन हैं तथा 1 मध्यम सिंचाई योजना का पुनर्स्थापन किया जा रहा है। इसके अलावा 1 नई योजना को प्रशासनिक स्वीकृति भी दी गई है, जिससे 426 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में सिंचाई सुविधा विकसित होने की संभावना है।सरकार ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र में लघु सिंचाई योजनाओं के लिए सर्वेक्षण किया जा रहा है और भविष्य में तकनीकी एवं बजटीय स्वीकृति के आधार पर और योजनाएं शुरू की जाएंगी।विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी द्वारा इस मुद्दे को सदन में उठाने से क्षेत्र के किसानों को आने वाले समय में बेहतर सिंचाई सुविधाएं मिलने की उम्मीद बढ़ी है।

# न्यूज बॉक्स

## बाल श्रम रोकथाम को लेकर पाकरटांड़ में चला निरीक्षण अभियान

**सिमडेगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में पाकरटांड़ प्रखंड क्षेत्र में बाल श्रम रोकथाम को लेकर विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान श्रम अधीक्षक कार्यालय एवं डालसा की टीम ने संयुक्त रूप से विभिन्न प्रतिष्ठानों और ईंट भट्ठों में जांच के लिए पहुंचे। अभियान के दौरान लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया कि बाल मजदूरी एक अपराध है और किसी भी परिस्थिति में बच्चों से काम नहीं कराया जाना चाहिए। टीम ने चेतावनी दी कि बाल श्रम करते पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ विधि सम्मत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पाकरटांड़ क्षेत्र में कहीं भी बाल मजदूरी का मामला सामने नहीं आया,जिसे सकारात्मक संकेत माना गया। अभियान में श्रम अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह और उनकी की टीम के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पीएलवी लालचंद नायक,बालचंद सिंह एवं योगेंद्र पंडा उपस्थित रहे।

## एकीकृत जेंडर संसाधन केंद्र व वॉव हब का शुभारंभ, महिला सशक्तिकरण पर जोर

**सिमडेगा।** जिले के कुरडेग प्रखंड में 17 मार्च 2026 को एकीकृत जेंडर संसाधन केंद्र सह वॉव हब का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी देवी, प्रखंड प्रमुख, सांसद प्रतिनिधि, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी, जेएसएलपीएस के प्रखंड प्रबंधक, ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया तथा मॉडल संकुल स्तरीय संघ के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।यह पहल महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा और आजीविका को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह केंद्र दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया तथा मॉडल संकुल स्तरीय संघ के सहयोग से विकसित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह केंद्र पारंपरिक महिला सहायता केंद्रों से अलग है, क्योंकि इसमें लैंगिक न्याय, लैंगिक आधारित हिंसा से जुड़े मामलों में सहायता, जागरूकता, कौशल विकास और रोजगार समर्थन को एक ही मंच पर जोड़ा गया है। जेंडर संसाधन केंद्र के माध्यम से महिलाओं को योजनाओं की जानकारी, परामर्श सेवा, अल्पकालीन ठहराव तथा आवश्यकतानुसार अन्य संस्थानों से संपर्क सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## केतुंगा धाम की ऐतिहासिक बुद्ध प्रतिमा नहीं हटाने पर ग्रामसभा की बैठक में सर्वसम्मति

**सिमडेगा।** बानो प्रखंड के ग्राम कुरुचड़ेगा में केतुंगा धाम न्यास समिति एवं ग्राम सभा की एक महत्वपूर्ण बैठक ग्राम सभा अध्यक्ष सुकरा केरकेट्टा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि केतुंगा धाम के ठरकी टॉड में स्थित ऐतिहासिक गौतम बुद्ध की प्रतिमा को किसी भी स्थिति में अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किया जाएगा।बैठक में बताया गया कि यह प्रतिमा बानो और केतुंगा धाम की ऐतिहासिक धरोहर है, जिसका संबंध सम्राट अशोक के काल से जोड़ा जाता है। मान्यता है कि कलिंग युद्ध के बाद बौद्ध धर्म अपनाने के पश्चात सम्राट अशोक अपनी सेना के साथ लौटते समय कुछ दिनों के लिए केतुंगा धाम के समीप नदी किनारे रुके थे, उसी दौरान इस प्रतिमा की स्थापना कराई गई थी। यह धरोहर लगभग 261 ईसा पूर्व की मानी जाती है।ग्रामीणों ने बताया कि यह स्थल पुरातत्व विभाग में पंजीकृत है, लेकिन अब तक यहां कोई ठोस विकास कार्य नहीं किया गया है। वर्तमान में यहां पत्थरों के कई अवशेष बिखरे पड़े हैं, जो उपेक्षा की स्थिति को दर्शाते हैं।

## मुखिया के प्रयास से एल्ला जड़िया टोली मार्ग से गिरी डाल हटी, आवागमन बहाल

**बानो।** बानो प्रखंड के सोय पंचायत अंतर्गत एल्ला जड़िया टोली के पास मुख्य सड़क पर गिरी विशाल आम के पेड़ की डाल को हटा दिया गया, जिससे बाधित आवागमन फिर से सामान्य हो गया। यह सड़क बानो से कोनसोदे, एल्ला, महाबुआंग और तिनसोंगड़ा को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है।जानकारी के अनुसार, सोमवार को अचानक पेड़ की भारी डाल सड़क पर गिरने से यातायात पूरी तरह ठप हो गया था। इससे स्थानीय लोगों और यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया सोमवारी कैथवार मौके पर पहुंचीं और रास्ता साफ कराने का प्रयास किया, लेकिन जेसीबी मशीन उपलब्ध नहीं होने के कारण तत्काल काम नहीं हो सका।बुधवार सुबह मुखिया के प्रयास से जेसीबी मशीन मंगाकर डाल को हटाया गया, जिससे मार्ग पूरी तरह साफ हो गया।


## अनियंत्रित कार ने बिजली खंभे को मारी टक्कर, चालक फरार

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के गांगुटोली टीकुमटोली के पास एक कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि खंभे को नुकसान पहुंचा, वहीं घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। बताया गया कि कार कोलेबिरा से राउरकेला की ओर जा रही थी। इसी दौरान गांगुटोली टीकुमटोली के पास चालक का नियंत्रण वाहन से हट गया और कार सीधे बिजली के खंभे से जा टकराई। घटना की सूचना मिलते ही जलडेगा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच में जुट गई है।_थानीय लोगों के अनुसार हादसे के बाद चालक गाड़ी छोड़कर मौके से भाग गया।

## सिमडेगा पुलिस ने 81 चोरी व गुम मोबाइल बरामद कर मालिकों को लौटाए

**सिमडेगा।** अपराध नियंत्रण और जनहित को प्राथमिकता देते हुए सिमडेगा पुलिस ने चोरी एवं गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने तकनीकी सहायता से जिले के विभिन्न थानों में दर्ज मामलों के आधार पर कुल 81 मोबाइल फोन बरामद किए।बरामद मोबाइल फोन को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा गया। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे पर खुशी देखी गई। कई लोगों ने बताया कि उन्होंने अपने फोन मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन पुलिस के प्रयास से उन्हें राहत मिली।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मोबाइल आज लोगों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है, इसलिए उसकी बरामदगी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पुलिस ने अपील की है कि मोबाइल चोरी या गुम होने पर तुरंत नजदीकी थाना में शिकायत दर्ज कराएं या सीईआईआर पोर्टल पर आवेदन करें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर मोबाइल को ट्रैक कर बरामद किया जा सके।

## सिमडेगा में अपराध गोष्ठी आयोजित, त्योहारों को लेकर पुलिस को सतर्कता के निर्देश



**सिमडेगा।** पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस खोटरे की अध्यक्षता में बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में अपराध गोष्ठी एवं पुलिस सभा का आयोजन किया गया। बैठक में फरवरी माह में दर्ज एवं निष्पादित कांडों की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित निष्पादन और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान पर जोर दिया गया।आगामी ईद-उल-फितर, सरहुल और रामनवमी त्योहारों को लेकर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतने, शांति समिति की बैठक करने तथा प्रभावी गश्ती बढ़ाने के निर्देश दिए।बैठक में कांडों का 60 से 90 दिनों के भीतर निष्पादन, वारंट का समय पर क्रियान्वयन, सक्रिय अपराधियों और नक्सलियों का सत्यापन, संपत्ति संबंधी अपराधों पर नियंत्रण तथा जमानतदारों की जांच सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही सड़क सुरक्षा के तहत वाहन जांच अभियान तेज करने और यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया गया।

### विधायक बोले-जगह-जगह जुलूस को रोका जा रहा

# हजारीबाग में मंगला जुलूस रोकने का प्रशासन पर आरोप

● विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यही स्थिति रहेगी तो लोग रामनवमी जुलूस भी नहीं निकालेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** जिले में दूसरे मंगल जुलूस के दौरान सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन मंगला जुलूस को निकालने नहीं दे रही है। विधायक ने कहा कि जगह-जगह पर जो डीजे लगाया गया है, उसे प्रशासन द्वारा रोका या उतारा जा रहा है। जिससे राम भक्त काफी आहत है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर मंगला जुलूस नहीं निकालने दिया गया तो गुरुवार को हजारीबाग बंद कर दिया जाएगा। हालांकि इसके बाद जुलूस निकाला गया और विधायक लाठी भांजते भी दिखे। उन्होंने कहा कि पर्व त्यौहार के साथ प्रशासन की बर्बरता करवाई स्वीकार नहीं है। दरअसल, मंगला जुलूस के दौरान गाजा बाजा के साथ राम भक्त सड़कों पर उतरते हैं और मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्म उत्सव की तैयारी में लग जाते हैं। हजारीबाग की रामनवमी ऐतिहासिक है। होली के बाद पडने वाले हर एक मंगलवार को मंगला जुलूस निकाला जाता है। प्रशासन की हस्तक्षेप को लेकर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यही स्थिति रहेगी तो लोग रामनवमी जुलूस भी नहीं निकालेंगे। विधायक द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद मंगला जुलूस रात 8 बजे निकला, जो रात 2 बजे तक सड़कों पर रामभक्त नाचते गाते दिखे। जुलूस में सुरक्षा को लेकर मंगलवार सुबह से ही प्रशासन की गाड़ी सड़कों पर हुटर बजाते हुए दिखे। वहीं देर शाम होते-होते विभिन्न चौक चौराहों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई। ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो। सदर थाना में पुलिस के वरीय पदाधिकारी कैंप करते रहे। विभिन्न अखाड़े जुलूस के शक्ल में शहर के मुख्य मार्ग में दिखें। 6 से अधिक जुलूस झंडा चौक पहुंचे। जहां से महावीर स्थान मंदिर राम भक्त नाचते गाते पहुंचे। मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के बाद अपने अखाड़े लेकर रामभक्त वापस लौटे। इस दौरान विभिन्न चौक चौराहा पर राम भक्तों ने शक्ति प्रदर्शन दिखाया। परंपरागत हथियारों से लैस होकर राम भक्त नाचते गाते प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव की तैयारी में दिखे। जुलूस के दौरान मुख्य चौक चौराहों पर काफी भीड़ देखने को मिला। हजारीबाग की धरती राममय हो चुकी है। प्रदीप प्रसाद, हजारीबाग सदर विधायक ने कहा कि इस बार की रामनवमी ऐतिहासिक होगी।

### सरहुल पर्व को भव्य बनाने की तैयारी, जुलूस में शामिल होगा भोगता समाज

**गुमला।** प्रकृति पूजा के महान पर्व सरहुल को लेकर खरवार भोगता समाज विकास संघ, गुमला जिला की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को पालकोट रोड स्थित मंगल सिंह भोगता के होटल सभागार में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 21 मार्च को सरहुल पर्व को धूमधाम से मनाने तथा केंद्रीय सरहुल जुलूस में खोड़हा दल के साथ पारंपरिक अंदाज में शामिल होने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।
बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जीतू प्रधान ने की। इस अवसर पर प्रमंडलीय अध्यक्ष मंगल सिंह भोगता ने कहा कि सरहुल केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का प्रतीक है, जो जीवन के मूल आधार को सम्मान देने का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि 21 मार्च को समाज के सभी सदस्य पालकोट रोड स्थित सामाजिक कार्यालय में एकत्रित होकर विधि-विधान से सरना माता एवं प्रकृति की पूजा-अर्चना करेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि समाज के लोग पारंपरिक वेश-भूषा, झंडा, नगाड़ा, मांदर जैसे वाद्य यंत्रों एवं खोड़हा दल के साथ केंद्रीय सरहुल जुलूस में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए गांव-गांव में प्रचार-प्रसार करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही पूजन सामग्री, प्रसाद, सामूहिक भोजन एवं पारंपरिक वाद्य यंत्रों की व्यवस्था को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## जेजे कॉलेज को खो खो स्पर्धा के फाइनल में हराकर जुबिली महाविद्यालय चैंपियन



**नवीन मेल संवाददाता**

**भुरकुंडा।** जुबिली महाविद्यालय भुरकुंडा ने एक बार फिर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए बिनोबा भावे अंतर महाविद्यालय पुरुष खो-खो प्रतियोगिता 25-26 के फाइनल में जेजे कॉलेज झुमरी तिलैया को हराकर आठवीं बार विश्वविद्यालय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के कुल पांच महाविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया था। कर्णपुरा कॉलेज, बडकागांव में आयोजित इस प्रतियोगिता में जुबिली महाविद्यालय की ओर से 13 खिलाड़ियों की टीम ने भाग लिया। टीम में विकास कुमार, दुर्गा प्रसाद, अमन तिर्की, विजय बारला, निशांत सिंह, विनय कुमार, पवन मुंडा, रोहित सोरेन, बादल कुमार सिंह, अंकित कुमार, आशिष उरांव, भीम यादव और शिवचरन बेदिया शामिल थे। टीम के कोच नवीन कुमार के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और रणनीति का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान व्यक्तिगत प्रदर्शन में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्टता दिखाई। शिवचरन बेदिया को बेस्ट रनर तथा निशांत सिंह को बेस्ट चेजर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
इस जीत के बाद जुबिली महाविद्यालय, भुरकुंडा में खुशी का माहौल है।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बाल कृष्णा एवं खेल प्रभारी मनोज प्रसाद सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने टीम के शानदार प्रदर्शन पर खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## संवेदनशील जगहों पर पांच हजार पुलिस मित्र रहेंगे मुस्तैद



**गिरिडीह।** सांप्रदायिक दृष्टिकोण से गिरिडीह जिला काफी संवेदनशील रहा है। यहां छोटी-छोटी बातों पर भी लोग आपस में भिड़ जाते हैं। त्यौहार के समय ऐसी स्थिति बनने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में प्रशासन को भी पूरी चौकसी बरतनी पड़ती है। चूंकि आने वाले 10 - 11 दिनों के अंदर ईद, सरहुल, चैती छठ, चैती दुर्गा पूजा और रामनवमी जैसे पर्व हैं। ईद और सरहुल के एक ही दिन होने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में प्रशासन के द्वारा भी चौकसी बढ़ा दी गई है। हर एक थाने में शांति समिति की बैठक हो रही है। जहां पर भी जुलूस के रास्ते को लेकर विवाद है वहां के लोगों के संग बैठक हो रही है। प्रशासन के द्वारा निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। पूरी तैयारी को लेकर गिरिडीह के एसपी डॉ विमल कुमार से ईटीवी भारत ने खास बातचीत की। उनके द्वारा बताया गया कि सभी पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्द्रपूर्ण माहौल में निकालने के लिए गिरिडीह प्रशासन एवं पुलिस मित्रों का सहयोग ले रही है। यह एक ऐसा कॉन्सेप्ट है, जिसमें गांव मोहल्ले के जानकार लोग, शांतिप्रिय लोग पुलिस का सहयोग करते हैं तथा विधि व्यवस्था में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। एसपी डॉक्टर विमल ने बताया कि इस बार 5000 से अधिक पुलिस मित्रों को चयनित किया गया है, जिनका सहयोग पर्व में दिखेगा। एसपी ने बताया कि इसके अलावा गिरिडीह के सभी सोशल मीडिया ग्रुप अकाउंट पर पुलिस की पैनी नजर है। पुलिस टेक्निकल सेल की टीम हर एक ग्रुप पर निगाह रखे हुए है। उन्होंने कहा यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी समुदाय या समाज के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करता है या माहौल को खराब करने का प्रयास करता है।

### बीआरसी में विज्ञान प्रदर्शनी व क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**जलडेगा।** प्रखंड संसाधन केंद्र में मंगलवार को प्रारंभिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जलडेगा की छात्राएं चांदनी बड़ाईक एवं दिव्या केरकेट्टा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं क्विज प्रतियोगिता में पूजा कुमारी और संतोषी कुमारी ने प्रथम स्थान हासिल किया। सभी विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय, राजकीय कृत मध्य विद्यालय रामजड़ी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जलडेगा, प्लस टू उच्च विद्यालय ओडगा, राजकीय मध्य विद्यालय जलडेगा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बनजोगा, राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य उच्च विद्यालय पैतानो, मध्य विद्यालय सीलिंगा तथा मेयोमडेगा सहित कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## भारतीय नौजवान सेना के अध्यक्ष ने सीओ को सौंपा मांग पत्र

**भुरकुंडा।** भारतीय नौजवान सेना ने भुरकुंडा क्षेत्र में छाई लदे हाइवा वाहनों द्वारा नियमों के उल्लंघन का मामला को लेकर पतरातू सीओ को मांग पत्र सौंपा है।संगठन के अध्यक्ष विश्वरंजन सिन्हा ने पतरातू के अंचलाधिकारी मनोज चौरसिया को मांग पत्र सौंपते हुए 15 दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई करने की मांग की है। मांग पत्र में कहा गया है कि भुरकुंडा, रिवर साइड, बुध बाजार समेत आसपास के इलाकों में प्रतिदिन दर्जनों हाइवा वाहनों से छाई की ढुलाई की जा रही है। इस दौरान वाहन चालक नियमों की खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं। वाहनों में ओवरलोडिंग की जा रही है और छाई को त्रिपाल से ढंका भी नहीं जाता। जिसके कारण उड़ने वाली धूल से स्थानीय लोग काफी परेशान हैं। बताया कि तेज रफ्तार से चलने वाले इन भारी वाहनों के कारण सड़क हादसों की आशंका बनी रहती है। जिससे आमजन की सुरक्षा खतरे में है। भारतीय नौजवान सेना के अध्यक्ष ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस पर सख्त कार्रवाई की जाए और नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाए। कहा कि 15 दिनों के भीतर सकारात्मक पहल नहीं हुई। तो संगठन छाई लदे हाइवा वाहनों की ट्रांसपोर्टिंग पूरी तरह ठप कर देगा। पत्र की प्रतिलिपि भुरकुंडा ओपी प्रभारी को भी भेजी गई है।

## गुमला में मजदूरी हड़पने का आरोप, वन रक्षक पर कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** जिले में एक ओर जहां मजदूरों की मजदूरी भुगतान नहीं होने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है, वहीं दूसरी ओर एक महिला के बच्चों सहित लापता होने और महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम ने सामाजिक सरोकारों को भी उजागर किया है। डुमरी थाना क्षेत्र के लोहड़ा चिरैयां गांव में सामाजिक वानिकी योजना के तहत कार्य करने वाले ग्रामीण मजदूरों की मजदूरी भुगतान नहीं होने का मामला सामने आया है। टाना भगत शिष्ट मंडल प्रतिनिधि कमिटी, झारखंड प्रदेश, रांची के प्रधान सचिव नारायण भगत ने जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला को आवेदन देकर वन रक्षक मो. अकील अहमद पर मजदूरी रोकने का आरोप लगाया है। बताया गया है कि वर्ष 2024-25 में पौधारोपण एवं पौधशाला घेराबंदी कार्य में ग्रामीणों ने श्रम किया, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बावजूद उन्हें भुगतान नहीं मिला। मजदूरों का आरोप है कि बार-बार मांग करने पर भी केवल आश्वासन दिया जा रहा है। नारायण भगत ने मामले की जांच कर दोषी पर कार्रवाई एवं मजदूरी भुगतान की मांग की है। इस संबंध में उपायुक्त गुमला को भी प्रतिलिपि भेजी गई है। सदर थाना क्षेत्र के सरना टोली निवासी वीरेंद्र सिंह ने अपनी पत्नी ममता देवी के दो बच्चों सहित लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 10 मार्च को उनकी पत्नी बिना सूचना के घर से निकल गईं और तब से कोई पता नहीं चल सका है। परिजनों द्वारा खोजबीन के बाद भी सफलता नहीं मिलने पर पुलिस से मदद मांगी गई। पुलिस जांच में महिला की अंतिम लोकेशन रांची क्षेत्र में मिली है, जिसके आधार पर खोजबीन जारी है। पति ने आशंका जताई है कि उनकी पत्नी किसी अन्य व्यक्ति के साथ गई हो सकती है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच तेज कर दी है। महिला महाविद्यालय, गुमला में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## भुरकुंडा थाना में पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**भुरकुंडा।** सरहुल, ईद, रामनवमी पर्व को लेकर भुरकुंडा थानां में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सह एएसपी गौरव गोस्वामी, इंस्पेक्टर सतेन्द्र सिंह, भुरकुंडा थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार उपस्थित थे। बैठक में सरहुल, ईद और रामनवमी पर्व आपसी भाईचारगी और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। बैठक में सरहुल पूजा और शोभायात्रा को लेकर दो समितियों द्वारा अलग अलग मत होने के कारण मतभेद था। केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति 21 को पूजा और 22 मार्च को शोभायात्रा निकालने की बात कही गई। वहीं भुरकुंडा सरहुल मिलन समिति 21 को पूजा और 23 को शोभायात्रा निकालने पर अड़े थे। इस मामले को लेकर एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने दोनों समितियों को आपसी सामंजस्य बैठाकर एक दिन शोभायात्रा निकालने की बात कही। उन्होंने कहा कि भुरकुंडा कोयलांचल में सरहुल, ईद और रामनवमी पर्व आपसी भाईचारगी के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाता है। इस परंपरा को बरकरार रखे। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन के शरारती तत्वों पर पैनी नजर रहेगी। सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक बात नही फैलाये। किसी तरह के विवाद या सोशल मीडिया में आपत्तिजनक बात फैलाई जाती है। तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे। मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, डब्लू पांडेय, देवानन्द बेदिया, दशरथ यादव, रविन्द्र पासवान, किशुन नायक सहित दर्जनों मौजूद थे।

### साइबर ठगी के मामलों में पुलिस अधीक्षक ने लाखों कराए वापस

**सिमडेगा।** साइबर ठगी के मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए सिमडेगा पुलिस द्वारा साइबर सेल का गठन किया गया है।
पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस खोटरे के निर्देशन में साइबर सेल लगातार प्रभावी कार्रवाई करते हुए पीड़ितों को राहत पहुंचा रही है।पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस खोटरे ने साइबर सेल ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज मामलों में बैंकों और संबंधित संस्थानों से समन्वय स्थापित कर ठगी की राशि को फ्रीज कराया है। पीड़ितों को उनकी रकम वापस दिलाई गई है।

## जनगणना 2027 के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**गुमला।** भारत की जनगणना 2027 के सफल संचालन को लेकर सूचना भवन, गुमला के सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन शशिन्द्र कुमार बड़ाईक, अपर समाहर्ता-सह-जिला जनगणना पदाधिकारी, गुमला द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने जनगणना 2027 के प्रथम चरण के कार्यों को सभी स्तरों पर सावधानीपूर्वक एवं पूर्व निर्धारित कार्य योजना के अनुरूप संपादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें सटीकता एवं समयबद्धता अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन जनगणना कार्य निदेशालय, झारखंड, जनगणना केश्या नायक एवं सांख्यिकी अन्वेषक ग्रेड-2 राजा शंकर ठाकुर द्वारा किया जा रहा है। वहीं माधुरी बेक, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी-सह-अपर जिला जनगणना पदाधिकारी, गुमला द्वारा जनगणना 2027 के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी गई। बताया गया कि भारत की जनगणना 2027 दो चरणों में संपादित की जाएगी।

### अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा 22 मार्च को

# शहर होगा तिरंगामय, हर वर्ग समुदाय की रहेगी भागीदारी



● अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वापस एग्रीको मैदान होगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में शहीदों के सम्मान में निकाली जाने वाली यह यात्रा देश की भव्यतम यात्राओं में से एक "शहीद सम्मान यात्रा सह अखंड तिरंगा यात्रा" इस साल पुनः 22 मार्च रविवार को अपने 11 वें वर्ष में प्रवेश करते हुए पूरे उत्साह और जोश के साथ निकाली जा रही है।
यह यात्रा सुबह 9 बजे एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान से निकलेगी जो हर वर्ष की तरह एग्रीको गोलचककर, भालूबासा, साकची, वसंत सिनेमा, कालीमाटी रोड से आर डी टाटा चौक होते हुए पुलिस लाइन में भी अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वापस एग्रीको मैदान में आकर समाप्त होगी। नमन के संस्थापक अध्यक्ष अमरप्रीत सिंह काले ने आज शाम एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।
श्री काले ने बताया कि नमन शहीदों के सपनों को राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रध्वज के सम्मान एवं स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों के गौरव को जीवंत बनाए रखने के लिए समर्पित संस्था है. इस मंच के माध्यम से हम समाज में प्रेम,भाईचारा और सौहार्द कायम रखने का हर संभव प्रयास करते हैं. यह संस्था गैर राजनीतिक और गैर सांप्रदायिक भावना से प्रेरित होकर गठित की गई है जिसमें समाज के हर तबके और हर धर्म एवं समाज के गण्यमान व्यक्ति,चिकित्सक , शिक्षाविद, व्यवसायी, पत्रकार, पूर्व सैनिक सेवा परिषद,संपादक,मजदूर नेता तथा विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं आदि की पूर्ण सहभागिता रहती है.यात्रा के दौरान मां भारती का एक रथ आगे रहेगा। इसके अलावे चार झांकियां होंगी जिसमें बलिदानियों से संबंधित लाइव झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। पूरी यात्रा को सुचारु रुप से संचालितकरने के लिये नमन की पूरी टीम जोशों खरोस से जुटी हुई है।

## भुरकुंडा में भव्य मंगला जुलूस की सफलता पर हिन्दू समाज को दी बधाई



**भुरकुंडा ।** कोयलांचल भुरकुंडा में रामनवमी के पावन अवसर पर निकाली गई भव्य मंगला जुलूस की सफलता को लेकर समस्त हिन्दू परिवार भुरकुंडा कोयलांचल ने बधाई दी है। आयोजन से जुड़े लोगों ने कहा कि यह भव्य जुलूस हिन्दू समाज की एकता, आस्था और संगठन की शक्ति का प्रतीक है। पूरे क्षेत्र में उत्साह, भक्ति और अनुशासन के साथ जुलूस का सफल आयोजन हुआ, जो सभी के सहयोग से संभव हो सका। समाज के लोगों ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से सामाजिक समरसता मजबूत होती है और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। आयोजन को सफल बनाने में सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसके लिए हर कोई बधाई का पात्र है। सफल आयोजन के लिये शंकर यादव, सुनील कुमार, राकेश सिन्हा, अमित कुमार, अमन चौहान, राजेश सोनी, सागर बजरंगी, प्रेम कुमार, अभिषेक विश्वकर्मा, अभिषेक सोनी, प्रदीप यादव, प्रदीप, टुनटुन, युवराज और रोहित गुप्ता सहित अन्य लोगों ने पूरे हिन्दू समाज को शुभकामनाएं देते हुए आयोजन की सफलता पर बधाई दी।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. -1. RANCHI**

**VERY SHORT NOTICE INVITING QUOTATION**

In Sealed quotation (inclusive of all taxes, labour Cess & overhead Charges) are invited for the work of **Additional work of Furniture & Furnishing Work in Swarnrekha Hostel and Vikaramshila Hostel at ATI Campus Mayer's Road, Ranchi** by the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-1, Ranchi from agencies at the Office of the undersigned on 24.03.2026 up to 3.00 pm and will be opened on 24.03.2026 at 3.30 pm at B.C.D. Division No.-1, Ranchi by Executive Engineer or his authorized representative in the presence of Quotationers or their authorized representative. Who so ever desire may remain present at the time of opening. Detail list of work, specification, Quantity & Unit etc. may be obtained from the office in working day up to 23.03.2026 which Cost of Bid Rs.10000/- for work in shape of Demand draft (nonrefundable) on any State Bank Payable at SBI Main Branch, Ranchi (Code – 0167)/any Schedule Bank, Payable at Ranchi in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-1, Ranchi.

Time of completion for work is Fifteen Days.

The quotation should be accompanied with (1) Initial security deposit which will be *2%* of the quoted amount (Refundable) in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3 Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue)/fixed deposits of a scheduled Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Division No.-1, Ranchi. (2) Updated Income Tax Return and GST Return (3) All technical specification must be complied; no deviation will be accepted. In the case of Gazetted holiday, the quotation will be received/opened on the next working day.

**Executive Engineer**
**Building Construction Department**
**Building Division No.-1, Ranchi**

PR 375522 Building(25-26)#D

**JHARKHAND RENEWABLE ENERGY DEVELOPMENT AGENCY (JREDA)**
**3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda, Ranchi- 834002.**
**Ph. No: 2491161,Fax No: 0651-2491165**
**Web site:** www.jreda.com, **E-mail:** info@jreda.com

**Notice Inviting Bid**

**Tender Reference No.: 16/JREDA/Vehicles/25-26 Dated: 18.03.2026**

Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA) is an autonomous body registered under the Society Act, 1860, under the administrative control of the Department of Energy, Govt. of Jharkhand, for promoting the use of renewable energy sources and having its registered office at Kusai colony, Doranda, Ranchi, Jharkhand-834002. JREDA requires vehicles on a hire basis for official use as well as site visits in the state of Jharkhand.

Sealed bids are invited from financially sound suppliers/firms/agencies having experience in a similar nature of work for the following:

| Name of the work | Earnest Money Deposit (Refundable) (In Rs.) | Cost of Tender DocumentNon-refundable (In Rs.) | Last date and time forsubmission of tender | Date and time for opening the tender |
|---|---|---|---|---|
| Supply of light motor vehicles on a hire basis for office work to JREDA. | Rs. 20,000.00 | Rs. 1475.00 | **10.04.2026** (Friday) up to 5.00 PM | **13.04.2026** (Monday) at 2.00 PM |

**Terms & conditions:**
1. Tender documents can be purchased from the office of the undersigned during office hours on any working day till the day before submission of the tender after depositing the cost of the tender document (Non-refundable) in the shape of a Bank Draft in favour of the Director, JREDA, payable at Ranchi. The tender document can also be downloaded from the JREDA Website (www.jreda.com). In that case, the cost of the document in the form of DD is to be enclosed with the technical part of the bid.
2. No postal request for the issue of the Tender document will be entertained.
3. The tender must be accompanied by the Earnest Money Deposit (refundable) in the shape of a Bank Guarantee or a Demand Draft issued by any Indian nationalized/scheduled bank in favour of the Director, JREDA, payable at Ranchi. Proof of EMD must be attached to the tender documents; otherwise, the tender will be rejected without assigning any reason thereof.
4. The undersigned reserves the right to issue the tender document /extend the date of sale/submission of tender/opening of tender and cancellation of tender without assigning any reason thereof.

Sd/-
**Director,**
**JREDA, Ranchi**

PR 375532 (Energy) 25-26 (D)

राष्ट्रीय नवीन मेल

# अकेला पड़ते अड़ियल अमेरिका व निडर ईरान के बीच भारत का स्वदेशी विकल्प



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अमेरिका के ईरान पर हमले को परमाणु खतरे के नाम पर वैश्विक समर्थन तो दूर नाटो सहयोगी देशों ने भी अमेरिका से दूरी बना ली है । ईरान झुकेगा नहीं और अमेरिका रुकेगा नहीं इसलिए युद्ध रुका नहीं है जिससे होर्मुज जलडमरुमध्य के रस्ते जाने वाले 20% वैश्विक ईंधन सप्लाई के बाधित होने के कारण भारत में बीते कुछ दिनों से एलपीजी गैस का संकट मंडरा रहा है। अलग-अलग शहरों में लोगों को घरेलू और कमर्शियल सिलेंडर के लिए दौड़भाग करनी पड़ रही है। इस बीच भारत के सीएसआईआर की राष्ट्रीय रसायन प्रयोगशाला ने जल्द एलपीजी का विकल्प कहे जाने वाले डाई-मिथाइल ईथर का उत्पादन औद्योगिक स्तर पर ले जाने की बात कही है। युद्ध का फिलहाल कोई अंत नजर नहीं आ रहा है। जहां अमेरिकी राष्ट्रपति साफ कर चुके हैं कि इस संघर्ष को खत्म करने के लिए अमेरिका की अपनी शर्तें होंगी तो वहीं ईरान भी पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले रोकने के लिए अपनी शर्तें सामने रख चुका है। ऐसे में माना जा रहा है कि बिना किसी ठोस मध्यस्थता के दोनों देशों के बीच युद्र नहीं रुकेगा। हालांकि, इस युद्ध के लंबे खिंचने का असर अब दुनियाभर की ऊर्जा जरूरतों के साथ भारत पर भी पड़ेगा ही । भारत में भी भले ही मौजूदा समय में तेल की कमी की शिकायतें न आ रही हों, लेकिन एलपीजी सिलेंडर गैस को लेकर लंबी लाइनें और जमाखोरी की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। इस बीच वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की राष्ट्रीय रसायन प्रयोगशाला (एनसीएल) ने कहा है कि वह एलपीजी संकट को देखते हुए अब डाई-मिथाइल ईथर (डीएमई) को कुकिंग गैस के विकल्प के तौर पर बढ़ावा देगा। सीएसआईआर-एनसीएल के मुताबिक, डीएमई के उत्पादन के लिए एक स्वदेशी तकनीक विकसित की गई है और कुछ ही महीनों में संस्थान औद्योगिक स्तर पर इसका उत्पादन शुरू कर सकता है। सीएसआईआर-एनसीएल के इस एलान के बाद एलपीजी संकट का सामना कर रहे लोगों में एक आशा की किरण जगी है। हालांकि, भारत में यह तकनीक काफी पहले से मौजूद होने के बाद इसका उत्पादन आज तक औद्योगिक स्तर पर बढ़ाया नहीं जा सका। डीएमई को मुख्य रूप से मेथनॉल से तैयार किया जाता है। इस मेथनॉल को प्राकृतिक गैस, कोयला, कृषि अपशिष्ट (बायोमास), या कैप्चर किए गए कार्बन डाइऑक्साइड से प्राप्त किया जा सकता है। दबाव डालने पर यह गैस आसानी से तरल अवस्था (लिक्विफाइड) में बदल जाती है, जिससे इसे स्टोर करना आसान होता है। डाई-मिथाइल ईथर के गुण काफी हद तक एलपीजी से मिलते-जुलते हैं। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने घरेलू और व्यावसायिक उपयोग के लिए एलपीजी में 20% तक डाई-मिथाइल ईथर मिलाने को मंजूरी दी है। हालांकि, इसके उत्पादन को अब तक औद्योगिक स्तर पर बढ़ाया नहीं जा सका है। डीएमई का सबसे बड़ा फायदा यह है कि अगर कुल एलपीजी में आठ फीसदी को डीएमई की ब्लेंडिंग की जाए तो घरों में मौजूद गैस सिलेंडर, रेगुलेटर, गैसकेट, घरेलू पाइप या बर्नर में किसी भी बदलाव की जरूरत नहीं होती है। चूंकि भारत अपनी ऊर्जा और एलपीजी की जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा आयात करता है, इसलिए आठ फीसदी एलपीजी की जगह स्वदेशी डीएमई का इस्तेमाल करने से देश को सालाना लगभग 9,500 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा की बचत हो सकती है। इतना ही नहीं, अगर 10.5 करोड़ उज्ज्वला एलपीजी कनेक्शन्स में आठ फीसदी एलपीजी को मिलाया जाएगा तो भारत को हर दिन करीब 1300 टन डीएमई के उत्पादन की जरूरत होगी। डीएमई पारंपरिक ईंधनों की तुलना में बहुत साफ जलता है। इसके जलने पर कालिख आनी सूट नहीं बनती और नाइट्रोजन ऑक्साइड , सल्फर ऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर का उत्सर्जन बहुत कम होता है, जो कि इसे कम प्रदूषण वाली गैस भी बनाता है। घरेलू ईंधन के अलावा, इसे ऑटोमोटिव ईंधन (गाड़ियों में), एयरोसोल प्रोपेलेंट के तौर पर और अलग-अलग रसायनों के उत्पादन में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।सीएसआईआर-एनसीएल में में डाई-मिथाइल ईथर को लेकर तैयारियां लंबे समय से चल रही हैं। भारत में डीएमई के उत्पादन की स्वदेशी तकनीक को 2020 से ही तैयार कर लिया गया था। अक्तूबर 2020 में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने पुणे स्थित नेशनल केमिकल लेबोरेटरी में 'अदिति ऊर्जा संच' यूनिट और 20-24 किलो प्रतिदिन क्षमता वाले देश के पहले डीएमई पायलट प्लांट का उद्घाटन किया था। इस तकनीक को आगे बढ़ाते हुए डीएमई का उत्पादन औद्योगिक स्तर पर करना भी तय हुआ था। बीते करीब छह वर्षों में सीएसआईआर एनसीएल की पेटेंट हो चुकी स्वदेशी तकनीक से डीएमई उत्पादन 250 किलो प्रतिदिन के पायलट प्लांट तक ही बढ़ा पाया है। यानी मौजूदा जरूरत के मुकाबले बेहद कम।डीएमई के उत्पादन को प्रयोगशाला से निकालकर बड़े व्यावसायिक और औद्योगिक स्तर पर ले जाने के लिए भारत में कई अहम योजनाएं शुरू की गई हैं। देश में एलपीजी संकट पैदा होने के बाद खुद सीएसआईआर की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि वह अब एक प्रोसेसिंग इंजीनियरिंग पार्टनर के साथ मिलकर अगले छह से नौ महीनों के अंदर ढाई टन प्रतिदिन क्षमता वाला एक औद्योगिक प्रदर्शन प्लांट स्थापित करने की योजना बना रहा है। इस प्लांट की सफलता के बाद 100 से 500 टन प्रतिदिन क्षमता वाले बड़े कमर्शियल प्लांट स्थापित करने का रास्ता साफ हो जाएगा। इसके लिए सरकारी एजेंसी प्रमुख सरकारी तेल कंपनियों और बायोएनर्जी कंपनियों के साथ साझेदारी की संभावनाएं भी तलाश रही है। गोदावरी बायोरेफाइनरीज लिमिटेड (जीबीएल) ने आईसीटी मुंबई के साथ मिलकर एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है, जहां कार्बन डाइऑक्साइड और हाइड्रोजन को मिलाकर सीधे डीएमई बनाया जा रहा है। वर्तमान में 10 लीटर प्रतिदिन उत्पादन वाले इस पायलट प्लांट को आने वाले वर्षों में 10 टन प्रतिदिन की क्षमता तक बढ़ाने का लक्ष्य है। पर घूम फिरकर बात वहीँ पहुंचती है कि अगर वियतनाम की तरह अड़े ईरान से युद्ध लंबा खिंचा या रूस-यूक्रेन की ही तरह चार वर्ष ही चलता रहा तब क्या होगा ? भारत को विकसित देश बनाने की बात चल रही है ऐसे में आत्मनिर्भर होना इसकी पहली शर्त होगी जिसमें बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत और वर्तमान संकट से देश को बचाना जरुरी है अन्यथा भारत विरोधी तत्वों से लेकर राजनीतिक रोटियां इसमें सेंकनी शुरू हो जाएगी।

विचार प्रवाह

दया ईश्वरानुभूति के लिए आवश्यक है, क्योंकि ईश्वर स्वयं इस गुण से आप्लावित हैं। सहृदय व्यक्ति स्वयं को दूसरों के स्थान पर रख उनकी पीड़ा का अनुभव कर उसे दूर करने का प्रयास कर सकते हैं। - श्री श्री परमहंस योगानंद

# भारतीय नवसंवत्सर का स्वर्णिम आरंभ

आज की बात


महेंद्र तिवारी

हिंदू नववर्ष का आधार विक्रम संवत है, जो एक प्राचीन कालगणना प्रणाली है और आज भी भारत तथा नेपाल के कई भागों में प्रचलित है। यह पंचांग चंद्र और सूर्य दोनों की गति पर आधारित होता है, इसलिए इसे लूनी सोलर कैलेंडर कहा जाता है




हिंदू नववर्ष भारतीय संस्कृति का वह जीवंत प्रतीक है, जो केवल समय के परिवर्तन का संकेत नहीं देता, बल्कि जीवन के मूल्यों, परंपराओं और आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का संदेश भी लेकर आता है। जब चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि आती है, तब यह केवल एक तिथि नहीं रहती, बल्कि एक नई शुरुआत का उद्घोष बन जाती है। भारतीय पंचांग के अनुसार यही वह क्षण है जब एक नए संवत्सर का आरंभ होता है और प्रकृति स्वयं नवजीवन के रंगों से भर उठती है। यह नववर्ष ग्रेगोरियन कैलेंडर की तरह केवल गणनात्मक नहीं, बल्कि प्रकृति, खगोल और मानव जीवन के गहरे संबंधों पर आधारित है।

हिंदू नववर्ष का आधार विक्रम संवत है, जो एक प्राचीन कालगणना प्रणाली है और आज भी भारत तथा नेपाल के कई भागों में प्रचलित है। यह पंचांग चंद्र और सूर्य दोनों की गति पर आधारित होता है, इसलिए इसे लूनी सोलर कैलेंडर कहा जाता है। इसकी विशेषता यह है कि यह प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने के लिए समय-समय पर अतिरिक्त माह अर्थात अधिमास को भी जोड़ता है, जिससे ऋतुओं और पर्वों का संतुलन बना रहे। यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण दर्शाता है कि भारतीय ऋषियों ने समय की गणना को केवल गणित नहीं, बल्कि जीवन और प्रकृति के समन्वय के रूप में देखा था। मान्यता है कि इसी दिन सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण प्रारंभ किया था, इसलिए यह दिन सृष्टि के आरंभ का प्रतीक भी माना जाता है। यही कारण है कि हिन्दू नववर्ष को केवल सामाजिक या सांस्कृतिक पर्व नहीं, बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह दिन मनुष्य को अपने जीवन की दिशा पर पुनर्विचार करने, नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने और आत्मशुद्धि का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है।

वर्ष 2026 में हिन्दू नववर्ष 19 मार्च को प्रारंभ होकर विक्रम संवत 2083 का आरंभ करता है, जो एक विशेष वर्ष भी माना जा रहा है क्योंकि इसमें अधिमास के कारण 13 महीने होंगे। यह तथ्य इस बात को और भी रोचक बनाता है कि भारतीय कालगणना कितनी सूक्ष्म और वैज्ञानिक रही है। यह नववर्ष वसंत ऋतु के आगमन के साथ आता है, जब प्रकृति में नवपल्लव फूटते हैं, फूल खिलते हैं और वातावरण में एक नई ताजगी का संचार होता है। यह दृश्य स्वयं इस बात का प्रतीक है कि जीवन में परिवर्तन और नवाचार अनिवार्य हैं। भारत की सांस्कृतिक विविधता इस पर्व में अत्यंत सुंदर रूप से झलकती है। देश के विभिन्न भागों में इसे अलग-अलग नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है, जैसे महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में उगादी, बंगाल में पोइला बैसाख और सिंधी समाज में चेती चांद। नाम भले ही अलग हों, परंतु सभी में एक ही भावना निहित है नई शुरुआत, समृद्धि और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का स्वागत। यही विविधता भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी शक्ति है, जो एकता में अनेकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है।

हिंदू नववर्ष का उत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह सामाजिक और पारिवारिक संबंधों को भी सुदृढ़ करता है। इस दिन लोग अपने घरों की सफाई करते हैं, नए वस्त्र धारण करते हैं, मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हैं और परिवार के साथ मिलकर विशेष भोजन का आनंद लेते हैं। घरों को फूलों, आम के पत्तों और रंगोली से सजाया जाता है, जो समृद्धि और शुभता का प्रतीक होता है। यह सब केवल परंपरा नहीं, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया भी है, जो व्यक्ति को पुराने नकारात्मक अनुभवों को छोड़कर नए सकारात्मक विचारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। इस पर्व का एक महत्वपूर्ण पहलू इसका आध्यात्मिक स्वरूप है। चैत्र नवरात्रि का आरंभ भी इसी दिन से होता है, जिसमें देवी दुर्गा के नौ रूपों की उपासना की जाती है। यह साधना केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि आत्म-अनुशासन, संयम और आत्मबल को विकसित करने का माध्यम है। उपवास, ध्यान और जप के माध्यम से व्यक्ति अपने मन को नियंत्रित करना सीखता है और जीवन के गहरे अर्थ को समझने का प्रयास करता है। इस प्रकार हिन्दू नववर्ष केवल बाहरी उत्सव नहीं, बल्कि आंतरिक परिवर्तन का भी अवसर है।

हिंदू नववर्ष हमें यह भी सिखाता है कि जीवन में हर अंत एक नई शुरुआत का संकेत होता है। बीते हुए वर्ष की गलतियों और अनुभवों से सीख लेकर हम नए वर्ष में बेहतर निर्णय ले सकते हैं। यह पर्व हमें आशा, विश्वास और सकारात्मकता का संदेश देता है। यह हमें यह याद दिलाता है कि समय चक्र निरंतर चलता रहता है और हर नया वर्ष हमें स्वयं को सुधारने और आगे बढ़ने का अवसर देता है। आधुनिक समय में जब वैश्वीकरण और पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है, हिन्दू नववर्ष का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ता है और हमारी पहचान को मजबूत करता है। यह युवा पीढ़ी को यह समझने का अवसर देता है कि हमारी परंपराएं केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी मार्गदर्शक हैं।


इसके साथ ही, यह पर्व हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीने की प्रेरणा देता है। वसंत ऋतु में शरीर और मन दोनों में एक नई ऊर्जा का संचार होता है, जिसे आयुर्वेद में स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी माना गया है। इस समय वातावरण शुद्ध होता है, सूर्य की किरणें शरीर को ऊर्जा प्रदान करती हैं और जीवन में संतुलन स्थापित करने का अवसर मिलता है। इस प्रकार हिन्दू नववर्ष केवल धार्मिक या सांस्कृतिक नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। आज के डिजिटल युग में भी हिन्दू नववर्ष अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह पर्व नई पीढ़ी तक पहुंच रहा है और लोग इसे नए उत्साह के साथ मना रहे हैं। यह परंपरा और आधुनिकता के सुंदर समन्वय का उदाहरण है, जहां प्राचीन मूल्य आधुनिक साधनों के माध्यम से आगे बढ़ रहे हैं। अंततः हिंदू नववर्ष एक ऐसा पर्व है, जो हमें जीवन के मूल सिद्धांतों की याद दिलाता है—संतुलन, संयम, सकारात्मकता और निरंतर विकास। यह केवल एक तिथि का परिवर्तन नहीं, बल्कि जीवन को नए दृष्टिकोण से देखने का अवसर है। जब हम इस दिन नए संकल्प लेते हैं, तो यह केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक उन्नति की दिशा में भी एक कदम होता है।

इस नववर्ष पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों को संजोकर रखेंगे और उन्हें आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएंगे। यही हिन्दू नववर्ष का वास्तविक संदेश है नवीनता के साथ परंपरा का सम्मान और जीवन में संतुलन का मार्ग। यही वह सवेरा है, जो केवल एक वर्ष का नहीं, बल्कि पूरे जीवन का मार्गदर्शन करता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म



## अपना आदर-सत्कार करना सीखें


स्वामी चिन्मयानंद

हम जो कुछ हैं, सो हैं। अपने काम की सफाई देने से कोई सफाई नहीं हो जाती। वह हमारे नित्य प्रति के कार्य के ऊपर एक बोझा ही बनता है। काम करो। समर्पण भाव से काम करो। अवश्य करो। इस प्रकार काम करते हुए हम अपने अंदर एक स्वतंत्रता का भाव उत्पन्न करें। वह व्यवहार की व्यस्तता में और ध्यान के आसन पर भी हमारी सहायता करेगा। हम चाहे भीड़ के बीच हों अथवा शान्त एकांत में अकेले बैठे हों, स्वतंत्रता और अभय की यह भावना अंदर से उठती रहे कि हम अपने विचार और कर्म से सीधे सच्चे और पक्के हैं। इस ज्ञान में स्थित हम सब कार्यकर्ताओं का एक संगठन तैयार होगा। उसका हर व्यक्ति ईश्वर भावना से पूर्ण और स्वच्छ आचरण में स्थित रहते हुए शुद्ध चरित्र की उच्चतम महानता प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील रहेगा। इसकी परीक्षा भी हमारे अंदर ही होगी। हम सब महानता का भाव लेकर जियें। हम अप्रतिम ऋषियों की संतान हैं। जो काम हम खुल कर नहीं कर सकते उसे छिपा कर भी न करें। हम अपना ही आदर-सत्कार करना सीखें। फिर अन्य लोग भी स्वभावतः ऐसे लोगों का आदर-सत्कार करेंगे। हम सब लोगों के अंदर गहरे में छिपी यह इच्छा है कि कोई सुंदर कार्य, कुछ महान कार्य, कुछ अद्वितीय कार्य करें जो सदा अमर रहे। यह हमारे हृदय में बैठे ईश्वर की पुकार है। वह हमारे व्यक्तित्व के नश्वर स्तर से हमें किसी अकथनीय ऊंचाई पर ले जा कर अनश्वर बनाना चाहता है। हमें ईश्वर की यह पुकार ध्यान से सुननी चाहिए। उसकी उपेक्षा करना उचित नहीं है। उसकी अवहेलना करना क्रूरता है। यह भगवान के पांचजन्य की आवाज है।

*-पुस्तक अवश्य करें से साभार*

# नवदुर्गाओं में प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री

अलग बात


अशोक 'प्रवृद्ध'

वासन्तीय व शारदीय नवरात्रियों में भगवती दुर्गा के नौ स्वरूपों के पूजन का विधान है। माता दुर्गा के नौ स्वरूपों को नवदुर्गा कहा जाता है, और इनकी पूजार्चना नवरात्रि काल में की जाती है। नवरात्रि के पहले दिन नवदुर्गाओं में प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की पूजा की जाती है। पौराणिक मान्यतानुसार पर्वतराज हिमालय की पुत्री होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है। दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल पुष्प धारिणी वृषारूढा भगवती शैलपुत्री शक्ति, स्थिरता, शांति और नई शुरुआत का प्रतीक मानी जाती हैं। माता शैलपुत्री का रूप अत्यंत सौम्य और प्रभावशाली है, जिसके गहरे आध्यात्मिक अर्थ हैं।वे बैल पर सवार हैं, जो धर्म और अनुशासन का प्रतीक है। यह दर्शाता है कि शक्ति को नियंत्रित और मर्यादित होना चाहिए।दाहिने हाथ का त्रिशूल तीन गुणों -सत्व, रज, तम और तीन तापों -दैविक, दैहिक, भौतिकपर नियंत्रण का प्रतीक है। बाएं हाथ का कमल कीचड़ में खिलने वाला कमल विकारों के बीच भी पवित्रता और शांति बनाए रखने का संदेश देता है। उन्हें चमेली का फूल अत्यंत प्रिय है।वासन्तीय व शारदीय नवरात्रि में क्रमशः चैत्र व आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के दिन कलश स्थापना के बाद माता शैलपुत्री के विशेष पूजन का विधान है।इनका प्रार्थना मंत्र है-

***वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम्।***
***वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्।।***

मान्यता है कि नवरात्रि के पहले दिन सफ़ेद कपड़े में चावल और मिश्री बांधकर "ॐ देवी शैलपुत्र्यै नमः" का जाप करने से घर में सुख और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है। माता शैलपुत्री का स्वरूप केवल एक देवी का चित्रण नहीं है, बल्कि यह अडिग संकल्प, धैर्य और आध्यात्मिक आरोहण का प्रतीक है। नवरात्रि के प्रथम दिन इनकी आराधना से साधक अपनी आध्यात्मिक यात्रा का प्रारंभ मूलाधार चक्र से करता है। शैलपुत्री का स्वरूप वह आधार है, जहां से एक साधक की आध्यात्मिक यात्रा अर्थात शक्ति का जागरण शुरू होती है।

योग मार्ग में माता शैलपुत्री का संबंध मूलाधार चक्र से है, जो हमारे शरीर का आधार और ऊर्जा का केंद्र है। यह चक्र रीढ़ की हड्डी के सबसे निचले हिस्से में स्थित होता है और मानव चेतना का आधार है। योग साधना में इनका ध्यान करने से मूलाधार चक्र जागृत होने में सहायता मिलती है। इस चक्र को जाग्रत करने का अर्थ है- जीवन में स्थिरता, निडरता और आत्मविश्वास प्राप्त करना।इस साधना से मानसिक स्थिरता प्राप्त होती है।मन का भटकना कम होता है और एकाग्रता बढ़ती है।भय से मुक्ति, मृत्यु, असुरक्षा या भविष्य की चिंता का नाश होता है।पाचन तंत्र और हड्डियों की मजबूती में सहायक माना जाता है।कुण्डलिनी जागरण सात चक्रों की यात्रा का पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम है।जैसे हिमालय पृथ्वी का आधार है, वैसे ही शैलपुत्री की पूजा साधक के भीतर आत्म-साक्षात्कार की नींव रखती है।पर्वत के समान अडिग मन प्राप्त करने के लिए उनकी स्तुति की जाती है।

दुर्गा सप्तशती के अनुसार नव रात्रि के पहले दिन पूजी जाने वाली माता शैलपुत्री का संबंध औषधि जगत में हरड़से माना गया है। आयुर्वेद में हरड़ को प्राणदा अर्थात जीवन देने वाली और विजया अर्थात रोगों पर विजय पाने वाली भी कहा जाता है।जिस प्रकार माता शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं, उसी प्रकार उत्तम श्रेणी की हरड़ भी मुख्य रूप से हिमालय पर्वत क्षेत्रों में पाई जाती है। आयुर्वेद में हरड़ को मांके समान माना गया है। मान्यतानुसार जिस प्रकार माता अपने बच्चों का ध्यान रखती है, उसी प्रकार हरड़ शरीर के समस्त दोषों को दूर कर सुरक्षा प्रदान करती है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

फेसबुक वॉल से




एक्स से




**आज का दोहा**

**धरा वही, पानी वही, वही हवा है सा'ब।**
**क्या बदला है जो हुई, इतनी फिजां खराब।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

**रचना भेजिए**

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
संपादक

# हर लड़ाई-टकराव में बेगुनाह मासूमों के जीवन पर ग्रहण

देश की बात


मनोज कुमार अग्रवाल

दुनिया भर में हर संघर्ष में सबसे बड़ी मार बचपन पर पड़ रही है चाहे इजरायल हमास गाजा का संघर्ष रहा हो चाहे सीरिया लेबनान ईरान में हुए टकराव सबसे बड़ी कीमत बच्चों को चुकानी पड़ रही है। एशिया में बढ़ते युद्ध का सबसे ज्यादा असर बच्चों पर पड़ रहा है.मौजूदा टकराव में कई सौ बच्चे मिसाइल हमलों से मौत की नींद सो चुके हैं जबकि लाखों बच्चे बेघर हो गए हैं वहीं लाखों बच्चों का सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा है उनकी स्कूली शिक्षा में रुकावट आ गयी है और वह दहशत के साए में असुरक्षित जीवन जीने के लिए मजबूर हो रहे हैं। यह सब इक्कीसवीं सदी की कथित शिक्षित विकासशील दुनिया में हो रहा है यह बता रहा है कि दुनिया का इंसान विज्ञान विकास और प्रगति के कितने भी दावे करे लेकिन वह सब बेमानी है जब कथित लोकतांत्रिक और ताकतवर देश दुनिया में हठधर्मी अराजकता फैलाए मनमाने टैरिफ वसूली करे तब दुनिया की अंतराष्ट्रीय संगठन और संस्थाएं सिर्फ बगले झांकने का काम कर रहीं हैं तब तमाम मानवतावादी विचार और मानवाधिकारों की बाते भोथरी और खोखली बेमानी बन कर रह जाती है। आपको बता दें संयुक्त राष्ट्र की बाल एजेंसी ने चेतावनी दी है कि लगातार बढ़ती हिंसा से लाखों बच्चों की जिंदगी खतरे में पड़ गई है। इसी बीच ईरान के राष्ट्रपति ने भी शांति की बात करते हुए युद्ध खत्म करने के लिए कुछ शर्तें सामने रखी हैं अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमलों की शुरुआत की थी। इस दौरान एक अमेरिकी मिसाइल मीनाब के शजारेह तैयबा स्कूल पर जाकर गिरी थी। इस हमले में 168 बच्चे और 14 शिक्षक मारे गए थे। मरने वालों में ज्यादातर छात्राएं थीं। इस हमले की पूरी दुनिया में खूब निंदा की गई थी। अमेरिका भी मामले की जांच कर रहा है। दुनिया भर में चर्चा चल रही है कि क्या ये युद्ध अपराध की श्रेणी में आ सकता है? आपको बता दें कि यूनिसेफ ने कहा है कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष से पूरे पश्चिम एशिया में बच्चों की स्थिति बहुत गंभीर हो गई है. एजेंसी के अनुसार 28 फरवरी से अब तक हिंसा में एक हजार एक सौ से ज्यादा बच्चे घायल हुए हैं या उनकी मौत हो गई है. इनमें से लगभग दो सौ बच्चों की मौत ईरान में हुई है। वहीं इक्यानबे बच्चों की मौत लेबनान में हुई है। इसके अलावा चार बच्चों की मौत इजरायल में और एक बच्चे की मौत कुवैत में हुई है। रिपोर्ट्स के अनुसार यूनिसेफ ने चेतावनी दी है कि अगर हिंसा इसी तरह बढ़ती रही तो मरने और घायल होने वाले बच्चों की संख्या और बढ़ सकती है. संस्था ने यह भी बताया कि इस संकट के कारण लाखों बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बाधा के कारण पूरे क्षेत्र में लाखों बच्चे स्कूल से वंचित हो गए हैं, जबकि सैकड़ों हजारों बच्चे लगातार बमबारी के कारण विस्थापित हो गए हैं। अस्पतालों, स्कूलों और पानी और स्वच्छता प्रणालियों सहित नागरिक बुनियादी ढांचे, जिन पर बच्चे का जीवन निर्भर हैं, दोनों पक्षों द्वारा हमले किए गए हैं, उन्हें नुकसान पहुंचाया गया है या नष्ट कर दिया गया है। बच्चों की हत्या और उन्हें अपंग करना, या उन जरूरी सेवाओं पर हमला कर बर्बाद करना, जिन पर बच्चे निर्भर हैं, किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता। लगातार बमबारी के कारण लाखों परिवारों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं और सैकड़ों हजार बच्चे बेघर हो गए हैं.इजराइल लगातार लेबनान पर भी हमले कर रहा है। इस वजह से करीब 8 लाख लोग घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। इनमें 2 लाख से ज्यादा बच्चे हैं। यूनिसेफ ने कहा कि बच्चों की हत्या या उन्हें घायल करना किसी भी हालत में सही नहीं ठहराया जा सकता। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# मां हिंगुला के चमत्कार की वजह से जलती है जगन्नाथ मंदिर की रसोई

**चैत्र नवरात्रि**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

19 मार्च में नौ अलग-अलग रूपों में भक्तों को दर्शन देने के लिए आ रही हैं और देशभर के देवी मंदिरों में मां के स्वागत के लिए तैयारियां भी शुरू हो चुकी हैं। ओडिशा में मां भगवती के कई रूपों की पूजा होती है लेकिन चैत्र नवरात्रि के आगमन के साथ मां भगवती को अग्नि के रूप में पूजा जाता है और इसका संबंध विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर से जुड़ा है। हम बात कर रहे हैं मां हिंगुला मंदिर की, जो सिद्धपीठों में शामिल है।

ओडिशा के मयूरभंज जिले में स्थित मां हिंगुला मंदिर राज्य के बाकी मंदिरों से भव्य और मन को मोह लेने वाला है। मंदिर के मुख्य गर्भगृह में मां की सोने से सजी प्रतिमा विराजमान है, जहां मां के चारों हाथों में अस्त्र और शस्त्र मौजूद हैं। नवरात्रि के नौ दिन मां के दिव्य श्रृंगार किए जाते हैं। खास बात यह है कि मां हिंगुला को अग्नि की देवी के रूप में पूजा जाता है। भक्त चैत्र नवरात्रि में मां के दर्शन करने के बाद भोग मंदिर में बने अग्निकुंड में डालते हैं। स्थानीय कथाओं की मानें तो मां हिंगुला का संबंध विश्व प्रसिद्ध पुरी के जगन्नाथ मंदिर से भी है। माना जाता है कि पुरी के राजा को भगवान जगन्नाथ ने स्वप्न में आदेश दिया था कि वे मां हिंगुला की पूजा करें ताकि जगन्नाथ मंदिर की अनूठी रसोई में प्रतिदिन आने वाले विशाल प्रसाद का प्रबंधन हो सके। ऐसा माना जाता है कि देवी पुरी की रसोई में पवित्र अग्नि के रूप में प्रकट होती हैं और यही कारण है कि चैत्र के महीने में मां हिंगुला के मंदिर में 'हिंगुला यात्रा' निकाली जाती है। यह यात्रा न सिर्फ आध्यात्मिकता का प्रतीक है, बल्कि इस लोक उत्सव में ओडिशा की संस्कृति की भी झलक देखने को मिलती है। चैत्र नवरात्रि में मां हिंगुला को समर्पित मेला भी लगता है, जिसमें भक्त नौ दिन तक भारी संख्या में मां के दर्शन के लिए पहुंचते हैं।



## नवरात्र विशेष : भगवती को अति प्रिय ये लाल फल




**नई दिल्ली।** चैत्र नवरात्र का पावन पर्व 19 मार्च से शुरू हो चुका है। इस दौरान भक्त मां दुर्गा की आराधना में विभिन्न फूल, फल और मिठाइयां चढ़ाते हैं, लेकिन शास्त्रों और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता रानी को लाल-लाल दानों वाला फल दादिमा अत्यंत प्रिय है। दादिमा या अनार का उल्लेख धर्म शास्त्रों में भी मिलता है, जिसके अनुसार सभी फलों में अनार देवी को सबसे अधिक प्रिय है। इसे अर्पित करने से सुख-समृद्धि, संतान सुख, आरोग्य और कर्ज मुक्ति का आशीर्वाद प्राप्त होता है। नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा को अनार चढ़ाने की परंपरा बहुत पुरानी है, जो विशेष फलदायी माना जाता है। यह न केवल माता को प्रसन्न करता है, बल्कि परिवार के स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए भी लाभकारी साबित होता है। अनार की लालिमा शक्ति, जीवन ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक मानी जाती है। इसकी गहरी लाल रंगत मां दुर्गा की शक्ति और रौद्र रूप से भी जुड़ी हुई है। धार्मिक मान्यता है कि नवरात्रि में अनार चढ़ाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और परिवार में सौभाग्य बढ़ता है। कई भक्त इसे विशेष रूप से कर्ज से मुक्ति और आर्थिक समृद्धि के लिए अर्पित करते हैं। अनार को अखंड फल माना जाता है, जैसे नारियल या श्रीफल को बारह महीने का फल कहते हैं, वैसे ही अनार भी पूजा में अत्यंत शुभ फल है। अनार केवल धार्मिक महत्व का ही नहीं, बल्कि औषधीय गुणों से भी भरपूर है। आयुर्वेदिक ग्रंथों और 12वीं शताब्दी के संस्कृत ग्रंथ 'मानसोल्लास' में अनार को पवित्र और अत्यधिक लाभकारी बताया गया है।

# दिल्ली के पालम की रामचौक मार्केट में आग से नौ लोगों की मौत, जांच के आदेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के द्वारका जिले के पालम इलाके की रामचौक मार्केट स्थित एक बहुमंजिली इमारत में बुधवार सुबह लगी आग में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में तीन मासूम लड़कियां भी हैं। हादसे में कई लोग झुलस गए हैं। कइयों ने जान बचाने के लिए इमारत से छलांग लगा दी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हादसे की जांच मजिस्ट्रेट से कराने के आदेश दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट में इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री गुप्ता ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि पालम स्थित बहुमंजिला आवासीय भवन में हुई भीषण अग्निकांड के बारे में जानकर अत्यंत व्यथित हूं। जिला प्रशासन, दिल्ली अग्निशमन विभाग और दिल्ली पुलिस बचाव अभियान जुटे हुए हैं। घटना की जांच मजिस्ट्रेट से कराने के आदेश दिए गए हैं।



### पालम अग्निकांड पर प्रधानमंत्री ने जताया शोक, दो लाख के मुआवजे की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली के पालम इलाके में बहुमंजिला इमारत में लगी आग की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को दो लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि मृतकों के आश्रितों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष 2-2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी, जबकि घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

## मप्र के इंदौर में इलेक्ट्रिक कार के चार्जिंग पॉइंट में ब्लास्ट से मकान में लगी आग, 8 लोगों की मौत, चार घायल

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में बंगाली चौराहा के पास स्थित तिलक नगर इलाके में बुधवार सुबह चार्जिंग पर लगी इलेक्ट्रिक कार (टाटा पंच) में शॉर्ट सर्किट से आग ने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया और उनकी बहू सिमरन समेत आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं।हादसे के समय पूरा परिवार घर में सो रहा था, इसलिए किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में रखे गैस सिलेंडर भी फट गए, जिससे हालात और भयावह हो गए। वहीं, बिजली गुल होने से डिजिटल लॉकिंग सिस्टम बंद हो गया। कई लोग घर के अंदर ही फंस गए। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।



पुलिस के अनुसार, बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी में पुगलिया परिवार के घर के बाहर देर रात इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग पर लगी थी। सुबह करीब चार बजे चार्जिंग पॉइंट में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे कार ने आग पकड़ ली। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया और घर के भीतर फैल गई। हादसे के समय पुगलिया परिवार के घर में पारिवारिक कार्यक्रम चल रहा था, जिसके कारण कई सदस्य और रिश्तेदार एक साथ मौजूद थे। घर के अंदर दस से ज्यादा गैस सिलेंडर और ज्वलनशील सामग्री रखी हुई थी। आग की चपेट में आते ही सिलेंडरों में विस्फोट शुरू हो गया।

### पीएम ने इंदौर में आग लगने पर जताया दुख, मृतकों के परिजनों को 2 लाख के मुआवजे की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मध्य प्रदेश के इंदौर में आग लगने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की।प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश के इंदौर में आग लगने की घटना में हुई जान-माल की हानि से गहरा दुख हुआ है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

### महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में छठी कक्षा की छात्रा पर एसिड अटैक, आरोपी फरार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। संगमनेर तहसील के वडगांव पान गांव में छठी कक्षा की एक 13 वर्षीय छात्रा स्कूल से साइकिल पर घर लौट रही थी। दोपहर करीब 12 बजे के आसपास रास्ते में एक अज्ञात युवक ने अचानक उसके चेहरे पर तेजाब फेंक दिया। हमले से बच्ची का चेहरा और आंखें बुरी तरह झुलस गईं। गंभीर हालत में उसे तुरंत प्रवरानगर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। हमलावर मौके से फरार हो गया और अभी तक पुलिस उसे पकड़ नहीं पाई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। इस घटना ने इलाके में दहशत फैला दी है। स्थानीय लोग और छात्राएं आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रही हैं। यह वारदात राज्य में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है, क्योंकि ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार ने इस मामले को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने इसे बेहद निंदनीय और दिल दहला देने वाला बताया। वडेट्टीवार ने सरकार से सवाल किया कि राज्य में पुलिस का डर खत्म हो गया है क्या?

## पाक में 500 से अधिक लड़कियों का कराया जबरन धर्म परिवर्तन

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए काम करने वाले एक प्रमुख संगठन ने 2021 से 2025 के बीच पूरे पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाय की लड़कियों के अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन के एक चिंताजनक चलन की ओर ध्यान दिलाया है, जिसके तहत इस दौरान 515 मामले दर्ज किए गए। अलग-अलग आंकड़ों का हवाला देते हुए, वॉयस ऑफ पाकिस्तान माइनॉरिटी (वीओपीएम) ने बताया कि भले ही ये आंकड़े सिर्फ अंक लगें, लेकिन हर एक नंबर एक मानवीय त्रासदी को दिखाता है—"एक डरी हुई लड़की, एक तबाह परिवार, और एक ऐसा समुदाय जो लगातार डर के साए में जी रहा है।" रिपोर्ट के मुताबिक, पीड़ितों में 69 प्रतिशत हिंदू लड़कियां हैं, उसके बाद 31 प्रतिशत ईसाई समुदाय से हैं, जबकि कुछ मामले सिख लड़कियों के भी हैं।वीओपीएम ने कहा, "ये आंकड़े उन अल्पसंख्यक समुदायों की कमजोरी को दिखाते हैं जो पहले से ही समाज के हाशिए पर जी रहे हैं। जब किसी समुदाय के पास सामाजिक रसूख और संस्थागत सुरक्षा नहीं होती, तो उसके सबसे कमजोर सदस्यों -- खासकर युवतियों -- को अक्सर सबसे ज्यादा खतरों का सामना करना पड़ता है।"




पीड़ितों की उम्र को लेकर चिंता जताते हुए, इस मानवाधिकार संस्था ने बताया कि 52 प्रतिशत पीड़ित 14 से 18 साल के बीच के हैं, जबकि 20 प्रतिशत 14 साल से कम उम्र के हैं।संस्था ने कहा कि ऐसे मामलों के बाद अक्सर इंसाफ के लिए एक दर्दनाक संघर्ष शुरू होता है, जिसमें बेबस माता-पिता से कहा जाता है कि उनकी बेटी ने "धर्म बदल लिया है" या "अपनी मर्जी से शादी कर ली है"—जिससे यह गंभीर सवाल उठता है कि जब पीड़ित नाबालिग हों, तो उनकी मर्जी का मतलब क्या है? मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने ऐसे मामलों पर बार-बार चिंता जताई है।

# कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए सांसद प्रद्युत बोरदोलोई, सीएम सरमा ने किया स्वागत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले असम में कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए नगांव से पार्टी सांसद प्रद्युत बोरदोलोई बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बोरदोलोई का भाजपा में स्वागत किया। असम के सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने बुधवार को दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की मौजूदगी में असम भाजपा के अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने उन्हें सदस्यता ग्रहण कराई। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि उनके भाजपा में शामिल होने से पार्टी और मजबूत होगी। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "आज, नगांव से मौजूदा सांसद प्रद्युत बोरदोलोई भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। हमारे प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने हमारी पार्टी में उनका स्वागत किया है। प्रद्युत बोरदोलोई नगांव लोकसभा से दो बार सांसद रह चुके हैं। वह तरुण गोगोई के नेतृत्व वाली कांग्रेस कैबिनेट में पूर्व मंत्री थे। इसके अलावा, वह एक पुराने कांग्रेसी हैं। कांग्रेस के साथ उनका जुड़ाव 1975 से है। इसलिए, भाजपा में उनके शामिल होने से हमारी पार्टी निश्चित रूप से और मजबूत होगी।" वहीं, प्रद्युत बोरदोलोई ने कहा कि उनके पास कांग्रेस से इस्तीफा देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी की असम इकाई के भीतर उन्हें बार-बार अपमानित किया गया और वहां काम करने के लिए अनुकूल माहौल नहीं था। बोरदोलोई ने कहा, "यह फैसला दर्दनाक था, लेकिन इसे टालना मुमकिन नहीं था। यह कदम उठाते हुए मुझे दुख हो रहा है।



### कांग्रेस में आत्मसम्मान वाले व्यक्तियों के लिए कोई जगह नहीं है: सीएम



**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को पूर्व कांग्रेस नेता प्रद्युत बोरदोलोई का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि इस पुरानी पार्टी में अब 'आत्मसम्मान वाले व्यक्तियों' के लिए कोई जगह नहीं है। राजधानी में बोरदोलोई के औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल होने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री सरमा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए उनके इस कदम को एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम बताया और कहा कि यह कांग्रेस नेताओं के दल-बदल के व्यापक रुझान को दर्शाता है। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने विपक्षी दल पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं प्रद्युत बोरदोलोई का भाजपा में हार्दिक स्वागत करता हूं।

### बोरदोलोई का पार्टी छोड़ना कांग्रेस के लिए अच्छा संदेश नहीं है : दिलीप




**नई दिल्ली।** कांग्रेस के सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने पार्टी से किनारा कर भाजपा में शामिल हो गए हैं। असम विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को जोरदार झटका लगा है। प्रद्युत बोरदोलोई के इस फैसले से पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हो गया है। प्रद्युत बोरदोलोई के भाजपा में शामिल होने पर असम भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने कहा कि यह कांग्रेस के लिए अच्छा संदेश नहीं है। कांग्रेस पार्टी में न तो नीति है और न ही कार्यकर्ताओं की बातों को सुना जाता है। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान असम भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने कहा कि प्रद्युत बोरदोलोई का भाजपा में शामिल होना एक बहुत ही अहम संदेश है।

# टपोरी की तरह व्यवहार करते हैं राहुल गांधी, उन्हें अपनी बहन से सीखना चाहिए : कंगना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा सांसद कंगना रनौत ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि उनका व्यवहार महिलाओं को असहज करता है और उनमें शिष्टाचार की कमी है। संसद में राहुल गांधी के आचरण की आलोचना के बारे में सवालों का जवाब देते हुए, रानौत ने कहा कि हम महिलाओं को बहुत ज्यादा उन्हें देखकर असहज महसूस होता है, क्योंकि एकदम जैसे टपोरी की तरह वो आते हैं और किसी को भी 'ऐ तू' ऐसे करके, 'तू तड़ाक' करके बात करते हैं। अनियंत्रित तरीके से, 'टपोरी' की तरह, आक्रामक तरीके से बोलना और दूसरों को बीच में रोकना। जिस तरह से वह खुद को संचालित करते हैं वह बहुत असहज है। उन्हें अपनी बहन को देखना चाहिए - लेकिन राहुल गांधी ऐसे नहीं हैं।राहुल गांधी के संसद परिसर में कथित आचरण को लेकर बढ़ते विवाद के बीच उनकी ये टिप्पणियां आई हैं। मंगलवार को 200 से अधिक पूर्व नौकरशाहों, राजनयिकों और सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों ने एक खुला पत्र लिखकर उनके व्यवहार पर चिंता व्यक्त की। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों ने संसद परिसर में आयोजित विरोध प्रदर्शनों, जिनमें सीढ़ियों पर प्रदर्शन और अनौपचारिक सभाएं शामिल हैं, की आलोचना करते हुए उन्हें अनुचित और स्थापित मानदंडों के विरुद्ध बताया।



### राहुल को मुद्दा बनाकर सुर्खियों में रहना चाहती हैं कंगना : राजा वारिंग



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद कंगना रनौत अपने बयानों के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। अब उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि उनके बर्ताव से महिलाएं असहज महसूस करती हैं। कंगना के बयान पर पंजाब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कंगना रनौत सिर्फ सुर्खियों में बने रहने के लिए राहुल गांधी पर कटाक्ष करती हैं और मुद्दा बनाती हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा कि कंगना रनौत का राहुल गांधी पर बार-बार टिप्पणी करना गलत है।

### 'भाजपा सांसद कंगना को अपने बारे में भी जानना चाहिए' : असलम शेख



**मुंबई।** कांग्रेस नेता असलम शेख ने भाजपा सांसद कंगना रनौत के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लेकर दिए गए बयान पर कड़ा पलटवार किया है। आईएएनएस से बातचीत में कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा सांसद को अपने बारे में भी जानना चाहिए। बहुत ज्यादा पीछे जाने की जरूरत नहीं है। यह सामने आ जाएगा कि उनका बयान कितनी वैल्यू रखता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी टिकट देते समय व्यक्ति के बारे में जानकारी लेती है कि उसने किस तरह से काम किया है, कैसे सेवा की है।

## श्रीलंका में फ्यूल क्यूआर बना मुसीबत पुराना वाहनों को नहीं मिल रहा पेट्रोल

**एजेंसी। कोलंबो**

श्रीलंका में दोबारा लागू किया गया नेशनल फ्यूल पास क्यूआर कोड सिस्टम अब विवादों में घिर गया है। बड़ी संख्या में वाहन मालिकों का कहना है कि वे अपना साप्ताहिक ईंधन कोटा नहीं ले पा रहे हैं, क्योंकि सिस्टम उनके वाहनों को अब भी पुराने मालिकों के नाम पर रजिस्टर्ड दिखा रहा है। श्रीलंका के प्रमुख अंग्रेजी दैनिक डेली मिरर के अनुसार, सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही है जिन्होंने सेकंड-हैंड वाहन खरीदे हैं। ऐसे वाहन मालिक नए क्यूआर कोड जनरेट नहीं कर पा रहे, क्योंकि ऑनलाइन पोर्टल यह दिखाता है कि वाहन पहले से किसी अन्य यूजर के नाम पर पंजीकृत है। इसके कारण वे अपने दैनिक कामकाज और यात्रा के लिए जरूरी ईंधन नहीं ले पा रहे हैं।लोगों का कहना है कि यह समस्या



खासकर पुराने वाहनों में ज्यादा है, जबकि नए वाहन खरीदने वाले बिना किसी दिक्कत के रजिस्ट्रेशन कर पा रहे हैं। कई लोगों को सिस्टम में पुराने मालिक की जानकारी सत्यापित करने के लिए कहा जा रहा है, जो ज्यादातर मामलों में संभव नहीं है। समस्या उन वाहनों में और गंभीर हो जाती है, जो कई बार खरीदे-बेचे जा चुके हैं। ऐसे मामलों में, पहले के रजिस्ट्रेशन से जुड़े मोबाइल नंबर अब इस्तेमाल में नहीं हैं। जब नए मालिक रजिस्ट्रेशन की कोशिश करते हैं, तो उन्हें संदेश मिलता है कि वाहन पहले से रजिस्टर्ड है, जिससे प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाती। इस तकनीकी खामी के चलते कई वाहन मालिक अपने साप्ताहिक फ्यूल कोटा से वंचित रह रहे हैं।

## एक नजर

### केंद्र और राज्य में एनडीए सरकार होने से रोजगार बढ़ेंगे : राजीव रंजन प्रसाद



**पटना।** असम में कांग्रेस के भीतर चल रहे सियासी घमासान पर जदयू प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी पहले से ही कहती आ रही थी कि कांग्रेस के विधायकों का जनाधार कमजोर हो चुका है और जनता के बीच उनकी लोकप्रियता लगातार घट रही है। राजीव रंजन ने आईएएनएस से कहा कि टीएमसी सरकार के फैसलों और जनप्रतिनिधियों के व्यवहार को लेकर लोगों में काफी नाराजगी थी। उन्होंने 'डैमेज कंट्रोल की असफल कोशिश' बताते हुए कहा कि इसका कोई फायदा नहीं होने वाला है। इससे उल्टा यह साफ हो गया है कि ममता बनर्जी ने खुद मान लिया है कि उनके विधायक जनता के बीच लोकप्रिय नहीं थे। उन्होंने आगे कहा कि अब लोग बदलाव चाहते हैं और भारतीय जनता पार्टी की ओर देख रहे हैं। अगर केंद्र और राज्य में एक ही गठबंधन की सरकार होगी, तो इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, फैक्ट्रियां खुलेंगी और लोगों के जीवन में खुशहाली आएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में लंबे समय से कई उद्योग बंद पड़े हैं और लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है, जिससे जनता अब बदलाव के मूड में है।

### मीसा ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा पर विधायकों को खरीदने का लगाया आरोप



**नई दिल्ली।** हाल ही में हुए राज्यसभा चुनाव के नतीजों को लेकर सियासी दलों में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। विपक्ष लगातार भाजपा पर विधायक खरीदने का आरोप लगा रही है। विपक्ष का कहना है कि भाजपा जिस तरह से चुनाव जीत रही है, उससे लोकतंत्र को खतरा है। आरजेडी सांसद मीसा भारती ने पत्रकारों से कहा कि राज्यसभा चुनाव में खरीद-फरोख्त और धमकियों का इस्तेमाल किया गया। जिस तरह से चुनाव हो रहा है, वह सही नहीं है। ऐसे में लोकतंत्र पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा, "कहीं न कहीं राजद समेत सभी विपक्षी दलों को आशंका है कि भाजपा ने अपनी एजेंसियों का इस्तेमाल करके वोटिंग प्रभावित की है और इसमें कोई शक नहीं है। जैसा कि देखा जा सकता है, पांच सीटों के लिए चुनाव थे, लेकिन छह उम्मीदवार मैदान में थे। राजद का एक विधायक और कांग्रेस के तीन विधायक समय पर नहीं पहुंच सके और अपना वोट नहीं डाल पाए। वहीं, झामुमो सांसद महुआ माजी ने इस मामले में सवाल उठाते हुए कहा कि खरीद-फरोख्त खुलेआम हो रही है और जब चुनाव की बात आती है, तो ईडी व सीबीआई जैसी संस्थाएं सक्रिय नहीं होतीं। उन्होंने पूछा कि क्या ये संस्थाएं अब पक्षपाती हो गई हैं।

### सारा अली खान को केदारनाथ जाना ही क्यों चाहिए : हुसैन दलवई



**मुंबई।** महाराष्ट्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हुसैन दलवई ने कहा कि अगर आस्था का प्रमाण देने पर ही केदारनाथ और बद्रीनाथ में दर्शन के लिए अनुमति दी जाएगी, तो मुझे लगता है कि फिल्म अभिनेत्री सारा अली खान को वहां जाना ही क्यों है। अभिनेत्री सारा अली खान महादेव की परम भक्त मानी जाती हैं और वह अक्सर केदारनाथ धाम जाकर शिव का आशीर्वाद लेती हैं। इस बार उन्हें अपनी आस्था का प्रमाण देना होगा। बता दें कि केदारनाथ धाम और बद्रीनाथ धाम के दर्शन के लिए आने वाले गैर हिंदू श्रद्धालुओं को अपनी आस्था साबित करनी होगी, जिसके लिए हलफनामा देना होगा। बद्री-केदार मंदिर कमेटी के चेयरमैन हेमंत द्विवेदी ने कहा कि अगर सारा अली खान भी केदारनाथ धाम दर्शन के लिए आती हैं, तो उन्हें भी सनातन धर्म में अपनी आस्था का हलफनामा देना होगा। इसके बाद ही उन्हें मंदिर में प्रवेश की अनुमति मिल सकेगी।

### भाजपा का विरोध करते-करते कांग्रेस देश का कर रही है विरोध : संजय सरावगी



**पटना।** बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने वाराणसी में गंगा क्रूज इफ्तार पार्टी के वायरल वीडियो मामले पर आईएएनएस से बातचीत में कहा कि गंगा मां की गोद में ऐसे कृत्य की स्वीकार्यता नहीं हो सकती है। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोगों से सचेत रहना चाहिए और अन्य लोगों को सीख लेनी चाहिए। गंगा के साथ किसी भी स्थिति में ऐसा कृत्य स्वीकार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की स्वीकार्यता नहीं है। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जो अपनी पार्टी नहीं संभाल पा रहे है, क्या उनको लोकसभा का नेता प्रतिपक्ष रहने का अधिकार है। राहुल गांधी का लोकसभा में गैर-जिम्मेदाराना प्रदर्शन है। कई देशों में चल रहे संघर्ष पर देश के खिलाफ बोल रहे हैं। राहुल गांधी कितने लोगों की कार्रवाई करना चाह रहे हैं। कांग्रेस सांसद प्रद्युत बोरदोलोई के भाजपा में शामिल होने को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं की स्थिति कांग्रेस कार्यकर्ता को रास नहीं आ रही है। भाजपा का विरोध करते-करते कांग्रेस देश का विरोध कर रही है।

### अखिलेश यादव के शासनकाल में गुंडे, अपराधी और माफिया प्रदेश चलाते थे : केशव मौर्य



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के नौ साल पूरे होने के अवसर पर लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मुझे 2016 और 2017 के वर्ष याद हैं। उस समय हमने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की अराजक सरकार के खिलाफ निर्णायक संघर्ष शुरू किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हमारी सरकार पहले ही बन चुकी थी। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के शासनकाल में गुंडे, अपराधी और माफिया प्रदेश चलाने का काम करते थे। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया था, प्रदेश का खजाना खाली कर दिया था। उन्होंने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि नौ वर्ष से वे सत्ता से बाहर हैं। सत्ता पाने के लिए गिरगिट की तरह रंग बदल रहे हैं। अखिलेश यादव जब सत्ता में थे तब इनको किसी की याद नहीं आई। उन्होंने सबके साथ छल किया,

### कांग्रेस एक अर्थहीन संपत्ति की तरह, जिसका कोई मूल्य और अहमियत नहीं: मुख्तार अब्बास



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला और भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर कांग्रेस सहित विपक्ष पर निशाना साधा है। पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "मुझे लगता है कि उन्हें (ममता बनर्जी) पहले से ही पता है कि चुनाव में हारने वाली हैं। जब ऐसा होगा तो वे चुनाव आयोग के साथ खेल खेलना शुरू कर देंगे। आपको अपने किए का परिणाम भुगतना ही होगा। आज पश्चिम बंगाल की जनता कुशासन, भ्रष्टाचार और अपराध से तंग आ चुकी है। वे अब इस बोझ को सहन नहीं कर पा रहे हैं और इससे बोझिल महसूस कर रहे हैं। अफगानिस्तान में पाकिस्तान द्वारा किए गए हवाई हमलों पर अब्बास नकवी ने कहा, "अफगानिस्तान में जो कुछ भी हुआ है वह बेहद चिंताजनक है।

# लीजेंड्स के बीच पहचान मिलना बेहद खास: गिल

## इंग्लैंड सीरीज में शानदार प्रदर्शन बना अवॉर्ड की वजह

1. वेस्टइंडीज और एशिया कप में भी शानदार प्रदर्शन
2. 2025 में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा 983 रन बनाए



**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के वनडे और टेस्ट फॉर्मेट के कप्तान शुभमन गिल को हाल ही में बीसीसीआई द्वारा नई दिल्ली में आयोजित 'नमन अवॉर्ड्स' में बेस्ट इंटरनेशनल क्रिकेटर (पुरुष) के लिए प्रतिष्ठित पॉली उमरीगर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। शुभमन गिल ने सम्मान के लिए बीसीसीआई का आभार जताते हुए कहा कि पूर्व में इस सम्मान को हासिल कर चुके कुछ लेजेंड्स और आदर्श खिलाड़ियों के बीच सम्मानित होने से यह उपलब्धि और भी खास हो गई। बीसीसीआई द्वारा एक्स पर साझा की गई वीडियो में शुभमन गिल ने कहा, "उन लेजेंड्स और आइडल्स के बीच पहचान मिलना बहुत अच्छा लगता है जिन्होंने मुझसे पहले यह अवॉर्ड जीता है। यह सच में एक बहुत बड़ा सम्मान है जब आप हर बार मैदान पर उतरते हैं और अपने देश का उस खेल में प्रतिनिधित्व करते हैं। उस खेल में अच्छा करना और बीसीसीआई से पहचान मिलना बहुत बड़ा सम्मान है। पिछले साल की इंग्लैंड टेस्ट सीरीज को याद करते हुए गिल ने कहा, "मुझे लगता है कि यह अब तक का एक शानदार सफर रहा है। इंग्लैंड सीरीज में जाना और पहले टेस्ट मैच के बाद जहा हम थे, वहां से सीरीज ड्रॉ कराना, और उसके बाद भी, वेस्टइंडीज और एशिया कप में खेलना, यह सच में एक शानदार साल रहा है।" गिल को ये पुरस्कार मिलने में इंग्लैंड दौरे का अहम रोल रहा था। इंग्लैंड टेस्ट सीरीज की दस पारियों में उन्होंने 75.40 की औसत से 754 रन बनाए थे। इस दौरान उनके बल्ले से 4 शतक निकले थे। सर्वाधिक स्कोर 269 रहा था। गिल 2025 में नौ मैचों में 70.21 की औसत से 983 रन बनाकर टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। गिल ने कहा कि भारतीय टीम को भविष्य में श्रीलंका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ जरूरी सीरीज खेलनी हैं, जिससे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें तय हो सकती हैं। टीम अभी नौ मैचों में चार जीत और एक ड्रॉ के साथ छठे नंबर पर है। फाइनल के लिए हमें ज्यादातर मैच जीतने होंगे। भारतीय कप्तान ने टीम के सपोर्ट स्टाफ, जिसमें हेड कोच गौतम गंभीर के साथ-साथ बड़ी कोचिंग यूनिट और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के स्टाफ शामिल हैं, को भारतीय टीम को श्रेष्ठ और निडर टीम बनाने का श्रेय दिया। शुभमन गिल ने बीसीसीआई और मौजूदा आईसीसी अध्यक्ष जय शाह (पूर्व बीसीसीआई सचिव) से मिले सहयोग की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, "बीसीसीआई, खासकर जय भाई और अन्य अधिकारियों से हमें जो सहयोग मिला है, वह बहुत अच्छा रहा है। हमारे क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने जो पहल की हैं, उनसे हमें सच में बहुत मदद मिली है। जब मैं घायल हुआ, तब भी ट्रेनिंग, अभ्यास और सुविधाओं ने प्रदर्शन में बहुत बड़ा रोल निभाया। गिल ने कहा, "हम चाहते हैं कि हमें, खासकर रेड-बॉल क्रिकेट में, एक ऐसी टीम के तौर पर देखा जाए जो आसानी से हार नहीं मानती। हम सभी खिलाड़ियों में ऐसा कैरेक्टर डालना चाहते हैं।

## ग्लेन फिलिप्स का दिखा नया अवतार, क्रिकेटर ने पायलट के रूप में फैंस को चौंकाया



**एजेंसी । ऑकलैंड**

न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स मैदान पर अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी, बेहतरीन स्पिन और हैरान करने वाली फील्डिंग के लिए जाने जाते हैं। लेकिन, फिलिप्स सिर्फ मैदान पर ही नहीं बल्कि हवा में भी करतब दिखा सकते हैं। मंगलवार को ऑकलैंड के आकाश में उन्होंने कुछ ऐसा किया जिसे देख दुनियाभर के क्रिकेट फैंस हैरान हैं। ग्लेन फिलिप्स ने मंगलवार को ऑकलैंड के आर्डमोर एयरोड्रोम पर एक लाइट एयरक्राफ्ट को सफलतापूर्वक लैंड कराकर अपनी पायलट क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इसका वीडियो फिलिप्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया। फिलिप्स ने बताया कि वह कमर्शियल पायलट का लाइसेंस लेने की प्रक्रिया में हैं और इसके लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं। ऑल-राउंडर ने हाल ही में आर्डमोर फ्लाइंग स्कूल में स्टूडेंट्स और इंस्ट्रक्टर्स से बातचीत भी की। फिलिप्स ने कहा, "यह मेरा बड़ा पैशन है। अगर मैं क्रिकेट नहीं खेल रहा होता और मेरे पास दुनिया भर का पैसा होता, तो शायद मैं पायलट बनता।

### रियल मैड्रिड चैंपियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में

## मैनचेस्टर सिटी को हराया, पीएसजी, आर्सेनल और स्पोर्टिंग सीपी भी अंतिम-8 में पहुंचीं



**एजेंसी । नई दिल्ली**

15 बार की चैंपियन रियल मैड्रिड ने यूईएफए चैंपियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है। प्री क्वार्टरफाइनल में मैनचेस्टर सिटी को उसी के घर में हराकर अंतिम-8 में जगह बना ली हैं। मैड्रिड के अलावा आर्सनल, पेरिस सेंट-जर्मेन और स्पोर्टिंग सीपी ने भी क्वार्टरफाइनल का टिकट कटा लिया है। इस राउंड के सबसे बड़े उलटफेर में स्पोर्टिंग सीपी ने पहले लेग में 0-3 से पिछड़ने के बाद दूसरे लेग में बोडो ग्लिम्ट को 5-0 से रौंदकर शानदार वापसी की। रियल मैड्रिड ने सिटी को 2-1 से हराया, ओवरऑल स्कोर 5-1 रहा मैनचेस्टर के एतिहाद स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में रियल मैड्रिड ने सिटी को 2-1 से मात दी। एग्रीगेट (दोनों मैचों का कुल स्कोर) के आधार पर मैड्रिड ने 5-1 से जीत दर्ज की। मैच के 20वें मिनट में सिटी के बर्नाडो सिल्वा को हैंडबॉल के लिए रेड कार्ड दिखाया गया, जिससे टीम 10 खिलाड़ियों पर सिमट गई। 22वें मिनट में विनीशियस जूनियर ने पेनल्टी को गोल में बदलकर मैड्रिड को बढ़त दिलाई। 41वें मिनट में अर्लिंग हालैंड ने गोल कर सिटी की उम्मीदें जगाईं, लेकिन एक्स्ट्रा टाइम में विनीशियस के दूसरे गोल ने सिटी का सफर खत्म कर दिया।

## मोरक्को को एएफकॉन 2025 का चैंपियन घोषित किया गया

- अफ्रीकी फुटबॉल फेडरेशन ने सेनेगल की जीत रद्द की मैच के बीच मैदान छोड़ाना गलत माना



**नई दिल्ली ।** मोरक्को को एएफकॉन 2025 का चैंपियन घोषित किया गया है। कॉन्फेडरेशन ऑफ अफ्रीकन फुटबॉल ने सेनेगल की 1-0 की जीत को रद्द कर दिया है। यह फैसला 18 जनवरी को खेले गए फाइनल मैच के दौरान हुए विवाद के बाद लिया गया है। दरअसल, मैच के आखिरी समय में सेनेगल के खिलाड़ियों ने रेफरी के एक फैसले के विरोध में मैदान छोड़ दिया था,जिसे नियमों का उल्लंघन माना गया है। क्या था विवाद 18 जनवरी को खेले गए फाइनल मैच में निर्धारित समय तक स्कोर 0-0 की बराबरी पर था। स्टॉपेज टाइम (इंजुरी टाइम) में रेफरी ने मेजबान मोरक्को के पक्ष में एक पेनल्टी दी। इस फैसले से सेनेगल के खिलाड़ी नाराज हो गए और विरोध स्वरूप मैदान से बाहर चले गए। करीब 17 मिनट तक खेल रुका रहा। बाद में खिलाड़ी वापस लौटे, मोरक्को के ब्राहिम डियाज पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए और एक्स्ट्रा टाइम में सेनेगल के पापे गुये ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से जीत दिला दी थी। मोरक्को फुटबॉल फेडरेशन ने मैच के नतीजों को लेकर सीएएफ की अपील कमेटी में चुनौती दी थी। सीएएफ ने अपनी जांच में पाया कि सेनेगल ने एएफकॉन रेगुलेशन के आर्टिकल 82 का उल्लंघन किया है।

## खिलाड़ियों के बीच खेल किट बांटकर डीसी ने बढ़ाया उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता**



**साहेबगंज।** साहेबगंज में खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्रों के खिलाड़ियों के बीच खेल किट का वितरण किया गया। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त हेमंत सती ने खिलाड़ियों को जूता, मोजा, टोपी, एथलेटिक्स किट, टी-शर्ट, ट्रैक सूट और बैग प्रदान किए। इस दौरान सिद्धों-कान्हु स्टेडियम स्थित बालक आवासीय एथलेटिक्स केंद्र, डे बोर्डिंग बालिका एथलेटिक्स केंद्र तथा सकरीगली के +2 बी.डी. उच्च विद्यालय में संचालित डे बोर्डिंग बालक एथलेटिक्स केंद्र के कुल 75 प्रशिक्षुओं को लाभ मिला। उपायुक्त ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल शारीरिक विकास के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना भी विकसित करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास कर जिले, राज्य और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष, खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, प्रशिक्षक योगेश यादव, अशोक साहनी सहित अन्य पदाधिकारी और खिलाड़ी मौजूद रहे।

## मुझे ड्रॉप करने का फैसला सही था, वापसी के लिए तैयार रहना चाहता हूं: ओली पोप

**एजेंसी । नई दिल्ली**



इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप ने कहा है कि एशेज 2025-26 के दौरान खराब प्रदर्शन की वजह से टीम से बाहर किए जाने के बावजूद उन्हें फिर से राष्ट्रीय टीम में वापसी की पूरी उम्मीद है। ओली पोप ने कहा, "टीम से बाहर होना आसान नहीं होता, लेकिन उस समय यह सही फैसला था। मुझे पता था कि मैं कहां खड़ा हूं। उन्होंने कहा, "अगर मैं प्लेइंग इलेवन में नहीं हूं, तो मुझे यह साबित करना होगा कि मैं देश का सबसे अच्छा बल्लेबाज बन सकता हूं। मैं अपने खेल को बेहतर बनाकर तैयार रहना चाहता हूं। पोप ने कहा कि उनका लक्ष्य अपने खेल को अगले स्तर तक ले जाना है ताकि मौका मिलने पर वह खुद को सर्वश्रेष्ठ विकल्प साबित कर सकें। पोप को इंग्लैंड टेस्ट टीम की उपकप्तानी भी गंवानी पड़ी। उनकी जगह ये भूमिका अब हैरी ब्रूक निभा रहे हैं।

## आईपीएल 2026 : संजू सैमसन बड़ी उपलब्धि के करीब एमएस धोनी के खास क्लब में हो सकती है एंट्री

**एजेंसी । नई दिल्ली**



टी20 विश्व कप 2026 में संजू सैमसन भारतीय टीम के लिए सबसे बड़े हीरो के रूप में उभरे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल जैसे मुकाबले में नाबाद 97, इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89, और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 89 रन बनाकर सैमसन ने भारतीय टीम को चैंपियन बनाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। सैमसन की नजर अब आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन पर है। संजू सैमसन ने विश्व कप में बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया था। उनका यही फॉर्म बरकरार रहा तो आईपीएल 2026 में एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। यह उपलब्धि विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में सिर्फ एमएस धोनी के नाम हैं।

एमएस धोनी आईपीएल इतिहास के एकमात्र ऐसे विकेटकीपर बल्लेबाज हैं जिनके नाम 5,000 या उससे ज्यादा रन हैं। धोनी ने 2008 से 2025 के बीच 278 मैचों की 242 पारियों में 24 अर्धशतक की मदद से 5,439 बनाए हैं। केएल राहुल के 5,000 से ऊपर रन हैं, लेकिन उन्होंने आईपीएल करियर में हर मैच में बतौर विकेटकीपर नहीं खेला है। संजू आईपीएल में 5,000 रन पूरा करने और धोनी के विशेष क्लब में शामिल होने के बेहद करीब है। सैमसन ने 2013 से 2025 के बीच 177 मैचों की 172 पारियों में 3 शतक और 26 अर्धशतक लगाते हुए 4,704 रन बनाए हैं। 296 रन बनाते ही लीग में उनके 5,000 रन पूरे हो जाएंगे, और यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह सिर्फ दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज होंगे। आगामी सीजन में लीग में 5,000 रन पूरे करना और धोनी के क्लब में शामिल होना सैमसन के लिए विशेष होगा।

## रायगढ़ स्टेडियम में 19 मार्च से शुरू होगा एमएसपी कार्डिनल कप सीजन 9

**एजेंसी । रायगढ़**

छत्तीसगढ़ के टेनिस बॉल क्रिकेट के प्रेमियों के लिए इंतजार की घड़ियाँ अब खत्म होने वाली हैं। 19 मार्च से एमएसपी कार्डिनल कप सीजन 9 अपने पूरे वैभव और भव्यता के साथ लौटने के लिए तैयार है। यह केवल एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि देश के कोने-कोने से आने वाले खिलाड़ियों के लिए अपनी किस्मत और हुनर को आजमाने का एक महामंच है। कार्डिनल कप आयोजन समिति ने प्रेसवार्ता में टूर्नामेंट के बारे में विस्तार से बताया। टूर्नामेंट नॉक आउट सिस्टम से खेला जाएगा। जिसमें कुल 32 मैच होंगे। हर दिन चार मैच होंगे और हर मैच 8-8 ओवर का होगा। सेमीफाइनल और फाइनल मैच 12 ओवर का खेला जाएंगे। प्रशासन 11 और पत्रकार 11 के मैच से टूर्नामेंट का उद्घाटन होगा।सीजन 9 की तैयारियों को लेकर आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि इस बार मैदान की सजावट, पिच की गुणवत्ता और प्रकाश व्यवस्था को पिछले सभी आठ सीजनों से बेहतर बनाया गया है। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें शिरकत कर रही हैं।



# केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 33,660 करोड़ रुपए की 'भव्य' योजना को दी मंजूरी

## बनेंगे 100 औद्योगिक पार्क, पैदा होंगी लाखों नौकरियां

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य योजना) को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत 33,660 करोड़ रुपए की लागत से देश भर में 100 प्लग-एंड-प्ले इंडस्ट्रियल पार्क बनाए जाएंगे, जिनका उद्देश्य आर्थिक विकास को तेज करना और रोजगार के अवसर बढ़ाना है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य विश्वस्तरीय औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना है, जिससे देश की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता बढ़ेगी और भारत की आर्थिक वृद्धि को नई रफ्तार मिलेगी। यह योजना नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट प्रोग्राम (एनआईसीडीपी) के तहत बने इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी मॉडल की सफलता पर आधारित है, जिसे राज्यों और निजी क्षेत्र की भागीदारी से लागू किया जाएगा।

'भव्य' योजना में व्यापार करने में आसानी पर खास जोर दिया गया है। इसके तहत मंजूरी प्रक्रिया को आसान बनाया जाएगा, सिंगल विंडो सिस्टम लागू होगा और निवेशकों के लिए अनुकूल सुधार किए जाएंगे। इस योजना के तहत ऐसे इंडस्ट्रियल पार्क बनाए जाएंगे जहां उद्योगों को पहले से तैयार जमीन, जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर और सभी सुविधाएं एक ही जगह मिलेंगी, जिससे कंपनियां जल्दी काम शुरू कर सकेंगी। इन इंडस्ट्रियल पार्क का आकार 100 से 1,000 एकड़ तक होगा।



सरकार इनके विकास के लिए प्रति एकड़ 1 करोड़ रुपए तक की वित्तीय सहायता देगी। इसमें सड़कों, बिजली-पानी, ड्रेनेज, आईटी सिस्टम, फैक्ट्री शेड, वेयरहाउस और टेस्टिंग लैब जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। इसके अलावा, योजना के तहत वर्कर्स के लिए आवास और अन्य सामाजिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

## कैबिनेट का बड़ा फैसला : स्मॉल हाइड्रो प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने के लिए 2,584 करोड़ की योजना को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को लघु जलविद्युत परियोजनाओं (स्मॉल हाइड्रो प्रोजेक्ट्स-एसएचपी) को बढ़ावा देने के लिए 2,584.60 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी। 'स्मॉल हाइड्रो पावर (एसएचपी) डेवलपमेंट स्कीम' को वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक लागू किया जाएगा। इसके तहत 1 से 25 मेगावाट क्षमता वाले प्रोजेक्ट्स देश के अलग-अलग राज्यों में लगाए जाएंगे, जिससे खासकर पहाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों को फायदा होगा, जहां इस तरह की परियोजनाओं की ज्यादा संभावनाएं हैं। इस योजना से प्रोजेक्ट निर्माण के दौरान करीब 51 लाख मानव-दिवस रोजगार पैदा होंगे। इसके अलावा, इन प्रोजेक्ट्स के संचालन और रखरखाव में भी रोजगार के अवसर मिलेंगे, क्योंकि ये ज्यादातर ग्रामीण और दूरदराज इलाकों में बनाए जाएंगे। पूर्वोत्तर राज्यों और अंतरराष्ट्रीय सीमा वाले जिलों में प्रोजेक्ट्स के लिए केंद्र सरकार 3.6 करोड़ रुपए प्रति मेगावाट या परियोजना लागत का 30 प्रतिशत (जो भी कम हो) तक सहायता देगी, जिसमें प्रति प्रोजेक्ट अधिकतम सीमा 30 करोड़ रुपए होगी। वहीं, अन्य राज्यों में 2.4 करोड़ रुपए प्रति मेगावाट या परियोजना लागत का 20 प्रतिशत (जो भी कम हो) सहायता दी जाएगी, जिसमें अधिकतम सीमा 20 करोड़ रुपए प्रति प्रोजेक्ट तय की गई है।

## तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 633 अंक उछला

**मुंबई ।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरे सत्र में तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुआ। आईटी और रियल्टी शेयरों के समर्थन से घरेलू बाजार के प्रमुख बेंचमार्क दिन के उच्चतम स्तर के करीब बंद हुए। इस दौरान, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 0.83 प्रतिशत या 633.29 अंक बढ़कर 76,704.13 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी50 0.83 प्रतिशत या 196.65 अंक बढ़कर 23,777.80 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में सेंसेक्स ने जहां Open :76,367.55 पर खुलकर 77,000.22 के उच्चतम स्तर को छुआ, वहीं निफ्टी ने 23,632.90 पर खुलकर 23,862.25 का उच्चतम स्तर छुआ। बुधवार के सत्र में भी समग्र बाजार में तेजी देखने को मिली।

## भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था सभी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा कर रही है

**नई दिल्ली ।** भारत में बेरोजगारी दर फरवरी में घटकर 4.9 प्रतिशत हो गई है, जो यह दिखाता है कि देश में नौकरी मिलने की रफ्तार में सुधार हो रहा है। अब रोजगार के अवसर सिर्फ कुछ बड़े शहरों या चुनिंदा सेक्टर तक सीमित नहीं रह गए हैं। इंडिया नैरेटिव में प्रकाशित एक लेख के अनुसार, फरवरी में मैन्युफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन, रिटेल, लॉजिस्टिक्स और कृषि जैसे कई सेक्टर में रोजगार बढ़ा है। सरकार द्वारा बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर किया जा रहा खर्च और कारोबार में बढ़ता भरोसा अब वास्तविक नौकरी के अवसरों में तब्दील होता दिख रहा है। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे कार्यक्रमों के तहत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देने के प्रयास रंग लाते दिख रहे हैं।

## कपास किसानों के लिए खुशखबरी, कैबिनेट ने सीसीआई को 1,718.56 करोड़ रुपए के एमएसपी फंड को मंजूरी दी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने कपास सीजन 2023-24 के लिए कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) को 1,718.56 करोड़ रुपए के फंड को मंजूरी दी है। इस फंड का उद्देश्य देशभर के कपास किसानों को प्रत्यक्ष मूल्य समर्थन प्रदान करना है। 2023-24 के कपास सीजन के दौरान, अनुमानित कपास की खेती का क्षेत्रफल 114.47 लाख हेक्टेयर था, और उत्पादन 325.22 लाख गांठ रहने का अनुमान था, जो वैश्विक कपास उत्पादन का लगभग 25 प्रतिशत है। सरकार कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों के आधार पर कपास के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारित करती है।



सीसीईए के अनुसार, एमएसपी को कपास किसानों के हितों की रक्षा के लिए निर्धारित किया जाता है, विशेष रूप से उन अवधियों के दौरान जब बाजार मूल्य एमएसपी से नीचे गिर जाते हैं। आधिकारिक बयान में कहा गया, "ये उपाय कपास की कीमतों को स्थिर करने, मजबूरी में बिक्री रोकने और किसानों को लाभकारी प्रतिफल सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कृषि बाजारों में समावेशिता बढ़ाकर, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के संचालन से कपास उत्पादक समुदायों की आर्थिक सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। बयान में आगे कहा गया है कि कपास भारत की सबसे महत्वपूर्ण नकदी फसलों में से एक है, जो लगभग 6 लाख किसानों की आजीविका का आधार है।

# डीसी ने नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष को दिलाई शपथ, सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड सभागार में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में पलामू उपायुक्त समीरा एस ने नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्षा कुमारी शीला चौधरी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी जनप्रतिनिधि संविधान के अनुरूप कार्य करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास को प्राथमिकता दें। उन्होंने नगर पंचायत के विकास कार्यों में प्रशासनिक स्तर पर हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया। इस मौके पर नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों को भी शपथ दिलाई गई। शपथ लेने वालों



में वार्ड संख्या 1 से आस्मीन परवीन, 2 से वृजनंदन साव, 3 से अमरजीत कुमार, 4 से पिंकी कुमारी, 5 से पुष्पा देवी, 6 से कृष्णा कुमार, 7 से सुशील कुमार रवि, 8 से स्वेता देवी, 9 से पवन कुमार, 10 से अवधेश कुमार मेहता, 11 से रामजी पासवान, 12 से सूरज देवी, 13 से हसीना खातून, 14 से रिंकू देवी, 15 से त्रिपुरारी राम तथा 16 से अनुराधा कुमारी शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी व्यवस्था, वार्ड की स्थिति, दवाओं की उपलब्धता एवं साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने तथा अस्पताल परिसर की स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया। इस दौरान डॉ. राजेश कुमार, डॉ. अनीस अख्तर, डॉ. साजिद सहित कई स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय में स्वागत




**हुसैनाबाद।** शपथ ग्रहण के दूसरे दिन बुधवार को हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय में नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों का भव्य स्वागत किया गया। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शशि शेखर सुमन एवं कर्मियों ने सभी जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर अभिनंदन किया। इसके बाद सभागार में आयोजित स्वागत समारोह का संचालन सिटी मैनेजर हिमानी बाड़ा ने किया। औपचारिक परिचय कार्यक्रम में अध्यक्ष अजय भारती ने पदाधिकारियों व कर्मियों से परिचय प्राप्त किया, वहीं सभी 16 वार्ड पार्षदों ने भी अपना-अपना परिचय दिया। इस मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि नगर की समस्याओं के समाधान और समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उपाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी ने भी शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में नागरिकों से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद आशा देवी, अनीता शाह, राजेंद्र पाल, राजकुमार कश्यप, फिरोजा शाहीन, अनवर आलम, सरवरी बीबी, अभिमन्यु कुमार, उमा देवी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# अवैध विदेशी शराब से भरी लावारिस कार जब्त, 260 बोतल किया बरामद

- गुप्त सूचना पर पुलिस की कार्रवाई, चालक-मालिक का नहीं चला पता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र में बुधवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध विदेशी शराब से भरी एक लावारिस कार को जब्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 मार्च 2026 को करीब 12:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि भजनिया मेन रोड स्थित सत्येंद्र नारायण सिंह की जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान




के पास एक कार दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में खड़ी है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने वरीय अधिकारियों को अवगत कराया। उनके निर्देश पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान संदिग्ध कार को कब्जे में लिया गया। तलाशी के क्रम में वाहन से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई। बरामद शराब में रॉयल स्टैग 750 एमएल की 80 बोतल, वन मोर ग्रीन एप्पल 750 एमएल की 8 बोतल तथा आफ्टर डार्क ब्लू रेयर ग्रीन व्हिस्की 180 एमएल की 172 बोतल शामिल हैं। पुलिस के अनुसार मौके पर न तो वाहन चालक मिला और न ही कोई मालिक मौजूद था। इस संबंध में मोहम्मदगंज थाना कांड संख्या 09/26 के तहत धारा 281 सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं एवं झारखंड उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है तथा वाहन मालिक व शराब तस्करी में संलिप्त लोगों की तलाश की जा रही है।

## फरार अभियुक्त के घर व चौक-चौराहों पर इश्तेहार चिपकाया गया

**हैदरनगर।** पलामू जिले के सदर थाना कांड संख्या 29/2001 के फरार अभियुक्त चंदन उर्फ नंदा रजवार के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि न्यायालय के निर्देश के आलोक में अभियुक्त के घर एवं आसपास के प्रमुख चौक-चौराहों पर इश्तेहार चस्पा किया गया है। पुअनि अमर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विधिवत कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को शीघ्र न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करने की स्थिति में अभियुक्त के विरुद्ध कुर्की-जब्ती सहित आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## शटल पैसेंजर ट्रेन के समय संशोधन का डीआरएम ने दिया आश्वासन

**हैदरनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू व धनबाद संयुक्त रेल मंडल अंतर्गत बीडी रेल सेक्शन में परिचालित शटल ट्रेन संख्या 53349 (बरवाडीह–डेहरी ऑन सोन) के समय में संशोधन की मांग को लेकर झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन ने मंडल रेल प्रबंधक धनबाद को ज्ञापन सौंपा है। एसोसिएशन के संरक्षक पूजा रत्नाकर एवं अध्यक्ष कुमार अभिषेक ने बताया कि जनवरी 2025 में ट्रेन के समय में किए गए बदलाव के कारण इस सेक्शन के करीब 13 स्टेशनों के गरीब एवं दैनिक यात्रियों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। वर्तमान समय सारणी के अनुसार ट्रेन बरवाडीह से शाम 5:45 बजे प्रस्थान करती है और डाल्टनगंज (मेदिनीनगर) में 6:23 बजे पहुंचती है, जिससे छात्रों, कामकाजी लोगों एवं अन्य यात्रियों को असुविधा होती है। उन्होंने मांग की कि यात्रियों की सुविधा को देखते हुए ट्रेन के प्रस्थान समय को परिवर्तित कर इसे लगभग 4:15 बजे बरवाडीह से चलाया जाए, ताकि यह ट्रेन डाल्टनगंज में करीब 5:00 बजे पहुंच सके। यदि यह संभव नहीं हो, तो जनवरी 2025 से पूर्व की समय सारणी को पुनः लागू किया जाए। मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्रा ने एसोसिएशन को आश्वस्त करते हुए कहा कि पूर्व में समय परिवर्तन के कारणों की समीक्षा की जाएगी तथा शीघ्र ही आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी अंकु सिंह राणा ने कहा कि यह मुद्दा यात्रियों की दैनिक जरूरतों से जुड़ा है और इस पर त्वरित कार्रवाई आवश्यक है।

## पेज एक के शेष

### वित्तीय प्रबंधन के...

जहां कई राज्यों में यह केवल चुनावी वादा बनकर रह गया, वहीं हमने इसे धरातल पर उतारा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंईयां योजना के तहत 20,000 करोड़ की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड देश का वह राज्य है, जो अपने बजट का सर्वाधिक प्रतिशत महिलाओं और बच्चों पर खर्च कर रहा है। यह हमारे संकल्प का प्रमाण है। सीएम ने कहा कि इस वर्ष मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 14,065 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है और कुल मिलाकर 34 हजार करोड़ रुपये महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यही असली राजनीति है। मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों और वंचित समाज के लोगों को आजीविका से जोड़ने के लिए जोहार परियोजना का दूसरा चरण शुरू किया जाएगा। इसके अंतर्गत अगले तीन साल में पूरे राज्य में सभी मंईयां और वंचित समाज के युवाओं में आजीविका और उद्यमिता को बढ़ाने के लिए खास तौर पर मंईयां बलवान योजना और मंईयां उद्यमी योजना को अलग-अलग समय में धरातल पर उतारा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हम इस पहल को अगले स्तर पर ले जा रहे हैं। युवाओं और महिलाओं को माइक्रो इंटरप्राइज शुरू करने के लिए 5 करोड़ रुपए तक का कैपिटल इसेंटिव देने की योजना पर हम काम कर रहे हैं। राज्य सरकार स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा उत्पादित वस्तुओं की पलाश और आदीवा ब्रांड नाम से बाजार तक पहुंच सुनिश्चित कर रही है। इन ब्रांड्स को और मजबूत बनाने के लिए हम नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन से जोड़ते हुए आगे बढाएंगे। उन्होंने कहा कि हम मदद बांटने वाली सरकार नहीं हैं, बल्कि हम अवसर बनाने वाली सरकार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने एक कार्यकाल में तीन जेपीएससी परीक्षाएं आयोजित की गई हैं और कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू की गई है। उन्होंने कहा कि तकनीक और विकास के क्षेत्र में सीएम डेटा इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा, जिससे योजनाओं की निगरानी होगी। राज्य में आईटी पार्क और इको टूरिज्म को बढ़ावा देने की योजना है। ऊर्जा के क्षेत्र में भी स्वच्छ ऊर्जा पर काम किया जाएगा। सीएम ने कहा कि सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए गुरुजी मेमोरियल बनाया जाएगा और कई ऐतिहासिक स्थलों को विकसित किया जाएगा। प्रवासी मजदूरों और नागरिकों की मदद के लिए अन्य राज्यों और विदेशों में सहायता केंद्र खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर मनरेगा के बकाया फंड और मजदूरी दरों को लेकर सवाल उठाए। साथ ही, विपक्ष पर सदन से अनुपस्थित रहने का आरोप लगाया। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष के अनुसार यह सत्र 112 प्रतिशत कार्यक्षमता के साथ चला। कुल 66 घंटे के निर्धारित समय के मुकाबले लगभग 74 घंटे काम हुआ। इस दौरान झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक 2026 भी पारित किया गया और पहली बार नेवा ई-विधान प्रणाली का उपयोग किया गया। मौके पर मुख्यमंत्री ने स्पीकर सहित विभिन्न विधायकों को विभिन्न त्योहारों की बधाई दी।

### झारखंड में 'वीबी-जी राम-जी'...

साथ ही, मनरेगा के तहत 100 दिनों के बजाय 150 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने का अनुरोध भी किया गया। सदन में प्रस्तुत प्रस्ताव में कहा गया कि 'वीबी-जी राम-जी' अधिनियम के प्रावधानों की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि इससे रोजगार की कानूनी गारंटी, मानव दिवसों की सुरक्षा, ग्राम सभा की शक्तियों और राज्य के वित्तीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए राज्य के हित में मनरेगा को ही जारी रखना आवश्यक है। इसके अलावा, 5 जनवरी 2026 को इस विषय पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें उप विकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और अन्य संबंधित पक्ष शामिल हुए थे। समीक्षा के बाद इस अधिनियम को लेकर कई चिंताएं जताई गईं। संकल्प में यह भी कहा गया कि नए प्रावधानों से काम मांगने पर रोजगार मिलने की कानूनी गारंटी समाप्त हो सकती है, काम के दिनों में कमी आ सकती है, महिलाओं के सशक्तिकरण पर असर पड़ेगा और पलायन बढ़ने की आशंका है। साथ ही इससे राज्य पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ भी पड़ सकता है।

### राज्य में 80...

लगभग 80 प्रतिशत धान की खरीद पूरी हो चुकी है। उन्होंने विधायक अनंत प्रताप देव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्हें सदन की कार्यवाही को बेहतर समझने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता है। मंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि संबंधित क्षेत्र में किसान कम और नेता ज्यादा हैं। पीडीएस दुकानदारों के कमीशन को लेकर विधायक अमित यादव के प्रश्न का उत्तर देते हुए मंत्री ने बताया कि दुकानदारों को प्रति किलो 1.50 रुपए का कमीशन दिया जाता है। इसके अतिरिक्त चीनी, नमक, केरोसिन तेल, चना दाल, धोती और साड़ी पर एक रुपये प्रति यूनिट का कमीशन निर्धारित है। उन्होंने कहा कि दुकानों में इस्तेमाल होने वाले बटखरों का सत्यापन हर दो वर्ष में किया जाता है और भविष्य में इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन लगाने की योजना भी है। वहीं, विधायक मथुरा महतो ने ओरमांझी क्षेत्र में भारतमाला परियोजना के तहत मुआवजा भुगतान में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। इस पर मंत्री दीपक बिरुआ ने स्पष्ट किया कि केवल एक नोटिस के आधार पर किसी रैयत का दावा खारिज नहीं किया जा सकता। उन्होंने चार करोड़ रुपए के भुगतान के मामले में उपायुक्त (डीसी) को वंशावली की पुनः जांच कराने और यदि कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सदन में इन मुद्दों को लेकर पक्ष-विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली, जबकि मंत्रियों ने सरकार की ओर से स्थिति स्पष्ट करते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

### आउटसोर्सिंग कर्मियों के...

बनाने की दिशा में काम कर रही है। सदन में आउटसोर्सिंग कंपनियों के जरिए मैनपावर नियुक्ति में अनियमितताओं को लेकर भी हंगामा हुआ। विधायक प्रदीप यादव ने आरोप लगाया कि कई कंपनियां युवाओं से पैसे लेकर नौकरी दिलाने का काम कर रही हैं, जिससे उनका शोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आउटसोर्सिंग व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए नियमावली तो बनाई है, लेकिन उसका पालन नहीं हो रहा है। मीडिया में भी इस तरह की खबरें आने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस पर जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मियों के शोषण को रोकने के लिए कैबिनेट द्वारा स्पष्ट नियमावली बनाई गई है। उन्होंने बताया कि विभागों को मैनपावर की जरूरत होने पर जैप आईटी प्रणाली के माध्यम से सूचीबद्ध एजेंसियों का चयन किया जाता है और फिलहाल 14 एजेंसियां पैनल में शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि एजेंसियों का काम योग्यता और अनुभव के आधार पर उम्मीदवारों का चयन करना है। यदि कोई एजेंसी निर्धारित शुल्क से अधिक पैसे मांगती है, तो जांच में सही पाए जाने पर उसे ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

### रोशनी खलखो आज...

साथ ही, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे बंदूक, राइफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद आदि लेकर निकलना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर) वर्जित रहेगा। किसी प्रकार का हरवे हथियार जैसे-लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा भाला आदि लेकर निकलने या चलने (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर) पर रोक रहेगी। किसी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा के आयोजन पर भी रोक रहेगी। किसी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग करने (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर) पर भी रोक रहेगी।

### खूंटी में इनामी...

और सामान्य जीवन की ओर लौटें। जिले के पुलिस कप्तान मनीष टोप्पो ने कहा कि सरकार के नक्सल मुक्त राज्य के संकल्प के तहत चलाए जा रहे अभियान में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर हाबिल मुंडू उर्फ प्रफुल्ल मुंडा ने सरकारी आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर समाज की मुख्य धारा में शामिल होने का निर्णय लिया है। हाबिल मुरहू प्रखंड के कोड़ाकेल पंचायत अंतर्गत बम्हनी गांव का निवासी है। उसके खिलाफ मुरहू, खूंटी, कर्रा और तोरपा थाना में उग्रवादी हिंसा सहित अन्य संगीन मामलों को लेकर करीब 22 मामले दर्ज हैं। एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि हाबिल मुंडू पर झारखंड पुलिस ने एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। आत्मसमर्पण के दौरान उसने 09 एमएम पिस्टल, 7.65 एमएम पिस्टल, एक देसी कट्टा, 13 कारतूस और दो वॉकी-टॉकी पुलिस को सौंपे। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर और अन्य केंद्रीय अर्धसैनिक बलों द्वारा चलाए जा रहे संयुक्त अभियान से उग्रवादी संगठनों पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। साथ ही, राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति 'नई दिशा' का भी सकारात्मक प्रभाव दिख रहा है। एसपी के अनुसार, संगठन के भीतर शोषण, भय और सुरक्षा बलों की कार्रवाई से परेशान होकर कई उग्रवादी संगठन छोड़ रहे हैं या आत्मसमर्पण कर रहे हैं। मौके पर खूंटी के एसडीपीओ वरुण रजक, तोरपा एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा, खूंटी के थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### हाईकोर्ट ने पर्यटन...

उन्होंने अदालत को बताया कि निर्देशों के तहत कुछ कार्य पूरे कर लिए गए हैं, जबकि कुछ कार्य अभी शेष हैं। उन्होंने जानकारी दी कि मंदिर परिसर में करीब आठ चेंजिंग रूम बनाए गए हैं और आसपास स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की गई है। साथ ही, सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कुछ कंपनियों के साथ एमओयू भी किया गया है। हालांकि, अदालत ने कार्यों को संतोषजनक नहीं मानते हुए अगली सुनवाई में पर्यटन सचिव और रामगढ़ डीसी दोनों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। अदालत ने आदेश के अनुपालन से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 25 मार्च 2026 को निर्धारित की गई है। खंडपीठ ने रामगढ़ डीसी को मंदिर परिसर के आसपास अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही, नदी तट पर रेड जोन बनाकर घेराबंदी करने को कहा, ताकि डूबने की घटनाओं को रोका जा सके। प्रार्थी संजीव कुमार की ओर से अधिवक्ता भरत कुमार ने अदालत को बताया कि पूर्व आदेश का पूर्ण पालन नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि चेंजिंग रूम नदी तट से दूर बनाए गए हैं और मंदिर परिसर के आसपास अतिक्रमण अब भी बना हुआ है। ज्ञात हो कि यह अवमानना याचिका 11 अगस्त 2023 को जनहित याचिका में दिए गए आदेश के अनुपालन को लेकर दायर की गई है। उस आदेश में राज्य सरकार, पर्यटन विभाग, झारखंड पर्यटन विकास निगम और रामगढ़ जिला प्रशासन को मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण, स्थायी स्नान घाट, चेंजिंग रूम, शौचालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाएं और अतिक्रमण हटाने सहित कई आवश्यक निर्देश दिए गए थे।

### सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी...

इस बीच, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने मंगलवार को पुष्टि की कि 'बसीज' स्वयंसेवक बल के प्रमुख घोलमरेजा सोलेमानी की मौत भी अमेरिका-इजरायल के एक हमले में हुई है। ये मौतें 28 फरवरी 2026 से ईरान पर शुरू हुए अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमलों के बाद क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच हुई हैं। इन हमलों के जवाब में, ईरान और उसके क्षेत्रीय सहयोगियों ने पूरे मध्य पूर्व में इजरायली और अमेरिकी हितों पर हमले किए। विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के साथ किसी भी नए संपर्क की बात को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। पश्चिमी मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने अमेरिका के साथ तनाव कम करने या संघर्ष विराम पर बातचीत करने के प्रस्तावों को खारिज कर दिया।'तस्नीम' न्यूज एजेंसी के अनुसार, आईआरजीसी ने पहली बार इजरायल के खिलाफ एक नई 'हाज कासिम' बैलिस्टिक मिसाइल लांच की। इसे एक सटीक-निर्देशित हथियार बताया गया है, जिसका नाम मारे गए कमांडर कासिम सोलेमानी के नाम पर रखा गया है।

### लोकतंत्र में सेकेंड...

और नए विचारों से इस सदन को और अधिक सशक्त बनाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं एक महत्वपूर्ण बात कहना चाहूंगा कि लोकतंत्र में सेकंड ओपिनियन की बहुत बड़ी भूमिका होती है। जैसे हम अपने व्यक्तिगत जीवन में किसी महत्वपूर्ण निर्णय से पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेते हैं, उसी प्रकार इस सदन में भी विभिन्न सदस्यों के विचार और दृष्टिकोण मिलकर बहस को व्यापक बनाते हैं। यही विविधता हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। इसी भावना के साथ, मैं सभी सेवानिवृत्त हो रहे माननीय सदस्यों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं और उनके योगदान के लिए हृदय से धन्यवाद देता हूं। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, उपसभापति हरिवंश जी ने भी लंबे समय तक इस सदन की गरिमा को बनाए रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। उनका शांत स्वभाव, मृदुभाषिता और सभी का विश्वास जीतने की क्षमता सदैव प्रेरणादायक रही है। मैंने यह भी देखा है कि कठिन परिस्थितियों में अक्सर सदन के संचालन की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आती है, जिसे उन्होंने अत्यंत कुशलता से निभाया है। सदन के बाहर भी उपसभापति ने देश के विभिन्न कोनों में जाकर युवाओं से संवाद किया, उन्हें देश की परिस्थितियों से अवगत कराया और उनमें राष्ट्र के प्रति जागरूकता जगाने का कार्य किया। वे न केवल कलम के धनी हैं, बल्कि कर्मठ व्यक्तित्व के रूप में भी उन्होंने अपनी पहचान बनाई है।

**राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे सांसदों को सभापति ने दी विदाई :** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा के सेवानिवृत्त हो रहे और हाल ही में सेवानिवृत्त हुए सांसदों से मुलाकात की। बुधवार को इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कई केंद्रीय मंत्री तथा अन्य सांसद भी उपस्थित रहे। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आज हम अपने कुछ सम्मानित साथियों को विदाई दे रहे हैं, जो इस वर्ष अप्रैल से जुलाई के बीच अपने कार्यकाल की समाप्ति पर सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस अवधि में 20 राज्यों से कुल 59 सदस्य, जिनमें 9 महिला सदस्य भी शामिल हैं। सभापति ने सदन में कहा कि हमारे संविधान की व्यवस्था के अनुसार, हर दो वर्ष में इस सदन के एक-तिहाई सदस्य सेवानिवृत्त होते हैं, जिससे समय-समय पर सदन की संरचना में बदलाव आता रहता है। यह व्यवस्था एक ओर जहां सदन के कार्य में निरंतरता बनाए रखती है, वहीं दूसरी ओर नए सदस्यों को जुड़ने और अपने अनुभव व विचारों से सदन की कार्यवाही को समृद्ध करने का अवसर भी प्रदान करती है। यह प्रक्रिया वास्तव में इस सदन को हमारे विविधतापूर्ण राष्ट्र का एक सजीव प्रतिबिंब बनाती है। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों को सेवानिवृत्ति को अंत के रूप में नहीं, बल्कि नई जिम्मेदारियों और भूमिकाओं की शुरुआत के रूप में देखा जाना चाहिए। यह उस परंपरा का प्रतीक है जिसमें नए सदस्य नई ऊर्जा, नए विचार और प्रतिबद्धता के साथ इस संस्था की विरासत को आगे बढ़ाते हैं। वहीं, सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों का अनुभव और ज्ञान आने वाली पीढ़ियों के सांसदों का मार्गदर्शन करता रहेगा। सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों में कई प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधि और अनुभवी सांसद शामिल हैं, जिन्होंने लंबे समय तक देश की सेवा की है।सभापति ने कहा कि एचडी देवगौड़ा, जो भारत के पूर्व प्रधानमंत्री रहे हैं, एक ऐसे सम्मानित नेता हैं जिनकी उपस्थिति ने सदन की गरिमा को बढ़ाया है। अपने दीर्घ राजनीतिक और संसदीय अनुभव तथा किसानों और ग्रामीण समाज के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के कारण, उन्होंने सदन की बहसों को महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रदान किया है। वहीं, सदन को मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व और अनुभव का भी विशेष लाभ मिला है, जो राज्यसभा में विपक्ष के नेता रहे हैं। लोकसभा और राज्यसभा दोनों में उनके लंबे संसदीय जीवन ने उन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था की एक सशक्त आवाज बनाया है। सभापति ने कहा कि वह विशेष रूप से हरिवंश जी का उल्लेख करना चाहेंगे, जो राज्यसभा के उपसभापति हैं और जिनका कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 को समाप्त हो रहा है। उन्होंने सदन की कार्यवाही को गरिमा, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ संचालित किया है। संसदीय जीवन में आने से पहले पत्रकारिता और सार्वजनिक विमर्श में उनका समृद्ध अनुभव रहा है, जिसका लाभ उन्होंने सदन को दिया। एक उपसभापति के रूप में उन्होंने धैर्य, निष्पक्षता और विवेक के साथ सदन का संचालन किया, जिससे सभी पक्षों के सदस्यों का सम्मान और विश्वास प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय संसदीय मंचों जैसे इंटर-पार्लियामेंट्री यूनियन, कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन, ब्रिक्स संसदीय मंच, और पी 20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सदन की गरिमा और सुव्यवस्थित संचालन बनाए रखने में उनकी भूमिका सदैव स्मरणीय रहेगी। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि वह उपसभापतियों के पैनल के सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों के प्रति भी अपनी सराहना व्यक्त करते हैं, जिन्होंने अध्यक्षीय दायित्व निभाते हुए सदन की कार्यवाही को सुचारु रूप से चलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन सभी सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों में अनेक ऐसे व्यक्तित्व शामिल हैं जिन्होंने शासन और सार्वजनिक जीवन में उल्लेखनीय योगदान दिया है। देश की सेवा में उनके अनुभव और योगदान से इस सदन को निरंतर लाभ मिला है।

**संस्थाएं कायम रहती हैं, लेकिन लोगों के चेहरे बदलते रहते हैं :** राज्यसभा से कई सांसद सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इन सांसदों व सदन को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि समय अपनी गति से चलता रहता है। संस्थाएं कायम रहती हैं, लेकिन लोगों के चेहरे बदलते रहते हैं। जो साथी दोबारा चुनकर आ रहे हैं, उनका स्वागत है और जो यहां से सेवानिवृत्त होकर जा रहे हैं, वे सार्वजनिक जीवन में अपना योगदान आगे भी जारी रखेंगे। यहां का अनुभव उन्हें भविष्य में और अधिक सार्थक भूमिकाएं निभाने की क्षमता देगा। राज्यसभा में स्वयं मल्लिकार्जुन खड़गे का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है। इस पर उन्होंने कहा कि मैं स्वयं अपने लंबे संसदीय जीवन में पहली बार इस सदन का सदस्य बना और 16 फरवरी 2022 से नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभाली। अब मेरा पहला कार्यकाल पूरा होने जा रहा है, लेकिन यहां के अनुभव मेरे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहे हैं। उच्च सदन में मेरा अनुभव खट्टा-मीठा रहा है, लेकिन मैं मानता हूं कि इस सदन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नए प्रयासों की आवश्यकता है, ताकि यह देश और समाज को बेहतर दिशा दे सके।

### उपसभापति हरिवंश ने...

देश की राजनीति को करीब से समझने का मौका मिला। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की भी उन्होंने सराहना की और कहा कि उनकी शालीनता और संयम से बात रखने का तरीका हमेशा याद रहेगा। हरिवंश नारायण सिंह ने सदन के अनुभवों को याद करते हुए कहा कि वे खुद को एक ऐसे उपसभापति के रूप में देखते हैं, जो सदन में धैर्यपूर्वक सबकी बातें सुनता रहा। उन्होंने कहा कि इस भूमिका ने उन्हें एक अच्छा श्रोता बनने का संयम और धैर्य सिखाया। अपने व्यक्तिगत जीवन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनका जन्म एक ऐसे गांव में हुआ, जहां अक्सर बाढ़ आती थी। एक साधारण परिवार से निकलकर यहां तक पहुंचने की यात्रा का भी उन्होंने जिक्र किया। उन्होंने संसद के बदलते स्वरूप पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब वे पहली बार संसद में आए थे, तब सारी कार्यवाही कागजों पर होती थी। लेकिन, आज संसद पूरी तरह पेपरलेस हो गई है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। डिजिटल इंडिया की प्रगति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि केवल 10 सालों में गांवों की अर्थव्यवस्था भी डिजिटल हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने यूपीआई को दुनिया की सबसे बड़ी भुगतान प्रणाली बताया है। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने सभी सांसदों के साथ बिताए गए समय को याद करते हुए इसे एक समृद्ध अनुभव बताया और सभी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### ड्यूटी के दौरान...

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सहित एसएसबी के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी। जवान के साथियों से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो पाएगी। घटना के बाद मृतक जवान के परिवार में शोक का माहौल है, वहीं पूरे क्षेत्र में भी संवेदना व्यक्त की जा रही है। फिलहाल पुलिस और एसएसबी दोनों स्तर पर मामले की जांच जारी है।





# ईरान में संघर्ष कर रहे परिवारों के लिए ताजिकिस्तान ने बढ़ाया मदद का हाथ

## 3,610 टन मानवीय सहायता भेजी



**एजेंसी । नई दिल्ली**

युद्ध में लगातार संघर्ष कर रहे ईरान के लोगों के लिए ताजिकिस्तान ने बुधवार को 110 ट्रकों के काफिले में 3,610 टन मानवीय सहायता भेजी। ताजिकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा, "कुल 3,610 टन सामग्री, जिसमें 45 टन दवाइयां, बड़ी मात्रा में स्वच्छता और हाइजीन उत्पाद, बच्चों के कपड़े, विभिन्न खाद्य पदार्थ, घरेलू सामान, बिस्तर, टेंट, निर्माण सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) ने पिछले सप्ताह प्रारंभिक आकलनों का हवाला देते हुए बताया था कि चल रहे संघर्ष के कारण ईरान में 6 लाख से 10 लाख परिवार, जो लगभग 32 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, अस्थायी रूप से विस्थापित हो चुके हैं। यूएनएचसीआर के आपातकालीन और कार्यक्रम समर्थन निदेशक तथा मध्य पूर्व आपातकाल के लिए क्रॉस-रीजनल शरणार्थी प्रतिक्रिया समन्वयक ने कहा, "बताया जा रहा है कि इनमें से अधिकांश लोग तेहरान और अन्य बड़े शहरी क्षेत्रों से देश के उत्तरी हिस्सों और ग्रामीण इलाकों की ओर सुरक्षा के लिए पलायन कर रहे हैं। जैसे-जैसे संघर्ष जारी है, यह संख्या बढ़ने की संभावना है, जो मानवीय जरूरतों में चिंताजनक वृद्धि को दर्शाता है। देश में रह रहे शरणार्थी परिवार, खासकर अफगान, भी प्रभावित हैं, जो पहले से ही अस्थिर स्थिति और सीमित सहायता के कारण अधिक कमजोर हैं। बढ़ती असुरक्षा और आवश्यक सेवाओं तक सीमित पहुंच के कारण परिवार प्रभावित क्षेत्रों को छोड़ रहे हैं। इसमें यह भी बताया गया कि ईरान, जो लंबे समय से लगभग 16.5 लाख शरणार्थियों (मुख्य रूप से अफगानिस्तान से) की मेजबानी कर रहा है, वहां अमेरिका-इजरायल हमलों के बाद पहले दो दिनों में ही लगभग एक लाख लोग तेहरान छोड़कर चले गए।

इससे पहले संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावानी ने दावा किया था कि अमेरिका-इजरायल हवाई हमलों में कम से कम 1,332 ईरानी नागरिक, जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं, मारे गए हैं और हजारों लोग घायल हुए हैं। इस महीने की शुरुआत में न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इरावानी ने बताया कि देशभर में 180 से अधिक बच्चों की मौत हो चुकी है और 20 से ज्यादा स्कूलों को नुकसान पहुंचा है।

## रूस ने ईरानी नेताओं की मौत पर जताया खेद, क्रेमलिन बोला- ये अस्वीकार्य

**मास्को ।** रूस ने यूएस-इजरायल के ईरान पर किए जा रहे संयुक्त हमले की निंदा की है। क्रेमलिन का मानना है कि ये मौत नहीं शीर्ष नेताओं की "हत्या" है जो निंदनीय है। यह बयान ईरान के वरिष्ठ नेता अली लारीजानी की एयरस्ट्राइक में मौत के बाद आया। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने पत्रकारों के पूछे गए सवाल पर कहा, "हम संप्रभु और स्वतंत्र ईरान के साथ-साथ अन्य देशों के नेतृत्व से जुड़े सदस्यों की सेहत को नुकसान पहुंचाने, या उनकी हत्या करने अथवा उन्हें खत्म करने के उद्देश्य से की गई किसी भी कार्रवाई की स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं। हम ऐसी कार्रवाइयों की भर्त्सना करते हैं। पेस्कोव ने कहा कि किसी संप्रभु देश के नेताओं को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने ऐसे हमलों को "अस्वीकार्य" बताया और तत्काल संघर्ष रोकने व बातचीत शुरू करने की अपील की। मंगलवार को, ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख अली लारीजानी की मौत तेहरान में एक एयरस्ट्राइक में हुई। इस हमले में उनके बेटे और सुरक्षाकर्मी भी मारे गए। लारीजानी ईरान के प्रभावशाली नेताओं में से एक थे। वे पहले संसद अध्यक्ष और परमाणु वार्ताओं में प्रमुख भूमिका निभा चुके थे। हाल के संघर्ष में वे देश की सुरक्षा और सैन्य रणनीति के केंद्र में थे। मंगलवार को ही आईडीएफ, रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज, और फिर पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने मौत का दावा किया था जिसकी बाद में ईरान ने पुष्टि की। लारीजानी के अलावा बसिज कमांडर गुलामरेजा सुल्तानी भी हमले का शिकार हुए थे। बुधवार को तेहरान में लारीजानी और बसिज कमांडर गुलामरेजा सुल्तानी के जनाजे में हजारों की संख्या में लोग जुटे।

## गैस नहीं मिलने से ठप हुई 'अटल रसोई': कैंटीन बंद, गरीबों की 5 रुपये की थाली पर संकट

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** दिल्ली में गरीब और दिहाड़ी मजदूरों के लिए शुरू की गई 'अटल कैंटीन' योजना पर गैस संकट का असर दिखने लगा है। एलपीजी की कमी के कारण राजधानी की कम से कम चार अटल कैंटीनों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा है, जिससे रोज सस्ते भोजन पर निर्भर सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के दिन 25 दिसंबर को शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य शहर में काम करने वाले मजदूरों और निम्न आय वर्ग को सम्मान के साथ सस्ता भोजन उपलब्ध कराना था। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दक्षिणी दिल्ली के नेहरू नगर स्थित प्रताप कैंप में पहली अटल कैंटीन का उद्घाटन करते हुए कहा था कि यह पहल केवल भोजन उपलब्ध कराने की नहीं बल्कि गरीबों की गरिमा सुनिश्चित करने की कोशिश है।लेकिन हालात यह हैं कि राजधानी के नेहरू नगर, कालकाजी, अन्ना नगर (आईटीओ के पास) और आरके पुरम स्थित चार कैंटीनों में खाना बनना बंद हो गया है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और आपूर्ति बाधित होने से एलपीजी की उपलब्धता प्रभावित हुई है, जिसका सीधा असर इन रसोइयों पर पड़ा है।'इंडियन एक्सप्रेस' की संवाददाता दृष्टि की रिपोर्ट के अनुसार जब इन कैंटीनों का दौरा किया गया तो कई जगह ताले लटके मिले। कालकाजी की कैंटीन के बाहर हाथ से लिखा नोट चिपका था—"गैस आने तक कैंटीन बंद रहेगी।"दरअसल, पिछले वर्ष शुरू हुई इस योजना के तहत पहले चरण में 45 अटल कैंटीन खोली गई थीं। बाद में सरकार ने इनकी संख्या बढ़ाकर 73 कर दी और पूरे शहर में 100 कैंटीन खोलने का लक्ष्य रखा गया है। इन कैंटीनों में रोज दो समय भोजन परोसा जाता है—दोपहर 11:30 से 2 बजे तक और शाम 6:30 से 9 बजे तक। मात्र 5 रुपये में मिलने वाली थाली में सामान्यतः चावल, रोटी, दाल, सब्जी और अचार शामिल होता है।हालांकि गैस संकट के चलते पिछले दिनों कई कैंटीनों में आखिरी बार जो भोजन परोसा गया, उसमें केवल चावल और दाल ही उपलब्ध थी।जल विहार में रहने वाले 46 वर्षीय मजदूर सत्य मंडल बताते हैं कि वह रोजाना नेहरू नगर की कैंटीन में खाना खाते थे क्योंकि इससे उनका खर्च काफी कम हो जाता था। "परसों मैंने यहां खाना खाया था, लेकिन सिर्फ चावल और दाल मिली। सोमवार को आया तो कैंटीन बंद थी। अब होटल में खाना खा रहा हूं," उन्होंने कहा।स्थिति यह भी है कि कई मजदूर अपने घरों में खाना नहीं बना पा रहे हैं। मंडल का कहना है कि उनका गैस सिलेंडर खाली है और काले बाजार में एलपीजी 300 रुपये प्रति किलो तक बिक रही है।कैंटीन की देखभाल करने वाली सीमा बताती हैं कि पिछले दो दिनों में करीब 200 लोगों को बिना खाना खिलाए लौटाना पड़ा। "यहां रिक्शा चालक, मजदूर और दिहाड़ी कामगार रोज आते हैं, लेकिन पिछले हफ्ते से ऐसे लोग भी बढ़ गए हैं जिनके घरों में गैस खत्म हो गई है," उन्होंने कहा।योजना को लागू करने वाली एजेंसी दिल्ली अर्बन शेल्टर इम्प्रूवमेंट बोर्ड के प्रधान निदेशक पी.के. झा के मुताबिक जिन कैंटीनों में ताले लगे हैं, वहां खाना बनाने वाली एजेंसी के पास व्यावसायिक गैस कनेक्शन है जिसकी आपूर्ति फिलहाल सीमित कर दी गई है ताकि घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा सके।उन्होंने भरोसा दिलाया कि तेल विपणन कंपनियों के साथ बैठक कर समाधान तलाशा जा रहा है और जल्द ही इन कैंटीनों में सेवाएं बहाल कर दी जाएंगी। अधिकारियों के अनुसार दिल्ली की अटल कैंटीनों में प्रतिदिन करीब 45 हजार लोगों को भोजन परोसा जाता है।फिलहाल गैस संकट ने इस योजना के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। शहर के गरीबों के लिए 5 रुपये की थाली सिर्फ सस्ती नहीं बल्कि पेट भरने का भरोसा भी थी—जो अब कुछ दिनों के लिए ठहर गई है।

## लेबनान पर इजरायली हमले में टीवी चैनल के निदेशक की मौत

**एजेंसी । बेरूत**



लेबनान की राजधानी बेरूत में इजराइली हवाई हमले में हिजबुल्लाह से जुड़े टीवी चैनल अल-मनार के एक बड़े अधिकारी की मौत हो गई। अल-मनार टीवी ने बताया कि चैनल के राजनीतिक कार्यक्रमों के डायरेक्टर मोहम्मद शारी और उनकी पत्नी इस हमले में मारे गए। यह हमला बेरूत के जुकाक अल-ब्लात इलाके में किया गया। चैनल ने बताया कि हमले में मोहम्मद शारी के बच्चे और पोते-पोतियां भी घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लेबनान ने कहा कि इजरायल ने बुधवार तड़के बिना किसी चेतावनी के मध्य बेरूत पर हमला किया, जिसमें करीब बारह लोग मारे गए; वहीं इजरायली सेना ने घोषणा की कि वह देश के दक्षिणी हिस्से को निशाना बना रही है।

## जापानी पीएम का यूएस दौरा: ट्रंप के साथ करेंगी अहम बैठक, 'रेयर अर्थ' और 'एआई' पर समझौते की उम्मीद

**एजेंसी । टोक्यो**



जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची बुधवार रात तीन-दिवसीय दौरे पर वाशिंगटन के लिए रवाना होंगी। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत करेंगी, जिसका उद्देश्य एशिया में अमेरिका के एक अनिवार्य साझेदार के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करना है। अक्टूबर 2025 में पदभार संभालने के बाद तकाईची की यह पहली अमेरिका यात्रा है, तो 8 फरवरी को प्रतिनिधि सभा चुनाव में लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) की जीत के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। जापान के सरकारी अधिकारियों के अनुसार, तकाईची और ट्रंप गुरुवार को व्हाइट हाउस में एक बैठक करेंगे, जहां वे जापान-अमेरिका गठबंधन को और मजबूत करने और आर्थिक सुरक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। अधिकारियों के अनुसार, बैठक के बाद गुरुवार को ही ट्रंप तकाईची के लिए एक 'वर्किंग लंच' और रात के खाने (डिनर) का आयोजन करेंगे; यह जानकारी जापान स्थित 'क्योटो न्यूज' ने दी है। अधिकारियों ने बताया कि "मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र" के प्रति जापान और अमेरिका की मजबूत प्रतिबद्धता, तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और 'रेयर अर्थ' जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में उनके सहयोग पर भी, इस बैठक में चर्चा होने की संभावना है। टैरिफ (आयात शुल्क) को लेकर कई देशों के साथ अमेरिका के तनाव के बावजूद, दोनों नेता जुलाई में हुए द्विपक्षीय समझौते के सुचारू कार्यान्वयन की उम्मीद रखते हैं। इस समझौते के अनुसार, जापान ने ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, सेमीकंडक्टर और जहाज निर्माण जैसे रणनीतिक उद्योगों में अमेरिका स्थित परियोजनाओं में 550 अरब डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है।

## ओमान की खाड़ी के पास इंडियन नेवी ने बढ़ाई अपने वॉरशिप की तादाद

### भारतीय फ्लैग्ड शिप्स को कर रही है एस्कॉर्ट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वेस्ट एशिया में युद्ध जैसे हालातों ने दुनिया भर में एनर्जी सिक्योरिटी पर संकट के बादल खड़े कर दिए हैं। भारतीय फ्लैग्ड टैंकरों को 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' इलाके से आने की अनुमति है और वे आ भी रहे हैं। शिवालिक, नंदा देवी और 'जग लाडकी' भारतीय पोर्ट पर पहुंच चुकी हैं। इन तीनों जहाजों को भारतीय नौसेना ने सुरक्षित एस्कॉर्ट किया है। ओमान की खाड़ी के पास भारतीय नौसेना के 'मिशन बेस्ड डिप्लॉयमेंट' के तहत 2019 से एक वॉरशिप हमेशा तैनात रहता है। लेकिन मौजूदा हालातों को देखते हुए नौसेना ने इसकी संख्या बढ़ा दी है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, पहले इसकी संख्या 1 से बढ़ाकर 3 की गई थी।

अब इस इलाके में नौसेना के वॉरशिप की तादाद और बढ़ा दी गई है। हालांकि, यह संख्या कितनी बढ़ाई गई है, इसकी जानकारी साझा नहीं की गई है। इन वॉरशिप का काम भारतीय फ्लैग्ड शिप्स को एस्कॉर्ट कर सुरक्षित इलाके तक पहुंचाना है। भारत सरकार के मुताबिक, फिलहाल 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' के पश्चिम में 22 भारतीय जहाज मौजूद हैं।

# उप्र में योगी बाबा ने अंडों पर तारीख डालना अनिवार्य किया

**ब्यूरो**



- सिर्फ तारीख नहीं, नकली व 'स्टेरॉयड वाले' अंडों पर भी हो सख्ती
- मुर्गी का अंडा सामान्य तापमान पर 7 से 10 दिन तक ही सुरक्षित माना जाता है, फ्रीज़ में कुछ ज़्यादा
- एक हफ्ते बाद अंडे के अंदर बैक्टीरिया तेजी से बढ़ने लगते हैं, साल्मोनेल्ला जैसे बैक्टीरिया के कारण उल्टी, दस्त, पेट दर्द, बुखार व फूड पॉइजनिंग का खतरा बढ़ जाता है

**नई दिल्ली।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुछ न कुछ ऐसा करते रहते हैं , जिससे चर्चा ,खबरों व विवाद में बने रहते हैं। अपनी बात ,विचार और करनी तीनों से ही। फ़िलहाल योगी सरकार ने राज्य में जनता की सेहत को ध्यान में रखते हुए अंडों की बिक्री को लेकर नया नियम लागू करने का फैसला किया है। एक सप्ताह बाद 1 अप्रैल 2026 से उत्तर प्रदेश में बिकने वाले हर अंडे पर उत्पादन व एक्सपायरी डेट लिखना जरूरी होगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दुकानदार कई दिन या हफ्तों पुराने अंडों को "ताज़ा" बताकर न बेच सकें और उपभोक्ता खुद उसकी ताजगी जांच सकें।और मुर्गी का अंडा खाने वाले हिन्दू - मुसलमान या अन्य जाति के लोगों को टटका अंडा मिल सके। खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक मुर्गी का अंडा सामान्य तापमान पर करीब 7–10 दिन तक ही सुरक्षित माना जाता है, जबकि फ्रिज में रखने पर इसकी गुणवत्ता लगभग एक हफ्ते से कुछ ज्यादा दिन तक बनी रह सकती है। इसके बाद अंडे के अंदर बैक्टीरिया तेजी से बढ़ने लगते हैं। खासतौर पर साल्मोनेल्ला जैसे बैक्टीरिया के कारण उल्टी, दस्त, पेट दर्द, बुखार और फूड पॉइजनिंग का खतरा बढ़ जाता है। बच्चों, बुजुर्गों व कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों में यह संक्रमण ज्यादा गंभीर हो सकता है।हाल के वर्षों में बाजार में अंडों से जुड़ी मिलावट व धोखाधड़ी भी चिंता का विषय बन गई है। कई बार मुनाफे के लालच में कुछ व्यापारी बतख, टर्की या बटेर के अंडों को मुर्गी का अंडा बताकर बेच देते हैं। इन अंडों का आकार, पोषण और स्वाद अलग होता है, और अगर इन्हें ठीक से पकाया न जाए तो एलर्जी या पाचन संबंधी समस्या हो सकती है।इसके अलावा समय-समय पर "चाइनीज नकली अंडों" की खबरें भी सामने आती रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार ऐसे नकली अंडे कथित तौर पर रसायनों से बनाए जाते हैं। यदि ऐसे अंडे बाजार में पहुंच जाएं तो इनमें पोषण लगभग नहीं होता और रासायनिक तत्व पेट और लीवर के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं।पोल्ट्री सेक्टर में एक और चिंता मुर्गियों को स्टेरॉयड या हार्मोन जैसी दवाएं खिलाने को लेकर भी जताई जाती है, ताकि वे ज्यादा और बड़े अंडे दें। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे तरीकों से उत्पादित अंडों के लगातार सेवन से हार्मोन असंतुलन, मोटापा और मेटाबॉलिक समस्याओं का जोखिम बढ़ सकता है।विशेषज्ञों का कहना है कि सिर्फ अंडे पर तारीख लिख देना पर्याप्त नहीं है। सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि बाजार में बिक रहे अंडों की गुणवत्ता, भंडारण और स्त्रोत की नियमित जांच हो। क्योंकि अगर अंडा सही तरीके से रखा नहीं गया या पहले से संक्रमित है, तो केवल डेट लिखे होने से उपभोक्ता पूरी तरह सुरक्षित नहीं हो पाएंगे।यानी उपभोक्ताओं की सेहत की रक्षा के लिए जरूरी है कि अंडे पर तारीख के साथ-साथ सख्त गुणवत्ता जांच और निगरानी भी उतनी ही मजबूत हो।

## पाकिस्तान में 500 से अधिक लड़कियों का जबरन कराया गया धर्म परिवर्तन




**इस्लामाबाद ।** अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए काम करने वाले एक प्रमुख संगठन ने 2021 से 2025 के बीच पूरे पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाय की लड़कियों के अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन के एक चिंताजनक चलन की ओर ध्यान दिलाया है, जिसके तहत इस दौरान 515 मामले दर्ज किए गए। अलग-अलग आंकड़ों का हवाला देते हुए, वॉयस ऑफ पाकिस्तान माइनॉरिटी (वीओपीएम) ने बताया कि भले ही ये आंकड़े सिर्फ अंक लगें, लेकिन हर एक नंबर एक मानवीय त्रासदी को दिखाता है-"एक डरी हुई लड़की, एक तबाह परिवार, और एक ऐसा समुदाय जो लगातार डर के साए में जी रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, पीड़ितों में 69 प्रतिशत हिंदू लड़कियां हैं, उसके बाद 31 प्रतिशत ईसाई समुदाय से हैं, जबकि कुछ मामले सिख लड़कियों के भी हैं। वीओपीएम ने कहा, "ये आंकड़े उन अल्पसंख्यक समुदायों की कमजोरी को दिखाते हैं जो पहले से ही समाज के हाशिए पर जी रहे हैं।

## दोबारा जेल जाने से बचे राजपाल यादव

### चेक बाउंस केस में एक्टर को दिल्ली हाई कोर्ट से राहत

*बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता राजपाल यादव इन दिनों कानूनी मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। चेक बाउंस से जुड़े एक पुराने मामले में दिल्ली हाई कोर्ट में अहम सुनवाई हुई, जिसमें कोर्ट ने राजपाल यादव को फिलहाल जेल न भेजने का निर्णय लेकर बड़ी राहत दी है। सुनवाई के दौरान अभिनेता स्वयं कोर्ट में मौजूद रहे और उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि वह पहले ही एक बड़ी धनराशि का भुगतान कर चुके हैं।*




सुनवाई की शुरुआत में राजपाल यादव के वकील ने अदालत को सूचित किया कि उन्होंने नियमित जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। साथ ही, कोर्ट को बताया गया कि अभिनेता की अंतरिम जमानत की अवधि आज समाप्त हो रही थी। भुगतान के संबंध में जानकारी देते हुए वकील ने कहा कि 'मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड' को अब तक 4.25 करोड़ रुपये अदा किए जा चुके हैं और 25 लाख रुपये का डिमांड ड्राफ्ट आज जमा किया जा रहा है। इस पर अदालत ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि चूंकि अभिनेता ने पर्याप्त धनराशि का भुगतान कर दिया है, इसलिए उन्हें दोबारा जेल नहीं भेजा जा रहा है। कोर्ट रूम में मौजूद राजपाल यादव ने भावुक होते हुए अपना पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 2016 में जब डिक्री हुई थी, तब उन्हें 10.40 करोड़ रुपये देने का निर्देश दिया गया था। अभिनेता ने दावा किया कि उन्होंने भुगतान करने की पूरी कोशिश की और 2018 में अपने एक दोस्त की 28 करोड़ रुपये की संपत्ति के कागज भी पेश किए थे। राजपाल यादव ने एक दलील देते हुए कहा कि वह पहले ही 2 करोड़ रुपये दे चुके थे, लेकिन बाकी 8 करोड़ न दे पाने की स्थिति में दूसरी पार्टी ने उन्हें जेल भेजने की मांग की थी। अभिनेता ने तर्क दिया, 'मैंने उस 8 करोड़ रुपये की जगह जेल की सजा काट ली है। इसलिए तकनीकी रूप से वह पैसा अब खत्म हो जाना चाहिए क्योंकि मैं सजा पूरी कर चुका हूं।' उन्होंने यह भी जोड़ा कि फिल्म में 5 करोड़ नहीं बल्कि 22 करोड़ रुपये लगे थे, जिसके चक्कर में उनके 17 करोड़ रुपये बर्बाद हो गए।